■ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित
www.navbihartime.com
■ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

वर्ष : 35, अंक : 309
पृष्ठ : 12
औरंगाबाद, रविवार
13 अप्रैल 2025
मूल्य : 3.00 रुपये
रजि. नंबर : 52290/90

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

**देश और दुनिया के इतिहास में आज की प्रमुख घटनाएं**

**1984:** भारतीय क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान को 58 रनों से हराकर पहली बार एशिया कप जीता।
**2000:** लारा दत्ता मिस यूनिवर्स बनी।
**2003:** एल.टी.टी.ई. ने टोकियो सहायता सम्मेलन का बहिष्कार किया।
**2005:** विश्वनाथन आनन्द चौथी बार 'विश्व शतरंज चैम्पियन' बने।
**2013:** पेशावर में बस में धमाके से आठ लोगों की मौत हो गयी।

**एक बेहतरीन किताब 100 अच्छे दोस्त के बराबर है, लेकिन एक सर्वश्रेष्ठ दोस्त पुस्तकालय के बराबर है।**

# ग्रामीण विकास की हर योजना का बिहार में बहुत बेहतर और आदर्श क्रियान्वयन : शिवराज सिंह

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पटना में वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के साथ की बैठक

■ प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर पूरे बिहार में उत्साह का माहौल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना/नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान शनिवार को पटना (बिहार) के एक दिवसीय दौरे पर थे। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ नेताओं और अधिकारियों के साथ बैठक कर 24 अप्रैल को पंचायत राज दिवस के अवसर पर मधुबनी में होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने बिहार में ग्रामीण विकास की केंद्रीय योजनाओं की समीक्षा की।प्रधानमंत्री श्री मोदी के कार्यक्रम को लेकर पूरे बिहार में उत्साह का माहौल है। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कहा कि खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री जी जब यहां पधार रहे हैं, तो बिहारवासियों को आवासों की सौगात भी मिल रही है। श्री शिवराज सिंह ने बताया कि पिछले साल 7 लाख 90 हजार मकान प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत बिहार के पात्र भाइयों-बहनों को दिए गए थे, आवास प्लस की जो 2 सूची बनी थी, उसमें से लगभग 5 लाख



20 हजार मकान अभी बचे थे, अब 5 लाख 20 हजार मकान और बिहार के कच्चे मकानों में रहने वाले भाई-बहनों को पक्के मकान बनाने के लिए दिए जाएंगे तो कुल मिलाकर 7-8 महीने में 14 लाख मकान बिहार के हमारे भाई-बहनों को मिल रहे हैं और प्रधानमंत्री जी के हाथों जो नए स्वीकृत मकान हैं 5 लाख 20 हजार, उनके स्वीकृति पत्र और जो पहले से स्वीकृत मकान हैं, मकान बनाने के लिए जो अलग-अलग किस्तों में राशि दी जाती है, वो किस्त सिंगल क्लिक के माध्यम से हमारे भाई-बहनों के खाते में डाली जाएगी। शिवराज सिंह ने बताया कि आज जो मकान स्वीकृत हुए हैं, उनकी लागत 8 हजार करोड़ रुपए है। ये राशि गरीब भाई-बहनों को मकान बनाने के लिए मिलेगी और भी अनेकों योजनाएं हैं, जिनमें जो अपना मकान बना चुके हैं हमारे भाई-बहन, उनका गृह प्रवेश का कार्यक्रम भी होगा और बाकी कार्यक्रम भी पंचायत राज्य सम्मेलन के साथ-साथ बनाने की रचना अभी हो रही है। केंद्रीय मंत्री ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि मुझे खुशी है कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में ग्रामीण विकास की हर योजना का यहां बहुत बेहतर और आदर्श क्रियान्वयन हो रहा है। मैं बिहार सरकार को बहुत-बहुत बधाई देता हूं इन योजनाओं के आदर्श क्रियान्वयन के लिए। लखपति दीदी भी 3 लाख से ज्यादा यहां बन चुकी है और 20 लाख इसी वर्ष बनाने का लक्ष्य है, तो तेजी से हर कार्यक्रम को क्रियानवित करने का आदर्श काम बिहार की सरकार कर रही है। बैठक में केंद्रीय मंत्री पपपराजीव ललन सिंह और बिहार के वरिष्ठ नेता मौजूद रहे, जिनमें उपमुख्यमंत्रीगण और बिहार सरकार के मंत्री भी शामिल थे। श्री शिवराज सिंह ने इनके साथ तैयारियों की व्यापक समीक्षा की। पूरे बिहार में जबरदस्त उत्साह है और मधुबनी में लाखों लोग आएंगे। बहुत ऐतिहासिक कार्यक्रम होगा।

# स्कूल स्तर पर बच्चों को दी जाए सामान्य कानून की शिक्षा : कृष्ण कुमार मंटू

■ सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री ने सीएनएलयू में किया साइबर लॉ नेशनल मूट कोर्ट का उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राज्य के सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि देश के आम नागरिकों के लिए कानून की जानकारी बहुत जरूरी है। कानून की शिक्षा बच्चों को स्कूल की आठवीं कक्षा से ही दी जानी चाहिए क्योंकि रोज लोगों का सामना कानून से होता है। चाहे वह यातायात कानून हों या फिर सामान्य अपराध से जुड़े कानून। कानून की सामान्य जानकारी के अभाव में लोगों को कानूनी कार्रवाइयों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि अगर बच्चों को स्कूल स्तर पर ही कानून की सामान्य जानकारी होगी तो वे कानून का उल्लंघन नहीं करेंगे। इससे देश में कानून का पालन मजबूती से होगा और हमारी अदालतों में मुकदमों की संख्या में भी कमी आएगी। राज्य के सूचना एवं प्रावैधिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू शनिवार को चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में आयोजित साइबर लॉ नेशनल मूट कोर्ट कंपीटीशन- 2025 का उद्घाटन कर रहे थे। इसका आयोजन चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी और बिहार सरकार के सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इस मूट कोर्ट कंपीटीशन में देश के कुल 24 लॉ यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राएं भाग ले रही हैं। इस मौके पर चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. एसपी सिंह और राज्य के सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी भी मौजूद थे। मंत्री कृष्ण कुमार मंटू ने कहा कि देश में दो ऐसे पेशे हैं, जिनसे जुड़े लोगों को हम भगवान की तरह मानते हैं। इनमें चिकित्सा और वकालत शामिल है। लोगों का भरोसा इनपर सबसे अधिक है। आज साइबर क्राइम के मामलों में तेजी से वृद्धि हो रही है। यह एक ऐसा अपराध है जिसमें लोगों को अपराधियों की कोई जानकारी नहीं होती है और वे विदेशों में बैठकर लोगों के साथ अपराध करते हैं। इससे बचने का सबसे आसान तरीका यही है कि लोगों को कानून के साथ-साथ टेक्नोलॉजी की भी जानकारी हो। उन्होंने चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों की जमकर सराहना की। साथ ही, इस मूट कोर्ट कंपीटीशन में देश के विभिन्न लॉ यूनिवर्सिटी से भाग लेने आए छात्र-छात्राओं को पूरी ऊर्जा के साथ अपने राज्य और देश के लिए काम करने की अपील की। इस मौके पर चाणक्य नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार डॉ. एसपी सिंह ने कहा कि हाल के दिनों में साइबर अरेस्ट और साइबर ठगी के मामलों में तेजी से वृद्धि हुई है। इसका मुख्य कारण है हमारे देश में आनलाइन सेवाओं में हो रही तेजी से वृद्धि। हम इन सेवाओं में विकसित देशों से बराबरी कर रहे हैं। ऐसे में जरूरी है कि इससे जुड़े अपराधों का निपटारा भी ऑनलाइन किया जाए। सूचना एवं प्रावैधिकी विभाग के विशेष सचिव अरविन्द कुमार चौधरी ने कहा कि यह मूट कोर्ट कंपीटीशन कानून के छात्र-छात्राओं को एक बड़ा मंच देगा। देश में साइबर क्राइम की वारदातों में पिछले कुछ वर्षों में 300 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। जो आने वाले समय में हमारे लिए एक बड़ी चुनौती है।

# मुर्शिदाबाद हिंसा में तीन की मौत

**मुर्शिदाबाद/ कोलकाता (नबिटा ब्यूरो)।** पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में शुक्रवार को वक्फ (संशोधन) अधिनियम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हुआ। हिंसक प्रदर्शन के दौरान यहां तीन लोगों की मौत हो गई। वहीं मामला गंभीर होता देख कलकत्ता हाईकोर्ट ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। इस हिंसा के दौरान अब तक 138 से ज्यादा उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है। मुर्शिदाबाद हिंसा में दो और लोगों को गोली लगने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थिति अभी भी काफी तनावपूर्ण है। कलकत्ता हाइकोर्ट ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए इस जिले के प्रभावित क्षेत्रों में केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया है। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने मुर्शिदाबाद में केंद्रीय बलों की तैनाती की मांग करते हुए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी।

## संक्षिप्त समाचार

### सफाई कार्य के दौरान मजदूर की मौत

**पटना (नबिटा ब्यूरो)** पटना सिटी के खाजेकला थाना क्षेत्र में शनिवार को एक मजदूर की मौत हो गई। मदरसा गली में नाला सफाई के दौरान मजदूर की जान चली गई। मृतक की पहचान सादिकपुर मीना बाजार निवासी 30 वर्षीय अवधेश कुमार के रूप में हुई है। पटना नगर निगम में अस्थाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। घटना वार्ड संख्या 60 और 57 के बीच की है। अवधेश नाला सफाई के लिए नाले में उतरा था। इसी दौरान दूसरी तरफ से पानी का तेज बहाव आया। अवधेश बहाव में फंस गया। मौके पर मौजूद अन्य मजदूरों ने उसे बचाने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे नाले से बाहर निकाला गया। घायल अवधेश को तुरंत नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया। वहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### आईईडी ब्लास्ट में जवान शहीद

**पश्चिमी सिंहभूम (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र जराइकेला से बड़ी खबर आ रही है। शनिवार को जराइकेला थाना क्षेत्र के राधापोरा जंगल में नक्सल विरोधी अभियान के दौरान सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हो गयी। इस दौरान नक्सलियों द्वारा किए गए एक के बाद एक आईईडी बम ब्लास्ट में दो जवान विष्णु सैनी और सुनील धान घायल हो गए। प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें हेलीकॉप्टर से रांची ले जाया गया। सुनील धान की स्थिति काफी गंभीर थी। हादसे में वे शहीद हो गए। झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने शहादत पर शोक जताया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोबरा 203 बटालियन के हेड कांस्टेबल विष्णु सैनी का रांची में इलाज चल रहा है। झारखंड जगुआर के कांस्टेबल सुनील धान इस विस्फोट में शहीद हो गए। पश्चिम कोल्हान रेंज के डीआईजी मनोज रतन चौथे ने बताया कि सुरक्षा बलों को गुप्त सूचना मिली थी। इसी आधार पर राधापोरा जंगल में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा था। तभी नक्सलियों से आमना-सामना हो गया।

# राष्ट्रपति के पास पूर्ण वीटो का अधिकार नहीं, तीन महीने में बिल पर फैसला अनिवार्य : सुप्रीम कोर्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों के संबंध में बड़ा फैसला सुनाया है। शीर्ष अदालत ने इस संबंध में राष्ट्रपति को फैसला लेने के लिए तीन महीने की समय सीमा तय कर दी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस अवधि से अधिक देरी होने पर उचित कारण बताए जाने चाहिए और संबंधित राज्य को इसकी जानकारी दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने पहली बार राज्य विधानसभाओं द्वारा पारित विधेयकों पर निर्णय लेने के लिए राष्ट्रपति को तीन महीने की अवधि तय कर दी। यह फैसला तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि से जुड़े एक मामले के संबंध में आया। अदालत ने तमिलनाडु के राज्यपाल आर एन रवि की इस कार्रवाई को अवैध और गलत घोषित किया। राज्यपाल आर एन रवि द्वारा 10 विधेयकों को नवंबर 2023 में राष्ट्रपति के विचार के लिए भेजा गया जबकि राज्य विधानसभा उन पर पहले ही पुनर्विचार कर चुकी थी। न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने कहा कि राज्यपाल के पास किसी विधेयक पर 'पूर्ण वीटो' का प्रयोग करने का अधिकार नहीं है, 'हमें कोई कारण नहीं दिखता कि यही मानक अनुच्छेद 201 के तहत राष्ट्रपति पर भी लागू क्यों नहीं होगा।' पीठ ने अपने 415 पन्नों के फैसले में कहा, 'राष्ट्रपति इस डिफॉल्ट नियम का अपवाद नहीं है जो हमारे पूरे संविधान में व्याप्त है। ऐसी बेलगाम शक्तियां इन संवैधानिक पदों में से किसी में भी नहीं रह सकतीं।' पीठ की ओर से फैसला लिखने वाले न्यायमूर्ति पारदीवाला ने कहा कि बिना किसी औचित्य या आवश्यकता के अनुच्छेद 201 के तहत संदर्भ पर निर्णय लेने में राष्ट्रपति की ओर से की गई देरी, इस बुनियादी संवैधानिक सिद्धांत के विरुद्ध होगी कि शक्ति का प्रयोग मनमाना और स्वेच्छाचारी नहीं होना चाहिए।

# झारखंड में लोकतंत्र की नींव मजबूत : मुख्य चुनाव आयुक्त

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** चुनाव आयुक्त ने साफ किया है कि भारत का ईवीएम पूरी तरह से सुरक्षित है। इससे पहले अमेरिका की खुफिया विभाग की निदेशक तुलसी गबार्ड ने ईवीएम पर सवाल उठाए थे। जिसके बाद कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला ने भारत की चुनाव आयोग से सवाल किए थे। भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार इन दिनों झारखंड दौरे पर हैं। शनिवार को उन्होंने रामगढ़ जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। सबसे पहले उन्होंने रजरप्पा स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ मां छिन्नमस्तिका मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना और हवन किया। मंदिर में दर्शन के बाद मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सीसीएल गेस्ट हाउस, रजरप्पा में 'एक्सपीरियंस शेयरिंग कार्यक्रम' में भाग लिया। इस कार्यक्रम में उन्होंने लोकसभा और विधानसभा आम चुनाव, 2024 के दौरान सेवा देने वाले वॉलंटियर्स से बातचीत की। वॉलंटियर्स ने अपने चुनावी अनुभव साझा किए, जिन पर मुख्य चुनाव आयुक्त ने गंभीरता से चर्चा की और उनकी सराहना की। इस अवसर पर झारखंड के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार, एडिशनल सीईओ नेहा, रामगढ़ के उपायुक्त चंदन कुमार, पुलिस अधीक्षक अजय कुमार समेत



जिले के अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में वॉलंटियर्स उपस्थित रहे। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि झारखंड की देवभूमि पर आकर यहां के लोकतांत्रिक उत्साह को देखकर गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने कहा कि वॉलंटियर्स के साथ संवाद कर यह स्पष्ट हुआ कि झारखंड में लोकतंत्र की नींव मजबूत है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि 18 वर्ष की आयु पूरी होते ही अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि झारखंड में वर्तमान में निर्वाचन से जुड़ी कोई अपील जिला अधिकारियों या राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय में लंबित नहीं है। उन्होंने कहा, 'निर्वाचन आयोग की यह प्राथमिकता रही है कि हर मतदाता तक सही सूचना पहुंचे और उन्हें मतदान का अधिकार पूरी सुरक्षा और पारदर्शिता के साथ मिले।




# किसी भी परिस्थिति में किसानों को प्रभावित नहीं होने देगी सरकार : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उप मुख्यमंत्री-सह-कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने बताया कि हाल के दिनों में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आये आंधी व असमय वर्षापात के कारण किसानों की फसलों को क्षति पहुंचने की संभावना है। सभी जिलों से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर सरकार स्थिति का गहनता से मूल्यांकन कर रही है और आवश्यक राहत एवं सहायता कार्यों की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। आपदा और अवसर दोनों समय में राज्य के किसानों के साथ हम खड़े हैं। किसी भी स्थिति में हम अपने अन्नदाताओं का अहित नहीं होने देंगे । श्री सिन्हा ने बताया कि जिलों में व्यापक स्तर पर खेतों में खड़ी फसलों का तेज हवा और भारी वर्षा के कारण प्रभावित होने की संभावना व्यक्त की गई है जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हो सकता है। आंधी एवं वर्षापात से गेहूं, गर्मा मूंग, उड़द, तिल, मक्का, मुंगफली, पान, अरहर, केला, प्याज समेत कई उद्यानिक फसलों के प्रभावित होने की भी संभावना है। इनमें से कई फसलें कटाई के बिल्कुल निकट थीं जिससे किसानों को अधिक नुकसान होने की आशंका है। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने सभी जिला पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि भौतिक सत्यापन कर वास्तविक फसल क्षति का तत्काल आकलन करें। जिला पदाधिकारियों के स्तर से क्षति प्रतिवेदन प्राप्त होने पर प्रभावित किसानों को आवश्यक सहायता देने की कार्रवाई त्वरित गति से की जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जिला कृषि पदाधिकारियों को भी निर्देश दिया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों का त्वरित सर्वेक्षण करें और नुकसान का विस्तृत आकलन कर मुख्यालय को शीघ्र सूचित करें। इसके आधार पर सरकार किसानों के लिए मुआवजा एवं अन्य सहायता की व्यवस्था करेगी। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के सक्षम नेतृत्व में राज्य की सरकार किसानों को हर संभव सहायता पहुंचायेगी। उन्होंने कहा कि किसान हमारे अन्नदाता हैं और उनकी हर समस्या सरकार के लिए गंभीर सरोकार का विषय है। राज्य सरकार प्रभावित किसानों को पर्याप्त राहत पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकार की प्राथमिकता है कि किसानों को उनके नुकसान का उचित मुआवजा मिले।

## मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने की समीक्षा बैठक, दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री डॉ. सुनील कुमार ने विभागीय वरीय पदाधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री के द्वारा वर्तमान में संचालित योजनाओं की प्रगति, राज्य के विभिन्न पार्कों की अद्यतन स्थिति तथा मौजूदा वित्तीय वर्ष में पूर्ण एवं प्रगति पर चल रहे कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। बैठक के दौरान मंत्री ने अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन का निर्देश देते हुए कहा कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए विभागीय योजनाओं को जमीन पर प्रभावी ढंग से लागू करना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही उन्होंने पौधा रोपण अभियान में तेजी लाने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी प्रखंड और जिला स्तर के कार्यों की भी समीक्षा की। इस समीक्षा बैठक में बिहार राज्य के सभी प्रमुख पार्कों की स्थिति, वृक्षारोपण योजनाओं, जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जारी कार्यक्रमों तथा वन क्षेत्र विस्तार से जुड़ी परियोजनाओं की भी गहन समीक्षा की गई। बैठक में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आमजन की भागीदारी सुनिश्चित करते हुए योजनाओं को जमीनी स्तर पर उतारना विभाग प्राथमिकता होनी चाहिए।

## दिनदहाड़े बीच सड़क पर युवक को गोलियों से भूना, आठ खोखे बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के जहानाबाद रोड स्थित कैंब्रिज कोचिंग के ठीक सड़क के उस पर दिन दहाड़े बिच सड़क पर एक युवक को गोलियों से भून डाला। मौके पर पुलिस आठ खोखे बरामद की है। मृतख की पहचान पुरनचक निवासी जगदीश प्रसाद के पुत्र मुकेश कुमार उर्फ छोटन के (40वर्ष) के रूप में हुई है। दरअसल बताया जाता है कि छोटन खाना खाने के लिए एक होटल में गया था, होटल में काफी भीड़ थी ऐसे में फिर वापस उतर कर बाहर निकला ही था कि घात लगाये अपराधियों ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। सूत्रों के मुताबिक हमलावर अज्ञात बोलेरो से आए थे। सूचना मिलते ही मौके पर थानाध्यक्ष अनिल कुमार पूरी पुलिस टीम के साथ पहुंचे जहां घटनास्थल से शव को अपने कब्जे में लेते हुए अनुमंडल अस्पताल लाया गया जहां से उसे पोस्टमार्टम के लिए पटना भेजा गया है। मौके पर स्थानीय विधायक रेखा देवी पहुंची और हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर दोषियों को कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नभ वैभव ने बताया कि पूरे घटना की छानबीन चल रही है। बिंदुवार जांच होगी, एफएसएल की टीम बुलाई गई है। वैज्ञानिक अनुसंधान की जा रही है। आठ खोखे बरामद किए गए हैं। कोई पुरानी रंजिश में घटना घटी है। हाल फिलहाल में ही मुकेश कुमार प्रॉपर्टी डीलर का भी काम कर रहा था। उनके पिता जगदीश प्रसाद मसौढ़ी रोड में मां गारमेंट्स कपड़े का दुकान चलाते हैं।

## चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लिखा पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में पिछले दिनों हुई बारिश और तेज हवा से खेत में खड़ी फसलों को हुए नुकसान पर चिंता प्रकट करते हुए केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखकर उचित मुआवजा और मदद देने की अपील की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को लिखे पत्र में कहा है कि हाल ही में बिहार के विभिन्न जिलों में हुई भीषण और असमय वर्षा ने किसानों पर बुरा प्रभाव डाला है। खेतों में पकने को तैयार गेहूं की फसलें भारी बारिश के चलते बर्बाद हो गई हैं। किसान अब हताशा और निराशा की स्थिति में पहुंच गए हैं। खेतों में लहलहाती फसलें अब सड़ने लगी हैं जिससे किसानों की मेहनत, उम्मीदें और जीविका एक साथ डूब गई हैं। चिराग पासवान ने लिखा है कि प्रदेश के लाखों किसानों के सामने इस भीषण प्राकृतिक आपदा ने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा कर दिया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए किसानों के जीवन और भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए त्वरित और ठोस कदम उठाना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि उनकी पार्टी की मांग है कि असमय वर्षा को राज्य आपदा घोषित किया जाए, ताकि आपदा राहत कोष से प्रभावित किसानों को तत्काल सहायता प्रदान

## महावीर जयंती और बैसाखी पर डॉ. प्रेम कुमार ने दी शुभकामनाएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बिहार सरकार में कैबिनेट मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. प्रेम कुमार ने महावीर जयंती और बैसाखी पर्व के अवसर पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने भगवान महावीर की पूजा कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि राम जिनके कण-कण में, तन-मन में और हृदय में बसे हों, वही हैं महावीर हनुमान। उन्होंने प्रार्थना की कि हनुमानजी की कृपा राज्यवासियों पर बनी रहे और सब संकट दूर हों। डॉ. प्रेम कुमार ने बैसाखी पर्व की पूर्व संध्या पर भी प्रदेशवासियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि बैसाखी पंजाब और हरियाणा में धूमधाम से मनाया जाने वाला प्रमुख पर्व है। सिख समुदाय इसे नववर्ष के रूप में मनाता है। इसी दिन दसवें गुरु गोविंद सिंह जी ने खालसा पंथ की स्थापना की थी, इसलिए यह पर्व विशेष महत्व रखता है। उन्होंने कहा कि बसंत ऋतु के आगमन के साथ खेत-खलिहान नई फसल से भर उठते हैं। आम के पेड़ों पर टिकोले आने लगते हैं और किसानों की खुशियां चारों ओर फैल जाती हैं। डॉ. कुमार ने कामना की कि यह नववर्ष सभी के जीवन में नई उमंग और खुशियां लेकर आए।

## हाशिए के लोगों को अधिकार दिलाने में डॉ अंबेडकर का योगदान अतुलनीय : रवि ज्योति

### ▶ अंबेडकर व्यक्ति नहीं विचारधारा हैं : प्रो रघुनाथ कच्छवे

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**बिहारशरीफ।** बिहार विधान के पूर्व सदस्य एवं सामाजिक कार्यकर्ता रवि ज्योति ने कहा है कि डॉ. बी.आर. अंबेडकर का भारतीय समाज में योगदान विशाल, विविध व अतुलनीय है। उन्होंने एक समाज सुधारक, अर्थशास्त्री, राजनेता और कानूनविद् के रूप में देश की असीम सेवा की। उन्हें भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार होने से लेकर दलित वर्गों के लिए समानता और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ने और उन्हें न्याय दिलाने वाले एक योद्धा के रूप में जाना जाता है।

वे शनिवार को नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र (बीएड) विभाग में भारत रत्न डॉ भीम राव आंबेडकर जयंती के अवसर पर 'भारतीय समाज और डॉ बी आर आंबेडकर' विषय पर बतौर मुख्य अतिथि छात्र-छात्राओं को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि अंग्रेजी विभागाध्यक्ष प्रोफेसर (डॉ) रघुनाथ प्रसाद कच्छवे ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने अपने पूरे जीवन में दलितों और हाशिए पर रहने वाले समूहों के अधिकारों के लिए जोरदार अभियान चलाया। उनके प्रयासों से ही देश में सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा मिला। विशिष्ट वक्ता दर्शनशास्त्री प्रोफेसर (डॉ) प्रभास कुमार ने कहा कि बाबा साहेब डॉ आंबेडकर ने भारतीय संविधान को इस तरह से आकार दिया कि भारत के सभी नागरिकों के लिए न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सुनिश्चित हो सके। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बीएड विभागाध्यक्ष डॉ ध्रुव कुमार ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने शिक्षा के महत्व को समझते हुए दलितों के बीच शिक्षा को बढ़ावा देने और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार लाने के उद्देश्य से बहिष्कृतों के कल्याण के लिए बहिष्कृत हितकारी सभा की स्थापना की। उन्होंने दलितों को आवाज देने के लिए मूकनायक, बहिष्कृत भारत और समता जनता आदि कई पत्रिकाओं का प्रकाशन शुरू किया। उन्होंने भारतीय समाज को जागरूक करने के लिए तीन से अधिक राजनीतिक दलों की स्थापना की। वे भारतीय इतिहास में एक महान व्यक्तित्व और युग पुरुष हैं। अपने असंख्य योगदानों के माध्यम से उन्होंने देश के सामाजिक- सांस्कृतिक और राजनीतिक परिदृश्य पर एक स्थायी छाप छोड़ी है। कार्यक्रम का संचालन डॉ संगीता कुमारी ने किया। इस अवसर पर डॉ प्रशांत, डॉ अपर्णा, विनोद कुमार, राजीव कुमार, मनीष कुमार, पशुपति कुमार, समी कुमारी, रूबी कुमारी, अमृता कुमारी, ऋषिकेश कुमार, गौरव कुमार, अदिति कुमारी सहित प्रथम एवं द्वितीय वर्ष की छात्र -छात्राओं ने भी विचार व्यक्त किए।

## शक्तिधाम में हनुमान जयंती पर सुन्दरकाण्ड का पाठ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** शक्तिधाम मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर शक्तिधाम के मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि हनुमान जयंती चैत्र माह की पूर्णिमा को मनाया जाता है। माना जाता है कि इसी दिन हनुमानजी का जन्म हुआ था। इस दिन श्री हनुमान जी की भक्ति पूर्वक आराधना करनी चाहिए। मौके पर शक्तिधाम महिला मंडल की सैकड़ों महिलाओं द्वारा सामूहिक रूप से बड़े हीं भक्ति भाव के साथ सुंदरकांड का पाठ किया गया। प्रातः से ही शक्तिधाम मंदिर में भक्तजनों का तांता लगा रहा। आज की पूजा के मुख्य यजमान जय प्रकाश तोदी एवं कविता तोदी थे। शक्तिधाम में आज हनुमानजी का विशेष श्रृंगार किया गया, सवा मन लड्डू का प्रसाद चढ़ाया गया तथा महिलायें भक्तिभाव से हनुमान जी की आरती कर रही थी। मौके पर पंडित शंकर शर्मा ने कहा कि माना जाता है कि महाभारत युद्ध के समय अर्जुन के रथ का ध्वज थाम कर महावीर हनुमान बैठे थे। इसी कारण तीखे वाणों से भी अर्जुन का रथ पीछे नहीं होता था और संपूर्ण युद्ध के दौरान अर्जुन के रथ का ध्वज लहराता रहा। मौके पर शक्तिधाम के सचिव रमेश मोदी ने बताया कि सुंदरकांड पाठ के बाद श्याम मंडल पटना द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। सुन्दर काण्ड का पाठ मोहित शर्मा के नेतृत्व में हुआ जिसमें शकुंतला अग्रवाल एवं अनुसुईया खेतान आदि ने पाठ किया तथा सैकड़ों पुरुष एवं महिलाओं ने भाग लिया। पाठ की समाप्ति पर सभी भक्तजनों को प्रसाद वितरण किया गया। आज के इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य भूमिका अमर अग्रवाल, रमेश मोदी, अक्षय अग्रवाल, निर्मल अग्रवाल, शंकर शर्मा, राज कुमार खेमका, सतीश अग्रवाल, विमल माधोगाड़िया, रवि केडिया, दीपक भुवानिया, रमेश रमेश अग्रवाल, मोहन सर्राफ तथा शक्तिधाम के अन्य पदाधिकारियों की रही।

## होटल मौर्या में दो दिवसीय बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी का शुभारंभ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** बुटिक्स ऑफ इंडिया प्रदर्शनी के 36 वें संस्करण का उद्घाटन शनिवार को स्थानीय होटल मौर्या में किया गया। इस दो दिवसीय प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि सुषमा साहू, मोनिका सिंह, डॉ. बिन्दा सिंह, आकांक्षा श्री एवं बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। 12 और 13 अप्रैल को आयोजित इस दो दिवसीय प्रदर्शनी में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें देश के विभिन्न राज्यों के डिजाइनर ज्वेलरी, कपड़े, घरेलू सजावट उत्पाद, राखी, फुटवेयर्स आदि ग्राहकों के लिए उपलब्ध हैं। इस अवसर पर उपस्थित बुटिक्स ऑफ इंडिया के संस्थापक एवं सीईओ संजय अग्रवाल ने बताया कि हम इस बार ग्राहकों के लिए वेडिंग सीजन को ध्यान में रखते हुए इस प्रदर्शनी को यहां लेकर आए हैं। यहां ग्राहक विभिन्न प्रकार के उत्पादों से अपनी जरूरतों को पूरा कर सकते हैं। इस प्रदर्शनी में वेडिंग सीजन के खास कलेक्शंस को शामिल किया गया है। फैशन में स्थानीय पसंद को ध्यान में रखते हुए पूरे देश से प्रीमियम ब्रांडों को इस प्रदर्शनी के लिए चयनित किया गया है। यह प्रदर्शनी सुबह 11 बजे से रात 8 बजे तक खुला रहेगा। संजय अग्रवाल ने कहा कि बीओआई न केवल खरीदारी करने का स्थान है, बल्कि यह कई छोटे नवोदित उद्यमी लोगों के लिए एक व्यापार मंच भी है, जो जीवन में कुछ बड़ा करने का सपना देखते हैं। उन्होंने कहा कि इस दो दिवसीय कार्यक्रम में सभी लोगों का प्रवेश निःशुल्क होगा और यह सभी के लिए खुला रहेगा जिससे दुकानदारों को अपनी आवश्यकताओं को पूरा करने का एक अच्छा अवसर मिलेगा।

## इंटर सर्टिफिकेट देने के नाम पर नजराना वसूली के खिलाफ छात्रों का हंगामा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** मसौढ़ी स्थित श्रीमती गिरिजा कुंवर हाई स्कूल में शनिवार को उस वक्त छात्र-छात्राओं का हो हंगामा होने लगा जब सर्टिफिकेट लेने के दौरान स्कूल के कर्मचारियों ने पैसा की मांग की जिसको लेकर छात्र-छात्राओं ने जमकर हो हल्ला मचाया। सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस पहुंची और हंगामे को संभालते हुए छात्रों को समझाया और वही कर्मचारियों को छात्रों से बिना पैसा लिये सर्टिफिकेट देने की बात और चेताया की अगली बार अगर पैसा लेने का आरोप लगेगा तो छात्र छात्राओं के बयान पर कार्रवाई होगी। दरअसल वर्ष 2023 में इंटर परीक्षा में पास हुए छात्रों का मूल प्रमाण पत्र का मामला था। आक्रोशित छात्राओं में आरती कुमारी पिंकी कुमारी रुबी कुमारी प्रिंस कुमार अंशु कुमारी संजना कुमारी कुंदन कुमार समेत कई छात्र-छात्राओं ने पैसा लेने का आरोप लगाया। मौके पर पहुंचे मुकुल शर्मा मृत्युंजय पेरीयार, आशीष देव ने भी छात्र-छात्राओं के आरोप को लेकर स्कूल प्रबंधन को चेताया कि बिना पैसा लिये छात्र-छात्राओं को सर्टिफिकेट दे और अगर पैसा के लिए परेशान करेंगे तो छात्र अब चुप नहीं रहेंगे।

### भू-राजस्व मंत्री संजय सरावगी ने की विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा

## रैयतों को हो रही परेशानी दूर करने के दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने शनिवार को राज्य में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बंदोबस्त कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा की। राज्य के सभी 38 जिलों के बंदोबस्त पदाधिकारियों के साथ भू-अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय में हुई समीक्षा बैठक में राज्य में प्रथम चरण अंतर्गत 20 जिलों के 89 अंचलों के 5657 गांव में चल रहे विशेष सर्वेक्षण की धीमी प्रगति पर चिंता व्यक्त की गई। सभी जिम्मेवार अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रथम चरण के सभी राजस्व ग्रामों का विशेष सर्वेक्षण कार्य यथाशीघ्र पूर्ण किया जाय। इस दौरान मंत्री अपर मुख्य सचिव और सचिव ने प्रत्येक जिले के बंदोबस्त पदाधिकारियों के हर स्तर पर किये गए कार्यों की समीक्षा की और सभी से कार्य पूर्ण करने के लिए उनकी सहमति से टारगेट फिक्स किया गया। इस दौरान मंत्री सरावगी ने कहा कि सभी अधिकारी नियमित रूप से विशेष सर्वेक्षण शिविरों के कार्यों का निरीक्षण सुनिश्चित कर रैयतों को हो रही परेशानियों को दूर करें। उन्होंने कहा कि इस कार्य की मॉनिटरिंग मुख्यालय में अधिकारियों की टीम कर रही है और फील्ड में आनेवाली दिक्कतों को दूर कर रही है। दूसरे चरण के विशेष सर्वेक्षण के जिलों में स्वघोषणा एवं वंशावली जमा करने में तेजी लाने का निर्देश देते हुए मंत्री ने कहा कि पूर्वी तथा पश्चिमी चंपारण में रैयतों द्वारा द्वितीय चरण में स्वघोषणा एवं वंशावली प्राप्त किये जाने संबंधी कार्य की प्रगति बहुत धीमी है। उन्होंने इस पर असंतोष व्यक्त किया और संबंधित अधिकारियों को इसमें गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पदाधिकारियों को रैयतों के मध्य जाने और उन्हें जागरूक कर गति को और तेज करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विशेष सर्वेक्षण कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु रैयतों को जागरूक करना अति आवश्यक है। मंत्री ने यह भी कहा कि सर्वे कार्यक्रम में किसी भी पदाधिकारी/कर्मी के विरुद्ध कोई भी गंभीर शिकायत प्राप्त होती है तो उनके विरुद्ध निश्चित रूप से सख्त कार्रवाई की जाएगी। इससे पहले अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने बंदोबस्त पदाधिकारियों को संबोधित करते हुये कहा कि विशेष सर्वेक्षण के दौरान रैयतों की सुविधा के किये जा रहे लगातार सुधार किये जा रहे हैं। सर्वेक्षण के कार्य में लगे पदाधिकारियों का दायित्व है कि नीचे के कर्मियों तक सभी निर्देश पहुंचाने के लिए लगातार उनके साथ बैठक की जाये। सचिव जय सिंह ने कहा कि सभी अधिकारी सप्ताह में शिविरों का निरीक्षण सुनिश्चित करें। इससे रैयतों की परेशानी दूर की जा सकेगी। मौके पर निदेशक कमलेश कुमार सिंह, संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय, बीरेंद्र कुमार, शैलेश कुमार श्रीवास्तव, मोना झा, नवाजिश समेत सर्वे कार्य से जुड़े कई अन्य अधिकारी-कर्मी उपस्थित थे।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सहयोग से मसौढ़ी जेल में नशा मुक्ति जागरूकता



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** जिला विधि सेवा प्राधिकरण के सहयोग से उपकारा मसौढ़ी में लॉ फाउंडेशन के द्वारा ड्रग डी एडिक्शन यानी नशा मुक्ति पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित की गई। इस कार्यक्रम में कैदियों के साथ बातचीत कर नशीली पदार्थ का सेवन से होने वाले दुष्प्रभाव, नशा करके गलत कामों को अंजाम देना आदि मुद्दों पर विस्तारपूर्वक चर्चा कर जानकारी दी गई और कैदियों से भी जानकारी लिया गया और नशा से दूर होकर परिवार के साथ सम्मानपूर्वक व खुशहाल जीवन व्यतीत करने की अपील की गई। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि जब आप नशा करते हैं तो आपका दिमाग आपके कंट्रोल में नहीं रहता है और उससे अपराधिक प्रवृत्ति की क्षमता बढ़ जाती है और कई क्राइम लोग करते हैं ऐसे में इस नशा से दूर रहे। इस मौके पर लॉ फाउंडेशन से एडवोकेट खालिद कुरैशी, सामाजिक कार्यकर्ता रंजन, जेल सहायक अधीक्षक राजेश कुमार, डीएलएसए पैनल एडवोकेट विमल कुमार व जेल चिकित्सक सहित दर्जनों कैदी उपस्थित रहे।

## बुजुर्गों के हितों की रक्षा करे भारतीय मानवाधिकार परिवार: डॉ. बी.बी. सिन्हा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** भारतीय मानवाधिकार परिवार की बिहार प्रदेश इकाई की प्रदेश स्तरीय बैठक गांधी मैदान स्थित भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी शाखा के सभागार में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने की जबकि उद्घाटन भारतीय रेडक्रॉस सोसायटी के चेयरमैन डॉक्टर विनय बहादुर सिन्हा ने किया। बैठक की शुरूआत में डॉक्टर सिन्हा को माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। तत्पश्चात उन्होंने उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों को माला एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। अपने उद्घाटन भाषण में डॉक्टर सिन्हा ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी प्रारंभिक दौर से ही मानवाधिकार की रक्षा में सक्रिय रही है। उन्होंने बुजुर्गों के अधिकारों की ओर विशेष ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आज वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है। तालेबंद घरों में उनकी लाशें मिलना इस बात का प्रमाण है कि यह गंभीर मानवाधिकार हनन का विषय बन चुका है। प्रदेश अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह ने स्वागत भाषण में संगठन की गतिविधियों की चर्चा करते हुए बताया कि इसे गांव-गांव तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मानवाधिकार से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सरकार का ध्यान आकृष्ट कराना संगठन का प्रमुख उद्देश्य है। बैठक में डॉक्टर मुख्तारुल हक ने बाल अधिकारों को मानवाधिकार से जोड़ने की आवश्यकता बताई। प्रदेश सचिव सत्येंद्र शांडिल्य, मेडिकल सेल के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर मुकुल कुमार सिंह, विभा वाणी के प्रदेश संयोजक रंजय रंजन सिंह, रेडक्रॉस के मुख्य वित्त पदाधिकारी इंदुभूषण, बैंकर्स क्लब के सचिव गोपाल प्रसाद, प्रशाखा पदाधिकारी रवींद्र कुमार सिन्हा, सहायक सचिव शहाबुद्दीन, तथा टीबी एसोसिएशन के सचिव डॉक्टर आसिफ राजा ने भी विचार व्यक्त किए। मानवाधिकार कार्यकर्ता विनोद भाटी ने कहा कि कुछ असामाजिक तत्व मानवाधिकार का दुरुपयोग कर कानून व्यवस्था को चुनौती दे रहे हैं। ऐसे मामलों में सुधार की आवश्यकता है।बैठक का संचालन प्रदेश प्रवक्ता अजय कुमार सिंह ने किया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों को आई कार्ड एवं मानवाधिकार परिवार की पत्रिका वितरित की गई। बैठक के अंत में यह निर्णय लिया गया कि अगली बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरीश अवस्थी को आमंत्रित किया जाएगा।

## हनुमान जी की प्रभु भक्ति अनुकरणीय : अजय प्रकाश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** हनुमान जयंती के अवसर पर राजा बाबू की गली पटना सिटी स्थित श्री श्याम मंदिर में अजेय रामदूत फाउंडेशन द्वारा हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय प्रकाश ने बताया कि भगवान हनुमान से हमें ईश्वर भक्ति का ज्ञान प्राप्त होता है। हनुमान जी से हम सीखते हैं कि ईश्वर की भक्ति कर जीवन के संपूर्ण कार्यों की सिद्धि सफलतापूर्वक हो जाती है। फाउंडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विकास कुमार मौड़ीवाल ने कहा कि इस मंदिर में कलयुग के दो जीवित देवता हारे के सहारे श्री खाटू श्याम जी एवं पवन पुत्र हनुमान जी लोगों का विघ्न दूर करते हैं। इस अवसर पर सभी को श्री राम अंग वस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया तथा दस समाजसेवियों को सनातन सम्मान से सम्मानित किया गया। हनुमान चालीसा का वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में विकास कुमार गुप्ता, अजय कुमार, उषा सिंह, राहुल मेहता, अनिल कुमार, निक्की कुमारी, मधु देवी, शुभम कुमार, मनीष कुमार, गोपी जी, सोनू कुमार सहित सैकड़ों श्रद्धालु और भक्तजन उपस्थित होकर हनुमान चालीसा का पाठ किया सभी के बीच प्रसाद वितरण किया गया।

# शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के एसपी सहित 35 पुलिस अधिकारी और पांच नागरिक हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास,भोजपुर, बक्सर व कैमूर में बेहतर कार्य करने वाले 35 पुलिस कर्मियों समेत पांच नागरिकों को शनिवार को सम्मानित किया गया। डीआईजी डॉ सत्य प्रकाश ने बताया कि डीजीपी के निर्देशानुसार प्रक्षेत्र स्तर पर बिहार पारितोषित वितरण समारोह का आयोजन किया गया जिसमें कांडों के उद्भेदन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोहतास जिला के 12, बक्सर के 10 कैमूर जिला बल के 13 पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को प्रशस्तिपत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया गया। वहीं बक्सर जिले के दो नागरिकों भोजपुर जिले के तीन नागरिकों को सड़क हादसे में घायलों को अस्पताल पहुंचाने के सम्मानित किया गया। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छी पहल है। दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को इनाम देना एक प्रेरणादायक कदम हो सकता है जो लोगों को दूसरों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित कर सकता है।



उन्होंने कहा कि यह पहल न केवल घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा प्रदान करने में मदद करेगी, बल्कि यह समाज में एक सकारात्मक संदेश भी देगी कि हम एक दूसरे की मदद करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि घायलों को जल्दी से अस्पताल पहुंचाने से उनकी जान बचाई जा सकती है और उनके इलाज में सुधार हो सकता है। यह पहल लोगों को सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को बढ़ावा दे सकती है और उन्हें दूसरों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। यह पहल सामुदायिक एकता को बढ़ावा दे सकती है और लोगों को एक दूसरे के साथ जुड़ने के लिए प्रोत्साहित कर सकती है। उन्होंने कहा कि भोजपुर जिले के तीन लोगों की यह पहल एक अच्छा उदाहरण है कि कैसे हम समाज में सकारात्मक परिवर्तन ला सकते हैं और दूसरों की मदद करने के लिए प्रोत्साहित कर सकते हैं। रोहतास में सम्मानित होने वाले टीम के अन्य सदस्यों में पुलिस निरीक्षक ललन प्रसाद, बृजेश कुमार सिंह, सुशांत कुमार मंडल, राहुल, सिपाही अमरेश कुमार, सुनील कुमार, मुकेश कुमार, राजीव रंजन कुमार, अविनाश कुमार, अमित कुमार, धर्मेंद्र कुमार, पंकज कुमार पांडेय शामिल है। इन्हें नगद राशि और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। बक्सर के एसपी, एसडीपीओ सदर धीरज कुमार, पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार, सुधीर कुमार, राकेश कुमार, अरविंद कुमार, यूसुफ अंसारी, मंगलेश कुमार मधुकर, एसआई विकास कुमार, चंदन कुमार व सिपाही विकास कुमार को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि कैमूर जिले के दो कांडों के उद्भेदन के मामले एसपी, एसडीपीओ समेत 13 पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। कुदरा थाना में वाहन चोरी से संबंधित मामले में गठित टीम द्वारा रांची पुलिस के सहयोग से अंतरराज्यीय चोर गिरोह के 10 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। चोरी के सात स्कॉर्पियो बरामद किया गया था। वहीं कुदरा थाने क्षेत्र से डेढ़ साल के बच्चे को खेलने के क्रम में चोरी कर लिए जाने से संबंधित मामले में गठित टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण के आधार पर बच्चों को बरामद करने का मामला शामिल है। इस मामले में सात अभियुक्तों की गिरफ्तारी तथा मोबाइल स्कॉर्पियो आदि की बरामदगी की गयी। एसपी ललित मोहन शर्मा, एस सीडीपीओ शिव शंकर कुमार को प्रशस्ति पत्र और पुलिस निरीक्षक अवधेश कुमार, सिपाही टिंकू कुमार, बंटी शर्मा कृष्ण मुरारी कुमार को प्रशस्ति पत्र व नगद राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। वहीं बच्चे की बरामदगी के मामले में कैमूर के एसपी, पुलिस निरीक्षक संजय कुमार रजक, एसआई विकास कुमार, सिपाही अमीनुल हक, अरुण कुमार, रवि राजन अकेला, कृष्ण मुरारी कुमार को सम्मानित किया गया। मौके पर चारों जिलों के एसपी मौजूद थे।

## एसपी रौशन कुमार हुए सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रामनवमी के दौरान विधि व्यवस्था बनाए रखने में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए डीआईजी द्वारा प्रक्षेत्र के चारों जिलों के एसपी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि चारों जिलों के एसपी को रामनवमी जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में उनके योगदान, शांति और सौहार्द बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। रोहतास के एसपी रौशन कुमार, कैमूर के हरिमोहन शुक्ला, भोजपुर के श्री राज व बक्सर के शुभम आर्य को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।



## एक नजर

### तेज रफ्तार कार ने ली डाक्टर की जान

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** शनिवार को कोलडिपो स्थित सखरा नहर के समीप एक तेज रफ्तार कार ने ली एक प्राइवेट डाक्टर की जान, मुफस्सिल थाना क्षेत्र के ग्राम कौवा खोच निवासी स्वर्गीय बंधु सिंह के 55 वर्षीय पुत्र रविन्द्र सिंह अपने बाइक से दवा लेने के लिए डिहरी बाजार आ रहे थे। पीछे से तेज रफ्तार कार ने बाइक में जोरदार धक्का मार दिया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि रविन्द्र सिंह अपने प्राईवेट क्लीनिक चलाते थे। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया। मौके से कार चालक फरार हो गया। पुलिस ने घटनास्थल से दोनों वाहनों को थाना लाया गया।

### नाबालिग के लापता होने की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** कैनाल रोड निवासी मीरा देवी ने नौ वर्षीय पुत्री मनीषा कुमारी के गायब करने की प्राथमिकी पड़ोसी ममता देवी समेत चार लोगों पर किया है। पुलिस प्राथमिकी कर मामले की जांच कर रही है।

### 18 आरोपित गिरफ्तार

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 18 आरोपितों को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में चोरी, आर्म्स एक्ट, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, विविध कांड, शराब तस्कर, वारंटी शामिल है। चार लीटर देशी शराब, एक कट्टा बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को लेकर वाहन जांच अभियान में एक लाख एक हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

### फर्जी रजिस्ट्री की प्राथमिकी

**डिहरी ऑन-सोन (नबिटा ब्यूरो)।** डिहरी नगर थाना में अवर निबंधन कार्यालय के लिपिक ओमप्रकाश ने फर्जी वसीयत तैयार करने के आरोपी बनारसी मिश्रा पर शनिवार को प्राथमिकी दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार ओमप्रकाश ने प्राथमिकी में कहा है कि अधिवक्ता मनीष दुबे द्वारा तीन वसीयत दस्तावेज प्रस्तुत किया गया उन दस्तावेजों का सत्यापन किया गया। सत्यापन के पश्चात तीनों दस्तावेज फर्जी पाया गया जिसकी सूचना एसडीएम डिहरी को दिया गया। एसडीएम के निर्देश को संजय कुमार महतो व नगर थाने की पुलिस ने अनुमंडल कार्यालय के पास चल रहे बनारसी मिश्रा के साइबर में बरामद तीन लैपटॉप एक सत्यापित दस्तावेज की मूल कॉपी बरामद किया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 4 हजार लीटर महुआ शराब नष्ट

**चेनारी (नबिटा सं.)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत अवैध शराब के विरुद्ध छापामारी के क्रम में ग्राम लांजी के सिवान एवं ग्राम तेलारी के सिवान एवं दुर्गावती नदी के आसपास के झाड़ी से करीब 4 हजार लीटर महुआ पॉस को नष्ट किया गया है जिसकी जानकारी चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने दिया और बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर अलग-अलग जगह पर छापेमारी की गई जहां पर महुआ शराब के पॉस को नष्ट किया गया।

# लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधक : शिवराज सिंह चौहान

- एक राष्ट्र एक चुनाव देश की जरूरत : मंगल पांडेय
- अलग-अलग चुनाव से देश का श्रम, अर्थ व विकास बाधित : प्रो रणवीर नंदन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** केन्द्रीय कृषि, कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि लगातार चुनाव से देश की प्रगति बाधित होती है और जनता के टैक्स के पैसे जो विकास में खर्च होने चाहिए उसका अपव्यय होता है। बार- बार चुनाव से देश में राजनीतिक, प्रशासक कर्मी व पुलिस प्रशासन अपना मूल कार्य छोड़ चुनाव में व्यस्त हो जाते हैं। केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान राजधानी के रामकृष्ण द्वारिका महाविद्यालय में एक राष्ट्र एक चुनाव के मुद्दे पर आयोजित राष्ट्रीय परिचर्चा को संबोधित कर रहे थे। बार-बार चुनाव होने से देश के मंत्री से लेकर राजनीतिक दलों के नेता अपना चुनाव प्रचार में वयस्त रहते हैं। उन्होंने कहा कि देश में 1952 से 1967 तक लोकसभा चुनाव व विधानसभा के चुनाव पहले एकसाथ ही होते थे मगर कांग्रेस के द्वारा चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त करने की नीति से देश को अलग-अलग चुनाव को बोझ पड़ रहा है। उन्होंने देश के युवाओं व बुद्धिजीवियों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रहित के लिए एक राष्ट्र एक चुनाव के लिए अपनी आवाज को बुलंद करें और सरकार को संविधान संशोधन के लिए बाध्य करें। उन्होंने कहा कि देश में जो पैसे चुनाव में खर्च हो रहे है उसका अगर अस्पताल निर्माण व किसानों के कल्याण में खर्च होता तो जनता का भला होता। इस मौके पर स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा कि एक राष्ट्र एक चुनाव देश की जरूरत है और इसका सभी लोगों को समर्थन करना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हुए एक राष्ट्र एक चुनाव के प्रदेश संयोजक प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि लोकसभा चुनाव व विधानसभा चुनाव अलग-अलग होने से देश का श्रम, अर्थ का अपव्यय होता है और देश का विकास बाधित होता है। इसलिए देशवासियों को एकजुट होकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मुहिम एक राष्ट्र एक चुनाव का सहयोग करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ दिलीप जायसवाल, स्वागत भाषण कॉलेज के प्राचार्य जगन्नाथ प्रसाद गुप्ता, धन्यवाद ज्ञापन प्रो स्मिता पटेल ने किया। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, प्रदेश प्रवक्ता डॉ उषा विद्यार्थी, कुंतल कृष्णन, भाजपा नेता रंजीत कुमार, युवा नेता अंकित तिवारी, शिवम परासर, रूचि श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में एनसीसी एनएसएस से जुड़े छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक मौजूद रहे।

## कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार की मौत

**सासाराम (नबिटा सं.)।** जिले के डिहरी थाना क्षेत्र के एनएच-दो पर कोल डिपो के समीप कार-बाइक की टक्कर में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गयी। मृतक का नाम डॉ. रविरंजन कुमार है, जो अकोढ़ीगोला थाना क्षेत्र के कौआखोंच गांव का निवासी था। मृतक का डिहरी थाना क्षेत्र के तेंदुआ बोरिंग के पास अपना निजी अस्पताल था जहां से वह रोज अपने गांव आना-जाना करता था। इसी क्रम में वह सड़क हादसे का शिकार हो गया। शव को पुलिस ने अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल, सासाराम में पोस्टमार्टम कराया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के बाद शव को मृतक के परिजनों को सौंप दिया गया।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को शिक्षण संस्थान ने किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नासरीगंज।** काराकाट प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत के गोड़ारी में इंटर व मैट्रिक बोर्ड परीक्षा 2025 के मेधावी छात्र - छात्राओं को संजय साइंस क्लासेस के निदेशक संजय प्रसाद के नेतृत्व में सम्मान समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह कार्यक्रम का उद्घघाटन मुख्य अतिथि जगदीश सिंह जग्गा, पूर्व मुखिया गोपेश प्रसाद, संजय साइंस क्लासेस निदेशक संजय प्रसाद, एडी क्लासेस निदेशक आलोक प्रसाद, एल्फा क्लासेस निदेशक आनंद कुमार ने संयुक्त रूप से फीता काट कर किया। समारोह का शुभारंभ छात्रा सपना, वंदना, जूही, काजल, रानी, कृति, सिमरन ने स्वागत गीत गाकर किया। समारोह की अध्यक्षता संजय प्रसाद व संचालन अंकित प्रसाद ने किया। समारोह को संबोधित करते हुये शिक्षण संस्थान के निदेशक ने कहा कि इंटर व मैट्रिक दोनों को मिलाकर 10 छात्र - छात्राएं टॉप किये हैं।




उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं। कहा कि हम अभिभावकों से अनुरोध करते है कि अपने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाकर रखें ताकि बेहतर शिक्षा ग्रहण कर सके। निदेशक ने कहा कि जिन छात्र-छात्राओं के माता पिता नहीं है उन्हें निःशुल्क शिक्षा दिया जाएगा साथ हर तरह की सुविधा मुहैया कराई जाएगी। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने छात्र - छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना किया। मुख्य अतिथि व अन्य अतिथियों ने प्रथम स्थान पाने वाले छात्र-छात्राओं को मेडल से सम्मानित किया। कई प्रकार के पुरस्कारों से पुरस्कृत किया। इंटर में प्रथम स्थान पाने वाले शीतल कुमारी, अनीष कुमार, नंदनी कुमारी, नेहा कुमारी, जैसमीन, रानी कुमारी व मैंट्रिक में प्रथम स्थान पाने वाले वसुंधरा कुमारी, आफरीन, प्रियांशु यादव, हर्ष राज हर्षित को प्रशस्ति पत्र के साथ डायरी, कॉपी जीके बुक, घड़ी, पेन, कॉपी सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

# मंदिरों में स्थापित प्रतिमा एक सूत्र में पिरोती है : मानस मधुकर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** डालमियानगर स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर में चल रहे श्री हनुमान चालीसा ज्ञान यज्ञ के 10 वें दिन शुक्रवार रात कथावाचक मानस मधुकर ने बड़ी ही रोचक और सरल भाषा में राम चरित्र पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि मंदिरों में स्थापित मूर्तियां हमारी आस्था का प्रतीक तो है ही साथ ही हमें एक सूत्र में भी पिरोता है। उन्होंने कहा कि जब शैव्य और वैष्णव आपस में श्रेष्ठता की लड़ाई में लगे थे उस वक्त गोस्वामी जी ने मानस में ये लिखा कि श्री राम ने रामेश्वरम में शिव की प्राण प्रतिष्ठा की तो दोनों ही एक




दूसरे के पूरक हैं। उन्होंने गंगा के जल से अभिषेक का जिक्र किया। दक्षिण में गंगा तो थी नहीं तो उत्तर से गंगा जल लाकर दक्षिण में अभिषेक से पूजा के साथ उत्तर से दक्षिण को जोड़ा और शैव्य और वैष्णव की लड़ाई पर भी विराम डाला। उन्होंने कहा कि धार्मिक होना अच्छा है पर धर्मांध नहीं होना चाहिए ,ये मूर्तियों में हमें धार्मिक रूप में अपने को स्थापित करने की शिक्षा देती है और प्रेरित करती है। आगत अतिथियों का स्वागत अध्यक्ष प्रफुल कुमार सिंह ने किया। मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

## गुप्ता धाम से लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप पलटी, एक की मौत, दो घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी।** गुप्ता धाम से दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं से भरी एक पिकअप वाहन कर्मा गांव के समीप सिंचाई विभाग द्वारा लगाए गए बैरियर से टकरा गई। टक्कर के बाद वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया जिससे मौके पर ही एक श्रद्धालु की मौत हो गई जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतक की पहचान आरा जिले के जगदीशपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दुल्हनपुर गांव निवासी विजय सिंह के 25 वर्षीय पुत्र रवि कुमार के रूप में की गई है। हादसे में अजय कुमार और सूरज कुमार गंभीर रूप से घायल हैं। सीएचसी चेनारी में इलाज के बाद दोनों घायलों को सदर अस्पताल सासाराम रेफर कर दिया गया है। इस हादसे से पूरे गांव में शोक की लहर है और मृतक के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल भिजवाया गया। इस संबंध में अपर थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेजा गया जहां आवश्यक प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

## राज्य स्तरीय निपुण टीएलएम मेले में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पटना जिला को मिला सम्मान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बाढ़।** एनसीईआरटी महेन्द्रू, पटना के परिसर में दो दिवसीय राज्य स्तरीय निपूण टीएलएम मेला आयोजित किया गया। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव एस सिध्दार्थ एवं एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक रश्मि प्रभा ने टीएलएम प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किए। आयोजन में पटना जिला अन्तर्गत बाढ़ के बेलछी प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुआपुर के शिक्षिका श्रुति सिंह को हिंदी विषय के लिए राज्य स्तरीय मेला में प्रथम स्थान घोषित किया गया। सम्मान प्राप्त करने के उपरांत प्राथमिक शिक्षा निदेशक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी ने भी शिक्षिका को बधाई दिये। राज्य से सम्मानित होने के पश्चात श्रुति सिंह को उनके अपने विद्यालय (उत्क्रमित मध्य विद्यालय भुआपुर) में प्रोत्साहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, बेलछी, जय कुण्डल प्रसाद वरिष्ठ शिक्षक नरेंद्र देव उर्फ छोटी सर उपस्थित होकर सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामना दिये। साथ ही उन्होंने बताया कि इससे बच्चों में उद्धरण और सहायक शिक्षण सामग्री की सहायता से पढ़ाने पर प्रभावी परिणाम मिलते हैं। साथ ही आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय परिवार के साथ-साथ प्रखंड अंतर्गत स्थित विद्यालयों के प्रधानाध्यापक/प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित होकर शिक्षिका को सम्मानित कर बधाई एवं शुभकामना दिये।

# हनुमान जयंती पर प्रसाद वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** व्याहुत वैश्य बंधु उच्च विद्यालय, चंदनपुरा (विद्यालय कोडः 74134) के निलंबन की वापसी की खुशी में विद्यालय परिवार द्वारा हनुमान जयंती के शुभ अवसर पर हनुमान जी की विधिवत पूजा-अर्चना की गई। पूजा के उपरांत विद्यालय परिसर में छात्र-छात्राओं, अभिभावकों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीण जनता के बीच प्रसाद वितरण कर इस शुभ समाचार की खुशी साझा की गई। इस अवसर पर उपस्थित बुद्धिजीवियों ने विद्यालय के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए इसके निरंतर प्रगति एवं विकास की



शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य कमलेश सिंह सहित, अरुण कुमार, लल्लू सिंह, धर्मेंद्र मेहता, अनिता कुमारी, मंजू कुमारी, जितेंद्र राम, संजय कुमार, सुशांत एवं सफी अहमद सहित कई गणमान्य ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने इस पुनः स्थापन को एक सकारात्मक शुरूआत मानते हुए अपनी शुभेच्छाएं व्यक्त कीं। विद्यालय परिवार की ओर से सभी सहयोगियों, अभिभावकों एवं ग्रामीण जनों को हार्दिक धन्यवाद एवं आभार प्रकट किया गया।

# चैता गायन में भक्ति और आस्था के भाव : बिंदा चंद्रवंशी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत भैसहां पंचायत भवन बस्तीपुर, मां काली के प्रांगण में शानदार चैता गायन का महा मुकाबला छपरा के प्रदुमन परदेसी एवं रोशन राज व्यास के बीच हुआ। मुखिया मंजू देवी चंद्रवंशी तथा आयोजक मंडल के जदयू के प्रदेश सचिव बिन्दा चंद्रवंशी, टाना सिंह, बिट्टू सिंह, धनंजय सिंह, बलजीत कुमार, बबलू सिंह, रंजय कुमार, डब्लू सिंह, अनिल चंद्रवंशी, विक्की सिंह, मुकेश कुमार ने व्यास सहित




आगत अतिथियों का फूलों का माला तथा अंग वस्त्र देकर स्वागत किया। बिन्दा चंद्रवंशी ने कहा कि चैता गायन में भक्ति और आस्था के भाव होते हैं। चैत्र शुक्ल को श्री राम का जन्म हुआ था और चैता गायन में अक्सर राम जन्म उनकी लीलाओं और राम सीता से जुड़े गीतों को गाया जाता है। चैता एक लोकगीत शैली है जो उत्तर प्रदेश और बिहार में भोजपुरी क्षेत्र में प्रसिद्ध है। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ अधिवक्ता मनोज अज्ञानी तथा एलाउंसार मोहम्मद खालिक ने किया। दोनों कलाकारों ने पूरी रात एक से बढ़कर एक चैता गाकर ग्रामीणों को भाव विभोर कर दिया। आयोजक मंडली ने दोनों को शील्ड तथा ढोलक प्रदान किया। मौके पर पूर्व विधायक सत्यनारायण यादव, जदयू जिलाध्यक्ष अजय कुमार सिंह, अमरेश चौधरी, राजेश चन्द्रवंशी, लोजपा रा नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ सोनू सिंह, मुख्य पार्षद प्रतिनिधि गुड्डू चंद्रवंशी, मुन्ना लालकशेरा, ललन सिंह गदर, पूर्व प्रमुख राम प्रवेश सिंह, ब्रदीभगत, डॉ अरविन्द कुमार, नरेंद्र सिंह, कमलेश मोहन सिंह समाजसेवी मनीष सिंह सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा नोटिस**

**सं०- डी.डी.यू/ईएल/जी/ई० निविदा/25-26/03, दिनांक: 09.04.2025**

मंडल रेल प्रबन्धक/विद्युत/सा०/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ-साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड, मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑन लाईन (ई-निविदा) आमंत्रित की जाती है।

**क्र. सं. 01, कार्य क्षेत्र के साथ कार्य का नाम: सं० डी.डी.यू/ईएल/जी/ई/2025-26/01, विषय-** डी.डी.यू/मण्डल के अंतर्गत डीडीयू डिवीजन मे लगे विभिन्न स्थानों पर विभिन्न मेक और विभिन्न क्षमताओं के स्प्लिट एसी और विंडो एसी के खराब पाटों को तीन वर्ष तक रिपेयर/बदलने के संबंध में।, **कार्य करने की कुल लागत:** रू० 7969555.73, **निविदा बंद करने की अंतिम तिथि एवं समय: 02.02.2025 15:00 Hrs, ई-निविदा वेब साइट का विवरण: www.ireps.gov.in**

सहायक विद्युत अभियंता (सा०)
वरीय मण्डल विद्युत अभियंता (सा०), पूर्व मध्य रेलवे, डी. डी. यू.
पीआर/0077/डीडीयू/ईएलईसीटी/टी/25-26/28



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।**

**जिला खनिज फाउण्डेशन ट्रस्ट (DMFT)**

**अल्पकालिन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

**ई-निविदा संख्याः-02/2024-25/RWD/GARHWA (2nd Call) दिनांक-15.04.2025**

1. कार्य का विवरणः- **PR.NO.348265 NREP (24-25).D**

| क्र0सं0 | प्रखण्ड का नाम | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाख में) | अक्षर में | |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | गढ़वा | ग्राम-अंचला में इसमाईल अंसारी के घर से असगर अंसारी के घर तक पथ निर्माण। | 62.937 | बासठ लाख तीरानवे हजार सात सौ रूपये। | 03 (तीन) माह। |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :-15.04.2025
3. ई-निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :-22.04.2025
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समयः-25.04.2025 पूर्वाह्न 11:30 बजे।अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0-02, राँची।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पत्ता:-कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।
6. ई-निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0:-9955921643

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.350280 Rural Development(25-26):D
कार्यपालक अभियंता,राष्ट्रीय ग्रामीण नियोजन कार्यक्रम, गढ़वा।



**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग**
**सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, पलामू**
(email-bocpalamau@gmail.com)

**-ःआम सूचनाः-**

भारत सरकार द्वारा Platform based Gig workers को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से आच्छादित करने हेतु E-Shram Portal पर दिनांक-07.04.2025 से 17.04.2025 तक कैम्प मोड में निबंधन अभियान चलाया जा रहा है।

1. **प्लेटफार्म श्रमिक** (Platform Workers) वैसे श्रमिक होते है जो डिजिटल प्लेटफार्म या ऐप-आधारित सेवाओं के माध्यम से कार्य करते है। ये श्रमिक स्वतंत्र रूप से काम करते है और आम तौर पर गिग इकोनॉमी का हिस्सा होते है।
2. **डिलीवरी कर्मचारी**-Zamato, Swiggy, Dunzo, Cab Driver & Urban Company, Fiverr, Upwork जैसी डिजिटल सेवाओं से जुड़े श्रमिक, फ्रीलांस श्रमिक-Amazon, Flipkart, जैसी ई-कॉमर्स कंपनियों मॉडल पर काम करते है।

**विशेषताएँः-**

ये श्रमिक पारंपरिक नौकरी (नौकरी-पेशा कर्मचारियों) की बजाय गिग/फ्रीलांस मॉडल पर काम करते है। डिजिटल प्लेटफार्म ही इनके काम को आवंटित करता है और भुगतान करता है।

सरकार अब इन प्लेटफार्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ने के लिए e-Shram पोर्टल पर पंजीकरण सुनिश्चित कर रही है ताकि उन्हें स्वास्थ्य बीमा, भविश्य निधि जैसी सुविधाएँ मिल सकें।

श्रमिक अपना निबंधन स्मार्टफोन, अथवा प्रज्ञा केन्द्र के माध्यम से https://register.eshram.gov.in पोर्टल मे जाकर Platform worker register on e-Shram पर क्लिक कर निबंधन कर सकते है।अधिक जानकारी हेतु सहायक श्रमायुक्त का कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

श्रम अधीक्षक,
पलामू

PR 350224 District(25-26)#D


CMYK

# 50 हजार के इनामी भीम महतो समेत गिरोह के पांच अपराधी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जिले की पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। कई जिलों का मोस्ट वांटेड और 50 हजार रुपये के इनामी अपराधी भीम महतो को नवादा पुलिस ने शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती नगर से गिरफ्तार कर लिया। डकैती की योजना बना रहे इस गिरोह के चार अन्य अपराधियों को भी पुलिस ने मौके से दबोच लिया। पुलिस ने इन अपराधियों के पास से पांच राइफल, एक पिस्टल, छह मैगजीन, 55 जिंदा कारतूस, नौ मोबाइल फोन, एक एटीएम कार्ड, एक पैन कार्ड, एक कार और 10,635 रुपये नगद भी बरामद किए हैं। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने शनिवार को प्रेस वार्ता कर बताया कि 11 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे सूचना मिली थी




कि शाहपुर थाना क्षेत्र के पार्वती नगर के पास कुछ संदिग्ध लोग हथियारों के साथ डकैती की योजना बना रहे हैं। त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की और पांचों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान भीम महतो उर्फ गुड्डू उर्फ संजीव कुमार, पिता-नरेश महतो, दरगाही टोला, थाना पंडारक, जिला पटना निवासी है। उसके साथ पकड़े गए अपराधियों की पहचान ज्ञानराज, सत्यम शेखर झा, सोनू कुमार, शैलेश सिंह के रूप में की गई है। एसपी ने बताया कि पूछताछ के दौरान अपराधियों ने स्वीकार किया कि वे एक बड़ी डकैती की योजना बना रहे थे। साथ ही यह भी खुलासा हुआ कि इसी गिरोह के तीन सदस्यों ने 27 जनवरी 2025 को शाहपुर मवेशी हाट में एक व्यक्ति से 19 लाख रुपये की लूट की थी, जिसमें गोलीबारी भी हुई थी।

भीम महतो पर पहले से ही बाढ़, एनटीपीसी, पंडारक, हिसुआ और राजीव नगर थाना में कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं शैलेश सिंह पर राजीव नगर थाना में तीन आपराधिक केस दर्ज हैं। एसपी धीमान ने कहा कि यह गिरोह पूरे बिहार में जमीन कब्जा, लूट, डकैती, मारपीट और धमकी देकर वसूली जैसे अपराधों को अंजाम देता रहा है। नवादा पुलिस को इन अपराधियों की गिरफ्तारी से बड़ी राहत मिली है। सभी अभियुक्तों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है।

# आपदा पीड़ित परिवारों का राजकोष पर पहला हक: श्रवण कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** राज्य सरकार के ग्रामीण विकास मंत्री सह स्थानीय विधायक श्रवण कुमार ने कहा कि आपदा पीड़ित परिवारों का बिहार सरकार के खजाने पर पहला अधिकार है। उन्होंने यह बात नूरसराय प्रखंड के सुंदर बिगहा गांव में भीषण तूफान में जान गंवाने वाले देवनंदन प्रसाद के आश्रित को मुआवजा राशि का चेक सौंपते हुए कही। मंत्री श्रवण कुमार ने मृतक के पुत्र शिवशंकर कुमार को बिहार सरकार द्वारा अनुमोदित चार लाख बीस हजार रुपये की सहायता राशि का चेक प्रदान किया। उन्होंने शोकाकुल परिजनों को ढांढस बंधाते हुए ईश्वर से मृत आत्मा की शांति की प्रार्थना की तथा सरकार की ओर से हर संभव सहायता का भरोसा दिलाया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की



यह स्पष्ट नीति है कि आपदा प्रभावित परिवारों को प्राथमिकता के आधार पर राहत मिले। उन्होंने बाल संरक्षण इकाई के पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि मृतक के आश्रित बच्चों को मुख्यमंत्री बाल सहायता योजना के तहत प्रति माह 5000 की सहायता राशि समय पर उपलब्ध कराई जाए, ताकि बच्चों की पढ़ाई और पालन-पोषण में कोई बाधा न आए। मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार आपदा की घड़ी में प्रत्येक जरूरतमंद परिवार के साथ खड़ी है और पीड़ितों की सहायता करना सरकार की जिम्मेदारी है, जिससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष सोनीलाल, अवधेश चंद्रवंशी, विक्की कुमार, प्रमुख जनार्दन चंद्रवंशी, डॉ. सुनील दत्त, सुधीर कुमार, अमित यादव, प्रशांत कुमार, रामजी प्रसाद, राकेश महतो सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता और ग्रामीण उपस्थित थे।

# बिजली-पानी की समस्या ने तोड़ा सब्र का बांध

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** जिले में गुरुवार की शाम आए भीषण आंधी-तूफान ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है। तूफान की मार से जिले के कई हिस्सों में पेड़ गिर गए, बिजली के खंभे टूट गए और बिजली आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह से ठप हो गई। बीते 48 घंटों से लगातार बिजली-पानी की आपूर्ति बाधित होने के कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित है। बिजली पानी की समस्या से परेशान बिहार थाना क्षेत्र के इमादपुर, बैगनाबाद, सोहसराय थाना क्षेत्र के आशानगर, छिलकापर, नदीपर, तालाबपर समेत कई मोहल्लों के लोगों ने शनिवार को सड़क पर उतरकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने सड़कों पर टायर जलाकर आगजनी की, जाम लगाया और जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे लोगों कहा कि दो दिनों से इलाके में न बिजली है, न पानी, जिससे जीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त हो गया है। आशानगर की संगीता देवी, सोहसराय के गणेश यादव व अन्य ने बताया कि बिजली नहीं होने से पानी की आपूर्ति भी ठप हो गई है। घरों में पीने के लिए पानी नहीं है, खाना बनाना तो दूर की बात है। बच्चे भूख से बिलख रहे हैं। बूढ़े मां-बाप किसी तरह ठंडी रोटियां खाकर गुजारा कर रहे हैं, लेकिन छोटे-छोटे बच्चे पानी के बिना कैसे रहें? हमारे इलाके में पिछले 48 घंटे से बिजली नहीं है। हैंडपंप और मोटर सभी बिजली से चलते हैं, इसलिए पानी तक नहीं मिल रहा। कई लोगों ने तो बर्तन में जमा वर्षा जल से काम चलाया, लेकिन अब वह भी खत्म हो गया है। न ही मोबाइल चार्ज कर पा रहे हैं। रात को अंधेरे में मोमबत्ती की रोशनी में रहना पड़ रहा है। कल रात से लगातार फोन कर रहे हैं बिजली विभाग में लेकिन कोई रिस्पॉन्स नहीं मिल रहा। अधिकारी फोन नहीं उठाते और लाइनमैन कहते हैं कि ऊपर से आदेश नहीं है। आखिर हम जाएं तो जाएं कहां प्रदर्शन के दौरान सड़कों पर आगजनी और जाम के कारण यातायात पूरी तरह ठप हो गया। कई घंटे तक वाहन चालकों को रास्ता बदलना पड़ा। गर्मी के इस मौसम में जब तापमान 40 डिग्री के पार जा रहा है, ऐसे में बिजली और पानी का संकट लोगों के लिए केवल असुविधा नहीं, बल्कि जीवन-मरण का प्रश्न बन चुका है। नन्हे बच्चे, बीमार बुजुर्ग और गर्भवती महिलाएं सबसे अधिक प्रभावित हो रही हैं। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन की ओर से पुलिस बल और अधिकारी मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया और आश्वासन दिया कि जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। हालांकि लोग प्रशासन के आश्वासन से संतुष्ट नहीं दिखे और कई स्थानों पर घंटों तक जाम जारी रहा। यही स्थिति ग्रामीण क्षेत्र का भी है। जिले के अधिकांश प्रखंडों के कई पंचायतों में बिजली अपूर्ति नहीं की जा रही है। जिसके कारण ग्रामीण भी आक्रोशित हो रहे हैं।

# जिला स्तरीय चयन समिति का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नारदीगंज,नवादा।** जिले में समेकित बाल विकास सेवाएं के तहत महिला पर्यवेक्षिका के स्वीकृत पद के विरुद्ध 50 प्रतिशत पद पर सेविका से महिला पर्यवेक्षिका (प्रोन्नति) पर नियोजन किया जाना है। महिला पर्यवेक्षिका के नियोजन से सम्बंधित मार्गदर्शिका सरकार के प्रधान सचिव बिहार, पटना के महिला पर्यवेक्षिका के अनुबंध के आधार पर नियोजन हेतु जिला स्तरीय चयन समिति का गठन किया गया है। जिसमे जिलाधिकारी को अध्यक्ष, उप विकास आयुक्त सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी को सदस्य, असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी नवादा को सदस्य, जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस नवादा को सदस्य सचिव,जिला पार्षद उपाध्यक्ष निशा कुमारीको सदस्य, वरीय उपसमाहर्ता राजीव कुमार को सदस्य रखा गया है।

# नवादा में 50 करोड़ की योजनाओं से बहेगी विकास की गंगा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** नवादा नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों को गति देने के लिए मुख्यमंत्री समग्र शहरी विकास योजना और राज्य योजना मद से 50 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। इस राशि से वर्षों से लंबित योजनाओं को पूरा करने का मार्ग प्रशस्त होगा। शनिवार को नवादा के दी सेलिब्रेशन होटल में आयोजित एक प्रेस वार्ता में नगर परिषद की मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी, उनके पति व पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष संजय साव और जनता दल (यूनाइटेड) के जिला अध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने यह जानकारी साझा की। मुख्य पार्षद पिंकी कुमारी ने बताया कि उनके और संजय साव के अथक प्रयासों से यह राशि स्वीकृत हुई है। उन्होंने कहा, नवादा के सौंदर्यीकरण और मूलभूत सुविधाओं के विकास का जो सपना नगरवासियों ने देखा था, उसे पूरा करने के लिए मैं पूरी इमानदारी से प्रयासरत हूं। बिहार के



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और नगर विकास मंत्री जीवेश मिश्रा ने हमारी मांगों को स्वीकार करते हुए यह राशि प्रदान की है। उन्होंने इसके लिए मुख्यमंत्री और मंत्री का आभार व्यक्त किया। स्वीकृत राशि से नवादा में कई महत्वपूर्ण योजनाओं को मूर्त रूप दिया जाएगा। इनमें इंदिरा गांधी चौक से पोस्टमार्टम रोड, डॉ. सुधा शर्मा मार्ग होते हुए गोवर्धन मंदिर तक पीसीसी सड़क निर्माण, गोवर्धन मंदिर से पटेल नगर तक आरसीसी नाला और स्लैब निर्माण, डीसीसी स्टेनो आवास से बर्गनिया नाला तक नाला निर्माण, वार्ड नंबर 1 में एनएच 20 से धर्मशाला अस्पताल होते हुए बर्गनिया पैन तक नाला निर्माण, नारदीगंज रोड मोड़ से डीएम आवास तक नाला और स्लैब निर्माण, सीजीएम आवास से खुरी नदी तक नाला निर्माण, और रेलवे लाइन से कृष्णा गार्डन होटल तक नाला निर्माण जैसे कार्य शामिल हैं। पिंकी कुमारी ने कहा, चुनाव के दौरान नवादा की जनता से किए गए वादों को धीरे-धीरे पूरा करने का प्रयास कर रही हूँ। इन योजनाओं से नवादा में न केवल सौंदर्यीकरण होगा, बल्कि मूलभूत सुविधाओं में भी व्यापक सुधार होगा। कोई भी क्षेत्र विकास से वंचित नहीं रहेगा। प्रेस वार्ता में जद(यू) के जिला उपाध्यक्ष जयशंकर चंद्रवंशी, शशि कुमार शेष, और जिला महासचिव जितेंद्र साव भी उपस्थित थे। इन योजनाओं के पूरा होने पर नवादा में विकास की नई गंगा बहने की उम्मीद जताई जा रही है।

# जदयू कार्यालय में नवल प्रसाद चौहान का भव्य स्वागत, प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मनोनीत होने पर दी शुभकामनाएं

**नव बिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा।** जनता दल (यूनाइटेड) के कर्पूरी सभागार स्थित जिला कार्यालय में शनिवार को नवल प्रसाद चौहान का भव्य स्वागत किया गया। उन्हें नवादा प्रखंड 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर अति पिछड़ा समाज के प्रतिनिधियों और उनके समर्थकों ने गर्मजोशी से अभिनंदन किया। अभिनंदन समारोह की अध्यक्षता जदयू जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी ने की। उन्होंने कहा कि बिहार के यशस्वी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने राज्य के 534 प्रखंडों में 20 सूत्री कार्यक्रम समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कर जन सरोकारों को मजबूती दी है। उन्होंने मुख्यमंत्री को बधाई देते हुए कहा कि




उन्होंने बिहार के समग्र विकास के लिए जो योजनाएं धरातल पर उतारी हैं, उससे प्रदेशवासियों का जीवन स्तर सुधरा है। इस अवसर पर मुकेश विद्यार्थी ने नवल प्रसाद चौहान को बधाई देते हुए उम्मीद जताई कि वे गरीबों, वंचितों और जरूरतमंदों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रशासनिक स्तर पर मजबूती से कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि चौहान अपने पद की जवाबदेही को पूरी निष्ठा से निभाएंगे। अपने संबोधन में नवनियुक्त अध्यक्ष नवल प्रसाद चौहान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा और जिलाध्यक्ष मुकेश विद्यार्थी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि उन्हें जो विश्वास और जिम्मेदारी सौंपी गई है, उस पर वे खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारने हेतु संबंधित पदाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करेंगे। जिला उपाध्यक्ष सह कार्यालय प्रभारी जयशंकर चंद्रवंशी, जिला उपाध्यक्ष शशि कुमार शेष, राजीव रंजन, मीडिया सेल अध्यक्ष प्रिंस प्रभात डांगी, विनोद चौधरी, कुश चौहान, चौथी चौहान, जिला अध्यक्ष मिथिलेश चौहान, तुलसी चौहान, खेलावन चौहान, खुशियाल चौहान, भोला चौहान, जानकी चौधरी, पूर्व मुखिया प्रत्याशी सत्येंद्र कुशवाहा, निरोध कुशवाहा, शिव बालक चौहान, राजेश चौहान सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे। सभी ने नवल चौहान के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दी।

# भाजपाइयों ने गांव चलो अभियान के तहत संगत व मंदिर परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली (नवादा)।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर 'गांव चलो' अभियान के तहत शनिवार को रजौली प्रखंड के अमावां गांव में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व अमावां मंडल अध्यक्ष अभिषेक कुमार उर्फ गुड्डू राय ने किया। उन्होंने बताया कि प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार 6 अप्रैल से 14 अप्रैल तक पूरे बिहार में गांव-गांव जाकर भाजपा विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित इस कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं ने



संगत व मंदिर परिसर की सफाई की। सभी कार्यकर्ता झाड़ू लेकर स्वेच्छा से सफाई में जुटे। मंडल अध्यक्ष ने कहा कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प को धरातल पर उतारने की दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता (कला-संस्कृति मंच) रुद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंडल अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार सिंह, भाजपा मंत्री डब्लू सिंह, नेता चंदन राजवंशी, कृष्णकांत पांडेय, नवलेश सिंह, प्रमोद कुमार और अनुज सिंह समेत दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों ने भी अभियान की सराहना की और स्वच्छता के महत्व पर बल देते हुए सहयोग का भरोसा जताया।

# ससुराल वालों ने की विवाहिता की हत्या

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** गोखुलपुर थाना क्षेत्र के भाथा गांव में शनिवार को दहेज की खातिर एक विवाहिता को बेरहमी से मारपीट कर हत्या करने की मामला सामने आया है। विवाहिता की पहचान भाथा गांव के राजीव बिंद की पत्नी चानो देवी के रूप में की गई। विवाहिता के परिवार वालों ने बताया कि 4 वर्ष पहले धूमधाम से शादी किए थे। ससुराल वालों के द्वारा दहेज को लेकर अक्सर प्रताड़ित करते थे। दहेज को लेकर ही बुरी तरह से मारपीट कर हत्या करने के बाद शव को गांव स्थित टरमराइन खंधा के पास पुल में छिपा दिया था।

# जनता दरबार में आए मामलों का किया गया निष्पादन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** थाना परिसर में शनिवार को आयोजित जनता दरबार में तीन मामले का निपटारा किया गया।इसका नेतृत्व सीओ गुफरान मजहरी व थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के द्वारा किया गया।जमीन विवाद से मामलों के निष्पादन के दौरान थाने में तैनात पुलिस बल तथा क्षेत्र के चौकीदारगण तथा अंचल कार्यालय में तैनात नाजीर शिवशंकर कुमार व राजस्व कर्मचारी चन्दन कुमार भी मौजूद रहे। बताते चलें कि सरकार के निर्देश पर प्रत्येक शनिवार को जमीन संबंधी मामलों का निष्पादन के लिए सभी थाने में जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। जहां जमीन संबंधी छोटी-छोटी समस्याओं का समाधान सीओ और थानाध्यक्ष द्वारा




प्रतिनियुक्त पुलिस पदाधिकारी द्वारा किया जाता है वहीं जटिल समस्याओं का निष्पादन नहीं होने पर लोगों को ऊपरी अदालत में जाने की सलाह दी जाती है। जमीन संबंधित विवाद के निपटारे को लेकर सीओ गुफरान मजहरी ने बताया कि बहादुरपुर गांव की लुगनी देवी का विवाद सोनवा देवी के साथ, हरदिया के मो. मसरूर आलम का विवाद मुन्ना सिंह के साथ एवं रजौली के राजेंद्र पाण्डेय का विवाद गोपाल पाण्डेय के साथ था।उक्त तीनों मामलों में दोनों पक्षों की बातें सुनने के बाद मामले का निष्पादन किया गया।साथ ही अंचलाधिकारी ने कहा कि जमीन से संबंधित विवाद होने पर आपस में झगड़ा न करें, इसे जनता दरबार में लाएं और निराकरण कराएं।

# कौआकोल पीएचसी में खुला सुधा डेयरी काउंटर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कौआकोल में शुक्रवार को बिहार सरकार के सात निश्चय योजना के तहत संचालित सुधा डेयरी काउंटर का विधिवत उद्घाटन किया गया। पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 रामप्रिय सहगल ने फीता काटकर उद्घाटन किया। संचालक संजीत कुमार ने बताया कि उद्घाटन के पूर्व पूजा अर्चना कर श्रीसत्यनारायण स्वामी का कथा वाचन किया गया। उद्घाटन के बाद पीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ0 सहगल ने कहा कि कौआकोल पीएचसी में सुधा कम्पनी के इस दुकान के खुलने से सरकारी मूल्य पर दूध एवं उससे बने




सामान उपलब्ध होंगे। उन्होंने कहा कि सुधा की गुणवता बेहतर होती है। जिससे विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए ग्राहकों को विशेष फायदा होगा। मौके पर सुधा डेयरी के प्रतिनिधि रवि किरण,समाजसेवी शिवकुमार प्रसाद उर्फ विष्णुदेव यादव समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मी एवं अन्य लोग मौजूद थे।

# छात्र-छात्राओं के बीच किया गया किताबों का वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** प्रखंड के सिरोडाबर पंचायत के बलिया गांव स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में कक्षा एक से लेकर सातवीं कक्षा तक के छात्र-छात्राओं के बीच किताबों का वितरण किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापक सह शिक्षक नेता अजित कुमार ने बताया कि शनिवार को मध्याह्न भोजन के बाद छात्र-छात्राओं के बीच पुस्तक वितरण किया गया। इस दौरान सभी शिक्षक व विद्यार्थी मौजूद थे।प्रधानाध्यापक ने बताया कि पहली से सातवीं क्लास के छात्र-छात्राओं के बीच निःशुल्क रूप से पढ़ाई से संबंधित पुस्तक का वितरण किया गया है।साथ ही छात्र-छात्राओं को कहा कि वे मन लगाकर पढ़ाई करें। परीक्षा में अधिक अंक लाए, ताकि अपना भविष्य बेहतर बना सकें साथ ही कहा कि सरकार छात्रवृत्ति,पोशाक एवं मध्याह्न भोजन के साथ-साथ छात्रों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पुस्तक भी उपलब्ध करा रही है ताकि छात्रों को पढ़ने में काफी सहूलियत हो। मौके पर शिक्षक अशोक कुमार, सुनील कुमार, आशीष कुमार, राशिद इकबाल, संजू देवी एवं निवेदिता कुमारी के साथ दर्जनों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



## वृद्ध महिला की मौत

**बिहारशरीफ/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** इसलामपुर बाजार के पुरानी नगर पंचायत कार्यालय के समीप एक वृद्ध महिला के गिर जाने से अचानक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि महिला जमीन पर बैठी थी। अचानक जमीन पर गिरने से मौत हो गई। संडा गांव के ग्रामीणों ने बताया कि लगभग नन्हकी देवी का तबीयत खराव था, अपने परिवार के साथ इसलामपुर बाजार इलाज करवाने आयी थी।

# सफल व्यवसायी एवं समाजसेवी भागवत जालान का निधन, मारवाड़ी समाज में शोक की लहर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**वारिसलीगंज।** नगर परिषद क्षेत्र के प्रसिद्ध व्यवसायी और समाजसेवी भागवत जालान का गुरुवार की रात पटना के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान हृदय गति रुकने से निधन हो गया। वे 80 वर्ष के थे और पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। उनके पुत्र संदीप जालान ने जानकारी दी कि वे लंबे समय से बीमार थे और पटना में इलाजरत थे। शुक्रवार को उनका अंतिम संस्कार गंगा नदी तट पर संपन्न हुआ, जहां मुखाग्नि ज्येष्ठ पुत्र संदीप जालान ने दी। उनके निधन की सूचना मिलते ही नगर के व्यवसायिक जगत एवं मारवाड़ी समाज में शोक की लहर दौड़ गई। भागवत जालान अपने पीछे दो पुत्र, एक पुत्री, पुत्रवधुएं एवं नाती-पोते सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे न केवल एक सफल व्यवसायी थे, बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। मारवाड़ी सम्मेलन संघ के सचिव पवन बांका एवं उप सचिव मनीष कमलिया ने बताया कि स्व. जालान का जीवन सामाजिक कार्यों से समर्पित रहा। वे गौरक्षणी, श्री गणेश धर्मशाला सहित कई संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे और वारिसलीगंज अधिसूचित क्षेत्र समिति के निर्वाचित सदस्य के रूप में भी लंबी सेवा दी। पुत्र संजय जालान ने बताया कि उनके पिताजी आज़ादी से पूर्व ही वारिसलीगंज आए थे और यहीं से अपने व्यवसाय की शुरुआत की थी। उन्होंने न केवल व्यवसाय में सफलता हासिल की, बल्कि समाज सेवा के क्षेत्र में भी विशिष्ट पहचान बनाई।

# थाना परिसर में 1550 लीटर शराब की गयी नष्ट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली।** शराबबंदी कानून को सख्ती से लागू करने की दिशा में रजौली पुलिस ने एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए शनिवार को थाना परिसर में जब्त शराब का विनष्टीकरण किया। इस दौरान कुल 1528.5 लीटर देशी (महुआ) और 21.75 लीटर विदेशी शराब को गड्ढे में बहाकर नष्ट किया गया।

इस कार्रवाई की निगरानी दंडाधिकारी सह अंचल अधिकारी मो. गुफरान मजहरी ने की। उन्होंने बताया कि यह विनष्टीकरण जिला पदाधिकारी नवादा के निर्देशानुसार वर्ष 2025 में दर्ज विभिन्न 10 मामलों–76/25, 80/25, 86/25, 87/25, 99/25,



100/25, 107/25, 112/25 एवं 117/25–में जब्त शराब पर की गई कार्रवाई के तहत किया गया है। थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने कहा कि शराबबंदी को लेकर प्रशासन पूरी तरह से सख्त है और क्षेत्र में लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि शराब के अवैध कारोबार को किसी भी हाल में पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि शराबबंदी और जब्त शराब का विनष्टीकरण पुलिस प्रशासन की प्राथमिकता में शामिल है और इसे हर हाल में प्रभावी ढंग से लागू किया जाएगा। शराबियों और तस्करों पर सतत नजर रखी जा रही है। इस अवसर पर थाना में पदस्थापित एसआई इंद्रदेव राय, मालखाना प्रभारी एएसआई बीरेंद्र पासवान तथा चौकीदारगण भी उपस्थित थे।

# नालन्दा हॉकी लीग का मेंस फाइनल में बीसीसीए का कब्जा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** हॉकी स्टेडियम राजगीर में चल रहे नालन्दा हॉकी लीग का दूसरा दिन बालक वर्ग में बीसीसीए राजगीर ने एसएसए को एक के मुकाबले दो गोल से हराया। विजेता टीम के तरफ से अंकित और आदर्श ने एक एक गोल दागे। वहीं उपविजेता टीम के तरफ से एक गोल अनिकित ने किया मैच काफी रोमांचक रहा। दोनों टीम के खिलाडी ने काफी अच्छा प्रयास किया लेकिन विजेता टीम के खिलाडी खेल में संयम का परिचय दिया और मैच को अपने नाम किया विजेता टीम को बिहार हॉकी संघ के महासचिव ने ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। नालन्दा हॉकी संघ के सचिव राहुल रंजन ने उपविजेता टीम को ट्रॉफी दिया।

# किसान चौपाल में मखाना की खेती से कराया गया अवगत




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के सोखोदेवरा जेपी आश्रम अवस्थित कृषि विज्ञान केंद्र, ग्राम निर्माण मण्डल में किसान चौपाल का आयोजन कर किसानों को मखाना की खेती से अवगत कराया गया। केवीके के वैज्ञानिकों ने बताया कि कार्यक्रम के तहत मखाना की खेती पर आधारित कृषि चौपाल कार्यक्रम को डीडी किसान चैनल से प्रसारित लाइव प्रसारण को दिखाया गया। कार्यक्रम में 30 किसानों ने भाग लिया। मौके पर वरीय वैज्ञानिक सह प्रधान डॉ0 जयवंत कुमार सिंह, विषय वस्तु विशेषज्ञ रविकांत चौबे, अंगद कुमार, सुमिताप रंजन, विकास कुमार, पिंटू पासवान आदि मौजूद रहे।

# गया की सांस्कृतिक विरासत को शोध केंद्र बनाने का सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मगध विश्वविद्यालय, बोधगया अन्तर्गत स्नातकोत्तर भौतिकी विभाग द्वारा आईक्यूएसी के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी रिसेंट एडवांसमेंट्स इन मटेरियल्स रिसर्च एंड मॉडर्न फिजिक्स के दूसरे दिन समापन सत्र आयोजित हुआ जिसमें मुख्य अतिथि विवेक कुमार सिंह, चेयरमैन, रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी, बिहार, जो अपने दूरदर्शी दृष्टिकोण, प्रखर वक्तृत्व और प्रशासनिक अनुभव के लिए प्रसिद्ध हैं। विवेक कुमार सिंह, एक वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के रूप में दशकों के प्रशासनिक अनुभव के साथ-साथ अकादमिक विषयों में गहरी रुचि रखते हैं। उन्होंने विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नीति-



निर्माण के संगम पर व्यापक विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मैटेरियल साइंस न केवल उद्योगों की रीढ़ बन रही है, बल्कि यह भारत के आत्मनिर्भर बनने के सपने को भी आकार दे रही है। उन्होंने विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को आह्वान किया कि वे प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा से प्रेरणा लेते हुए नवाचार को अपनी शोध दिशा बनाएं। अपने संबोधन में उन्होंने गया की सांस्कृतिक विरासत, बौद्ध एवं ब्राह्मण परंपरा और अंतरराष्ट्रीय तीर्थ स्थल के रूप में इसकी भूमिका की सराहना करते हुए इसे शोध का केंद्र बनाने का सुझाव दिया। उन्होंने वैज्ञानिकों से आग्रह किया कि मूलभूत शोध और लोक उपयोगी प्रौद्योगिकी के बीच संतुलन बनाकर समाज के अंतिम व्यक्ति तक उसका लाभ पहुंचाएं। मगध विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो एसपी शाही ने मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि विवेक कुमार सिंह जैसे दूरदर्शी नेतृत्वकर्ता का विश्वविद्यालय में आगमन हम सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने उनके प्रशासनिक योगदान, पारदर्शिता और जनहितकारी नीतियों की प्रशंसा की। मुख्य अतिथि के इस विद्वतापूर्ण और प्रेरणादायी उद्बोधन ने न केवल उपस्थित विद्वानों, शोधार्थियों और छात्रों को शोध के नए क्षितिज की ओर उन्मुख किया, बल्कि शैक्षणिक दृष्टि से यह संगोष्ठी एक ऐतिहासिक पड़ाव बन गई। समापन सत्र में मंच संचालन भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ रेनू रानी द्वारा किया गया वहीं धन्यवाद ज्ञापन विभागाध्यक्ष प्रो विजय कुमार वर्मा ने किया। इससे पूर्व तकनीकी सत्र में डॉ सोमनाथ कार (कोल्हान विश्वविद्यालय, झारखंड) एवं डॉ विनय कुमार (सीसीएस हिसार एग्रीकल्चरल यूनिवर्सिटी, हरियाणा) के सशक्त व्याख्यानों के साथ-साथ विभिन्न शोधार्थियों द्वारा मौखिक एवं पोस्टर प्रस्तुतियां दी गईं। विभाग के सभी शिक्षकगण, शोधार्थी, अन्य विभागों के प्राध्यापक और देशभर से आए प्रतिभागी शामिल रहे। यह संगोष्ठी इस संदेश के साथ संपन्न हुई कि नवाचार, परंपरा और आधुनिक विज्ञान के समन्वय से ही भारत वैश्विक नेतृत्व की ओर बढ़ सकता है।

## दो मासूमों को पश्चिम बंगाल के दो दंपत्तियों को गोद दिया

**गया(नबिटा सं.)।** जिले में एक भावनात्मक और ऐतिहासिक क्षण देखने को मिला जब दो मासूम बच्चों को पश्चिम बंगाल के दो सम्मानित दंपत्तियों को विधिवत रूप से गोद दिया गया। इस दत्तक प्रक्रिया का नेतृत्व जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एस एम द्वारा किया गया। इस अवसर पर सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण इकाई अविनाश कुमार, बाल संरक्षण पदाधिकारी नीरज कुमार तथा समन्वयक, विशेष दत्तक ग्रहण संस्थान, गया अखिलेश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। यह गोद ग्रहण न केवल बच्चों के लिए एक नए जीवन की शुरूआत है, बल्कि समाज के लिए एक प्रेरणा भी है कि हर बच्चे को प्यार, सुरक्षा और एक स्थायी परिवार मिलना चाहिए।

## एक नजर

### थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह का स्थानांतरण

**कोंच (नबिटा सं.)।** कोंच के थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह का स्थानांतरण हुआ और अब उन्हें कोतवाली थाना का थानाध्यक्ष बनाया गया है। शनिवार के दोपहर बताया गया है कि विधि-व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए एसएसपी आनंद कुमार ने कई पुलिस पदाधिकारियों को इधर से उधर किया है। 21 थाना के थानाध्यक्षों को बदले गए हैं जिसमें कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह भी शामिल हैं। वहीं, कोंच में शैलेश कुमार जो आमस में थानाध्यक्ष थे। अब उन्हें कोंच का नए थानाध्यक्ष बनाया गया है।

### मृतक के परिजन से मिल दी सांत्वना

**वजीरगंज(गया) (नबिटा सं.)।** क्षेत्र के केनारट्टी में स्कूल बस के धक्के से एक परिवार का सहारा छीन गया जिसके बाद अब तक कई समाजसेवियों व जनप्रतिनिधियों ने उसके घर जाकर सांत्वना दी एवं सरकार से उचित मुआवजा दिलवाने की जुगत में लगे हैं। शनिवार को आर्यभट्ट चेतना मंच के राष्ट्रीय महासचिव डॉ. रविन्द्र कुमार रवि एवं समाजसेवी सह पूर्व मुखिया जितेन्द्र कुमार उर्फ फन्नू बाबू, पैक्स अध्यक्ष धिरेन्द्र वर्मा सहित अन्य ने मृतक पंकज कुमार के पिता रामजीत रविदास एवं उनकी माता पियरीया देवी व चार बहनों से मिलकर सांत्वना देते हुए हर संभव मदद दिलाने का भरोसा दिलाया।

### वजीरगंज में यज्ञ के लिये ध्वजरोपण

**वजीरगंज(गया)(नबिटा सं.)।** वजीरगंज बाजार के अखंड ज्योति पुस्तकालय स्थित देवी स्थान में आयोजित शतचण्डी महायज्ञ एवं प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के लिये शनिवार को यज्ञ मंडप के निकट ध्वजारोपण किया गया। इसके लिये पूजन उपरांत ध्वज भ्रमण करते हुए बाजार एवं दखिनगांव व पुरा के मंदिरों में जाकर यज्ञ का निमंत्रण दिया गया। गाजे - बाजे के साथ निकले श्रद्धालु समूह पीला वस्त्र धारण कर निमंत्रण व यज्ञ घोषणा यात्रा में शामिल हुए। यज्ञ सहयोगी मनोज सेठ ने बताया कि अखण्ड ज्योति पुस्कालय के देवी स्थान मंदिर में सात दिवसीय श्री शतचंडी महायज्ञ सह शिव परिवार, मां भागवती, पंचमुखी हनुमान एवं वेदमाता गायत्री प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन किया गया है। आगामी 3 मई को जल यात्रा से यज्ञ का शुभारंभ किया जायगा तथा 9 मई को पूर्णाहूति, प्राण प्रतिष्ठा, महाआरती एवं प्रसाद वितरण व भण्डारा के साथ समाप्त होगा। शनिवार को ध्वजारोपण कार्यक्रम में अमर शंकर उर्फ काका सिंह, संजय सिंह, मुरारी प्रसाद गुप्ता, परमेश्वर साव, संतोष वर्णवाल, अनंजय कुमार वर्मा, नवीन सिंह, रंजीत पांडेय, मनीष वर्मा, शंकर सेठ, विजय केसरी सहित अन्य दर्जनों लोग शामिल थे।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यालय में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**गया(नबिटा सं.)।** हनुमान जयंती के पावन अवसर पर राष्ट्रीय मानवाधिकार कार्यालय में शनिवार को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने श्रद्धा भाव से श्री हनुमान जी को नमन करते हुए कहा कि वे शक्ति, भक्ति और सेवा के प्रतीक हैं। उनका जीवन हमें निःस्वार्थ सेवा, समर्पण और अडिग विश्वास की प्रेरणा देता है। हनुमान जी का जन्म संकटों का नाश करने और धर्म की रक्षा हेतु हुआ था। वे भगवान शिव के रुद्रावतार माने जाते हैं। बाल काल से ही उनमें अपार बल, बुद्धि और विद्या का समावेश था।

### होम्योपैथिक चिकित्सा से गंभीर रोगों की चिकित्सा संभव : डॉ अनिल कुमार

**गया (नबिटा सं.)।** शहर के बैरागी मोहल्ले में स्थित दांगी विकास भवन जनता कॉलोनी में होमियोपैथ के जनक डॉ सैम्युल हैनिमैन की 270 वीं जयन्ति समारोह पूर्वक धूमधाम से मनाई गई। समारोह का उद्घाटन हम पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार ने किया। संरक्षक सह जिला बीस सुत्री सदस्य अरविंद कुमार वर्मा, मथुरानाथ प्रसाद दांगी मेमेरियल ट्रस्ट के सचिव डॉ दिनेश सिह एवं बिहार प्रदेश कौटिल्य मंच के वरिष्ठ पदाधिकारी, मानवाधिकार संरक्षण प्रतिष्ठान के सदस्य प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर रविंद्र कुमार के प्रयास से समारोह की सफलता संभव हुआ। डॉ के के प्रसाद सुमन, डॉ उज्जवल नारायण, डॉ प्रमोद कुमार वर्मा, डॉ मोनाली कुमारी, ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि टिकारी विधायक डॉ अनिल कुमार ने डॉ हैनिमैन के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि चिकित्सा के व्यवसायीकरण ने वर्तमान समय में आम लोगों को चिकित्सा लाभ लेने से वंचित किया जा रहा है। ऐसे में होमियोपैथिक चिकित्सा से ही लोगों का कल्याण संभव है क्योंकि होम्योपैथिक में पुरानी एवं जटिल रोग का एकमात्र निदान चिकित्सा संभव है। उन्होंने कहा कि होमियोपैथिक दवा सरल भी है और सस्ती भी।

# महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की होगी व्यवस्था

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** नगर परिषद् टिकारी के विकास के लिए पैसे की कोई कमी नहीं होगी। विकास से संबंधित सभी काम होंगे। इंडोर स्टेडियम निर्माण के लिए विभागीय पड़ताल के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। टिकारी बहुत पुराना नगर निकाय है। यह भवन 1895 का है और नगरपालिका का गठन 1885 का है। इसे सुरक्षित व संरक्षित रखना हमारी जिम्मेवारी है। ये बातें शनिवार को नगर परिषद् टिकारी कार्यालय पहुंचे नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश मिश्रा ने कही। टिकारी में महिलाओं के लिए पिंक टॉयलेट की व्यवस्था होगी। महिलाओं के लिए पिंक बस भी चलायी जाएगी। नये जुड़े क्षेत्रों में नागरिक सुविधा को बहाल करने के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। टिकारी विधायक के अनुरोध पर तुरंत दो सड़कों को स्वीकृति दी गई है। मुख्य पार्षद और उप मुख्य पार्षद ने मांगों की सूची सौंपी है। उस दिशा में भी कार्रवाई की जाएगी। विधायक डॉ. अनिल कुमार ने मंत्री से शहर में एक पार्क निर्माण का अनुरोध किया। मंत्री ने जमीन तलाशने के बाद प्रस्ताव भेजवाने की बात कहीं। इस दौरान विधायक अनिल कुमार, मुख्य पार्षद अजहर इमाम, उप मुख्य पार्षद सागर दीवान, ईओ राजेश कुमार झा, एमआईएस के निदेशक सुधीर कुमार, जेई अंजनी कुमार, पार्षद नीतीश कुमार, सुभय सिंह, गुड्डू शर्मा मौजूद थे।

**एईएस/जेई की रोकथाम के लिए तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी ने की समीक्षा बैठक**

# जेई टीकाकरण के शत-प्रतिशत आच्छादन के दिये निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** एईएस/जेई के मामलों को लेकर जिला एवं प्रखंड स्तर के स्वास्थ्य, आइसीडीएस, शिक्षा, जीविका, प्रखंडों के बीडीओ, मगध मेडिकल कॉलेज के अधीक्षक व प्राचार्य सर्तक एवं अलर्ट मोड में रहें। आने वाले महीनों अर्थात जून जुलाई में अधिक मामले आते हैं। चमकी बुखार की रोकथाम संबंधी आवश्यक तैयारियों की प्रतिदिन समीक्षा करें। पूर्व में चमकी बुखार से हुई मौतों के कारणों की समीक्षा कर उनमें रही कमी के अनुसार आवश्यक तैयारी रखें। जेई टीकाकरण के शत-प्रतिशत आच्छादन के लिए आशा, एएनएम, सीडीपीओ के माध्यम से लाइनलिस्ट तैयार कराया जाये। बीडीओ के स्तर से सभी विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर प्रतिदिन जेई की रोकथाम व टीकाकरण को लेकर समीक्षा बैठक की जाये। सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, ग्रामीण चिकित्सकों की लाइनलिस्टिंग करते हुए अद्यतन प्रतिवेदन सिविल सर्जन को भेजेंगे और उनका जेई रोकथाम को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। बीडीओ, सीडीपीओ, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समन्वय स्थापित कर जेई वैक्सीनेशन को प्राथमिकता देते हुए शतप्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करायें। यह बातें जिले के डीएम डॉ त्यागराजन एसएम ने आज समाहरणालय स्थित सभागार में एएईएस- जेई की रोकथाम को लेकर तैयारियों की ऑनलाइन समीक्षा बैठक में कही। इस दौरान सिविल सर्जन, डीपीएम नीलेश कुमार, डीवीबीडीओ डॉ एमई हक, डीआईओ, सभी प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बीएचएम, बीसीएम, डीपीओ आईसीडीएस, जीविका योजना प्रबंधक, अधीक्षक एवं प्राचार्य मगध मेडिकल कॉलेज सहित विश्व स्वास्थ्य संगठन, पीरामल स्वास्थ्य तथा सीफार के प्रतिनिधि शामिल रहें। समीक्षा बैठक के दौरान जिला वेक्टर जनित रोग नियंत्रण पदाधिकारी डॉ एमई हक ने जिलाधिकारी को चमकी बुखार की रोकथाम को लेकर हुई आवश्यक तैयारियों की अद्यतन जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सभी प्रखंडों में चिकित्सा पदाधिकारी, जीएनएम तथा फार्मासिस्ट को आवश्यक प्रशिक्षण दिया गया है। साथ ही उन्हें चमकी बुखार की रोकथाम के लिए स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसिड्यूर (एसओपी) के पालन करने के लिए कहा गया है। सभी सामुदायिक तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर एईएस- जेई को लेकर स्पेशल वार्ड तैयार किये गये हैं। डीएम ने समीक्षा बैठक के दौरान कम वैक्सीनेशन वाले प्रखंडों के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा।

# कई कांडों में वांछित नक्सली जयराम यादव गिरफ्तार, गया जेल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** कोंच पुलिस ने हीरा यादव हत्याकांड व कई कांडों के वांछित नक्सली जयराम यादव को गुरारू थाना क्षेत्र से गिरफ्तार कर पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। जानकारी के अनुसार औरंगाबाद जिला के बंदेया थाना क्षेत्र के ग्राम टोलपुरा के नक्सली जयराम यादव को गुरारू थाना क्षेत्र से गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर गिरफ्तार किया। गिरफ्तार नक्सली को कोंच थाना में लाकर पूछताछ किया गया। मालूम हो कि विगत 14



जून 2024 को ग्राम कमल विगहा के पूर्व नक्सली हीरा यादव को घर पर ही गोली मारकर हत्या कर दिया गया था जिसमें जयराम यादव को मेन अभियुक्त बनाया गया है। कोंच थानाध्यक्ष धनंजय कुमार सिंह ने कहा कि टिकारी एसडीपीओ सुशांत कुमार चंचल के नेतृत्व में गया से एसटीएफ के जवान व जिला पुलिस के सहयोग से छापेमारी कर जयराम यादव को गिरफ्तार किया गया है। ये कई कांडों में खिजरसराय कांड संख्या 109/02, 77/12 व 60/11 को में फरार चल रहा था।

# दिव्यांग दुकानदार के सीने में मारी गोली, मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** जिले के वजीरगंज प्रखंड के मरडी महुएत गांव में शुक्रवार रात दिव्यांग दुकानदार की सीने में गोली मारकर हत्या कर दी गई। घटना उस वक्त हुई जब वह दुकान के बाहर बैठे थे। वारदात 9 बजे रात की बताई जा रही है। परिजन उसे गंभीर हालत में वजीरगंज अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान 42 वर्षीय सुमिन्द्र साव के रूप में हुई है, जो मरडी महुएत गांव निवासी दशरथ साव का बेटा था। सुमिन्द्र अविवाहित था और एक पैर से दिव्यांग था। वह गांव में ही छोटी किराना दुकान चलाता था जिसमें कोल्ड ड्रिंक और तेल बेचता था। मृतक के भाई विजय साव के अनुसार शाम में बिजली नहीं थी, इसलिए सुमिन्द्र दुकान के बाहर बैठा था। तभी गांव का ही एक युवक पिस्टल लहराते हुए निकला और अचानक सुमिन्द्र को सीने में गोली मार दी। फायरिंग की आवाज सुनकर विजय दौड़ा, लेकिन तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। विजय ने बताया कि सुमिन्द्र की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी, वह शांत स्वभाव का इंसान था। घटना की सूचना मिलते ही वजीरगंज थाना पुलिस मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष वेंकटेश्वर ओझा ने बताया कि परिजनों के बयान के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है। पुलिस ने गांव में पूछताछ शुरू कर दी है और आसपास के इलाकों की नाकेबंदी की गई है। ग्रामीणों ने जल्द आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान हो चुकी है और उसे जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। वजीरगंज एसडीपीओ सुनील पांडे ने बताया कि मृतक के परिजन ने फिलहाल हत्या का कारण नहीं बताया है।

# हिन्दू जागरण मंच व युवा वाहिनी के तत्वावधान में शोभा यात्रा सह अखाड़ा जुलूस का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी(गया)।** हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर शनिवार को हिन्दू जागरण मंच व युवा वाहिनी के तत्वावधान में शोभा यात्रा सह अखाड़ा जुलूस का आयोजन किया गया। अखाड़ा जुलूस में नगर विकास एवं आवास मंत्री जीवेश मिश्रा, पूर्व सांसद सुशील सिंह, क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार, भाजपा नेता मुकेश शर्मा, मगध इंटरनेशनल विद्यालय के निदेशक सुधीर कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। देर रात तक शहर के मुख्य मार्ग पर आकर्षक साज सज्जा के साथ झांकी निकाली गई वहीं ताशा ढोल की झंकार से लोग झूम उठे। अखाड़ा की शुरूआत उस्ताद विश्वनाथ कसेरा व अध्यक्ष संतोष पांडेय को पगड़ी पहना कर किया गया। वहीं समिति की ओर से आगत अतिथियों का स्वागत पगड़ी पहना व तलवार भेंट कर किया गया। पंजाब की महाकाल इवेंट की टीम बॉबी राजपूत के नेतृत्व में राधा कृष्ण, बाहुबली हनुमान, बाहुबली शंकर, काली मां का रौद्र रूप इत्यादि का रूप धारण कर बकड बम, बम लहरी, रण में कूद पड़ी मां काली, तेरी मेरी कट्टी हो जाएगी, शिव गौरी इत्यादि गीतों पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कलाकार में महाकाल इवेंट की टीम सेबी, जस्सी, प्रीत, आंचल, आकाश, जोत, गौरव, राम, रोहित, गगन इत्यादि शामिल थे। बाहुबली हनुमान व कटप्पा झांकी का आकर्षण का केंद्र रही। वहीं रामगढ़ से आई सुनामी ए वन की टीम मिराज के नेतृत्व में ताशा ढोल व विभिन्न वाद्य यंत्र से झंकार निकाल रामभक्तों को खूब झुमाया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजीव सिन्हा, छोटू बजरंगी, शम्भू गुप्ता, प्रभात चन्द्र, विजय गुप्ता, मुकेश जैन, अखिलेश सिंह, गणेश प्रसाद, रणजीत मुखिया, अविनाश, राजू, सुशील, दीपक, सागर इत्यादि शामिल थे।

**रामभक्ति देख अभिभूत हो गया- जीवेश मिश्रा**

अखाड़ा जुलूस में आये रामभक्तों को नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री जीवेश मिश्रा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि टिकारी के रामभक्तों की भक्ति देख अभिभूत हूं। मिथिला की नगरी से मैं आता हूं यह रामभक्ति गौरव करने वाला है। हनुमान जन्मोत्सव पर अखाड़ा की परंपरा अदभुत है। पूर्व सांसद सुशील सिंह ने जय श्री राम के नारे लगवाये व क्षेत्र के लोगों का आभार प्रकट किया। क्षेत्रीय विधायक डॉ अनिल कुमार ने सम्बोधन में कहा कि सनातन की यह खूबसूरती अद्वितीय है। एकता की प्रतीक को यह जुलूस साबित करता है।

## एस पब्लिक स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बांके बाजार।** प्रखंड के बिसनपुर गांव स्थित जी एस पब्लिक स्कूल में शनिवार को बच्चों द्वारा मनभावन सांस्कृतिक कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित करके तथा फीता काट कर शुभारंभ किया गया जिससे पूरे माहौल में उत्साह की लहर दौड़ गई। मुख्य अतिथि के रूप में शिक्षक संघ के अध्यक्ष मुख्यदेव कुमार यादव, सामाजिक कार्यकर्ता रविन्द्र कुमार तथा डायल 112 के पुलिस अधिकारी सुबोध कुमार कार्यक्रम में शामिल हुए। उनके स्वागत और आशीर्वाद से बच्चों में उमंग और आत्मविश्वास का संचार हुआ। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां आयोजित की गईं, जिनमें नृत्य, संगीत और नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोह लिया। स्कूल के निर्देशक नीरज कुमार ने शनिवार को दोपहर 3 बजे अभिभावकों और सभी उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए बताया कि वर्तमान समय में शिक्षा का महत्व अत्यंत बढ़ गया है। उन्होंने यह संदेश दिया कि ऐसी सांस्कृतिक गतिविधियां न केवल बच्चों के सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं, बल्कि उनमें आत्मविश्वास, संगठनात्मक कौशल एवं सामाजिक चेतना भी विकसित करती हैं। अभिभावकों ने भी इस आयोजन की सराहना की और भविष्य में ऐसे एवं कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की अपील की।

# ब्लेसिंग्स संस्था द्वारा हरित सफर अभियान के अंतर्गत शहरी परिवहन पर डिबेट का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** शनिवार को अनुग्रह कॉलेज, गया में ब्लेसिंग्स संस्था के तत्वावधान में हरित सफर अभियान के अंतर्गत एक विचार गोष्ठी (डिबेट) का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य विषय था शहरी परिवहनः समस्याएं एवं समाधान, जिसमें गया के विभिन्न कॉलेजों से आए छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में ब्लेसिंग्स संस्था की सचिव प्रियंका यादव, प्रोफेसर श्वेता जी तथा अन्य विशिष्ट अतिथि उपस्थित रहे। सभी ने छात्रों को शहरी परिवहन के महत्व, उसमें सुधार की आवश्यकता तथा विशेष रूप से लैंगिक दृष्टिकोण से समावेशी परिवहन व्यवस्था पर अपने विचार प्रस्तुत किए। छात्रों ने गया शहर की वर्तमान परिवहन व्यवस्था की चुनौतियों पर खुलकर चर्चा की और कई व्यावहारिक सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस डिबेट के माध्यम से न केवल छात्रों में सामाजिक जागरूकता का विकास हुआ, बल्कि शहर को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक संवाद भी प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर ब्लेसिंग्स संस्था की सचिव प्रियंका यादव ने कहा कि हमारा प्रयास है कि युवा पीढ़ी शहरी मुद्दों को समझे और समाधान की दिशा में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। हरित सफर एक ऐसा मंच है, जो समाज में जागरूकता और संवाद को बढ़ावा देता है।

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं.: डब्ल्यू_एलएलएच_02_2025-26, दिनांक 09.04.2025;** उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/विद्युत, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए तकनीकी रूप से सक्षम निविदादाताओं से ऑनलाइन ई-निविदाएं (खुली निविदा) आमंत्रित की जाती हैं : **कार्य का नामः** सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ में आईसीएफ एवं एलएचबी टाइप एसी कोचों की विद्युतीय सामग्रियों की स्ट्रिपिंग, स्थानांतरण, स्क्रबिंग, धूल निकालना, सफाई, फिटमेंट, पेंटिंग एवं अन्य आनुषंगिक कार्य। **कार्य की अनुमानित लागतः** रु. 1,06,54,815.40; **बयाना राशिः** रु. 2,03,300; **निविदा बंद होने की तारीख एवं समयः** 02.05.2025 को अपराह्न 2.00 बजे। **वेबसाइट जहां निविदा का सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध हैः www.ireps.gov.in**

(MISC-14/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करेंः @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न श्रेणियों के स्टेशनों में जनरल माइनर यूनिटों (जीएमयू) तथा स्पेशल माइनर यूनिटों (एसएमयू) के जरिए कैटरिंग सेवाओं के प्रावधान हेतु ई-नीलामी**

**सं. सीओएम/सीएटीजी/न्यू अलॉटमेंट/ऑक्शन/2022, दिनांकः 11.04.2025.** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, चौथी मंजिल, रेल यात्री निवास बिल्डिंग, नया परिसर भवन, हावड़ा स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के लिए ई-नीलामियां आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** 05 वर्षों के लिए हावड़ा मंडल के डी एवं ई श्रेणी स्टेशनों में 10 अदद जनरल माइनर यूनिट (जीएमयू) तथा बी, सी, डी, ई एवं एफ श्रेणी स्टेशनों में 30 अदद स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू) के जरिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान। ई-नीलामी **www.ireps.gov.in** पर आमंत्रित की गई है। ●**नीलामी सूचीपत्र सं.: सीएटीजी-एपीआर-25-25; सिक्वेंस सं.; लॉट सं./श्रेणी; विवरण; बंद होने की तारीख/समय** क्रमशः निम्नलिखित हैं : **एए/1;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-केएलपी-जीएमयू-46-22-2; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, सुबह 10.30 बजे। **एए/2;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-टीआईटी-जीएमयू-8-22-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, सुबह 10.40 बजे। **एए/3;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-केजीएलई-जीएमयू-73-24-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, अनारक्षित-सभी के लिए खुला; 25.04.2025, सुबह 10.50 बजे। **एए/4;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-सीडब्ल्यूएलई-जीएमयू-9-22-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा... में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, अनारक्षित-सभी के लिए खुला; 25.04.2025, पूर्वाह्न 11.00 बजे। **एए/5;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-जीएचएलई-जीएमयू-10-22-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, अनारक्षित-सभी के लिए खुला; 25.04.2025, पूर्वाह्न 11.10 बजे। **एए/6;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एमएलवी-जीएमयू-2-22-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, पूर्वाह्न 11.20 बजे। **एए/7;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-आरजेजी-जीएमयू-80-24-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, अनारक्षित-सभी के लिए खुला; 25.04.2025, पूर्वाह्न 11.30 बजे। **एए/8;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-टीबीबी-जीएमयू-47-22-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, पूर्वाह्न 11.40 बजे। **एए/9;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एनएचटी-जीएमयू-76-24-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जी... के जरिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, पूर्वाह्न 11.50 बजे। **एए/10;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एलसीएई-जीएमयू-52-22-1; [कैटरिंग-जनलर माइनर यूनिट (जीएमयू)]; जेनेरा.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, दोपहर 12.00 बजे। **एबी/1;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-जीआरपी-एसएमयू-34-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, दोपहर 12.10 बजे। **एबी/2;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-जीजीएलई-एसएमयू-22-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, दोपहर 12.20 बजे। **एबी/3;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीपीईई-एसएमयू-49-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, दोपहर 12.30 बजे। **एबी/4;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-पीकेआर-एसएमयू-48-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, दोपहर 12.40 बजे। **एबी/5;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-केएनएसएन-एसएमयू-23-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, दोपहर 12.50 बजे। **एबी/6;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीडीएच-एसएमयू-20-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 1.00 बजे। **एबी/7;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-केक्यूयू-एसएमयू-53-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 1.10 बजे। **एबी/8;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-टीवाईईई-एसएमयू-25-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 1.20 बजे। **एबी/9;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एनकेएल-एसएमयू-36-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 1.30 बजे। **एबी/10;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीजीआरए-एसएमयू-39-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 1.40 बजे। **एबी/11;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीक्यूवाई-एसएमयू-42-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 1.50 बजे। **एबी/12;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-डीबीपी-एसएमयू-32-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 2.00 बजे। **एबी/13;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-सीटीआर-एसएमयू-21-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 2.10 बजे। **एबी/14;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एलएपी-एसएमयू-27-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 2.20 बजे। **एबी/15;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-सीजीआर-एसएमयू-79-24-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 2.30 बजे। **एबी/16;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एएमपी-एसएमयू-83-25-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; 05 वर्षों के लिए कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 2.40 बजे। **एबी/17;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-जीएमएएन-एसएमयू-44-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 2.50 बजे। **एबी/18;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीओआई-एसएमयू-43-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 3.00 बजे। **एबी/19;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीजीएफ-एसएमयू-38-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 3.10 बजे। **एबी/20;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएल-एसएमयू-50-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 3.20 बजे। **एबी/21;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीजेडएलई-एसएमयू-17-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 3.30 बजे। **एबी/22;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-केपीएलई-एसएमयू-24-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 3.40 बजे। **एबी/23;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एसीएलई-एसएमयू-19-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 3.50 बजे। **एबी/24;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-बीपीएस-एसएमयू-13-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 4.00 बजे। **एबी/25;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-आरसीडी-एसएमयू-26-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 4.10 बजे। **एबी/26;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एमजीई-एसएमयू-18-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 4.20 बजे। **एबी/27;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-जेएचबीएन-एसएमयू-15-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 4.30 बजे। **एबी/28;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एनजीएफ-एसएमयू-45-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 4.40 बजे। **एबी/29;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-एसएचबीसी-एसएमयू-51-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 4.50 बजे। **एबी/30;** सीएटीजी-एचडब्ल्यूएच-टीएलओ-एसएमयू-37-22-1; [कैटरिंग-स्पेशल माइनर यूनिट (एसएमयू)]; स्पेश.. में कैटरिंग सेवाओं का प्रावधान, आरक्षित, विवरण के लिए यहां क्लिक करें; 25.04.2025, अपराह्न 5.00 बजे। **दर इकाईः** प्रत्येक के लिए वार्षिक लाइसेंस शुल्क। **ट्रिप/दिनः** प्रत्येक के लिए 1826। **न्यूनतम वृद्धिः** प्रत्येक के लिए 0.2%। **ईएमडीः** प्रत्येक के लिए 10%। **अपेक्षित टर्नओवरः** प्रत्येक के लिए शून्य। (HWH-26/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

CMYK

**संपादकीय**

# तहव्वुर की वापसी, कई राज खुलेंगे

सत्रह साल पहले देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में हुए आंतकी हमले के मास्टर माइंड तहव्वुर राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण निश्चय ही मोदी सरकार की कूटनीतिक सफलता है। मोदी सरकार के निरंतर प्रयासों और मोदी ट्रंप मैत्री का इतना लाभ तो निश्चित ही हुआ है कि तहव्वुर जैसा शातिर आतंकी भारत लाया जा सका है। अब तहव्वुर उसी भारत में आपराधिक मुकदमों का सामना करेगा, जिसके मुंबई शहर में उसने इसे क्रूर तरीके से अंजाम दिया है। तहव्वुर पर केस विशेष एनआईए अदालत में चलेगा, उसके पहले ही उसे फांसी की सजा देने की मांग उठने लगी है। गौरतलब है कि पाक एजेंसी आईएसआई ने आंतकी संगठन लश्करे तैयबा के साथ मिलकर मुंबई में भयंकर विस्फोट किए थे, जिसमें सवा सौ लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी। तीन सौ से ज्यादा घायल हुए थे। पूरी तैयारी न होने के बाद भी मुंबई पुलिस ने आतंकियों का बहादुरी से मुकाबला किया, जिसमें 10 में से 9 आतंकी मारे गए और एक कसाब जिंदा पकड़ लिया गया, जिसे कोर्ट से फांसी हुई। लेकिन यह अभी भी राज बना हुआ है कि इस पूरे हमले को किस मकसद से और कैसे अंजाम दिया गया? इसमें कौन-कौन एजेंसियां और लोग शामिल थे? मूलतः चिकित्सक तहव्वुर कनाडाई नागरिक है और आंतकी संगठनों से जुड़ गया था। उसी ने मुंबई में रैकी कर विस्फोट करवाए और बाद में भागकर अमेरिका चला गया। मुंबई विस्फोटकों में उसके शामिल होने का पता तब चला जब अमेरिकी खुफिया एजेंसी एफबीआई ने राणा के एक और साथी डेविड कोलमैन हेडली को पकड़ा। उसी ने बताया कि पूरे कांड को तहव्वुर राणा ने अंजाम दिया। पकड़े जाने के बाद शातिर तहव्वुर ने अमेरिका से भारत प्रत्यर्पण न करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया। लेकिन अंततः भारत की जीत हुई। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ट ट्रंप ने दूसरी बार पद संभालने के बाद भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से अपनी मुलाकात में स्पष्ट कर दिया था कि अमेरिका तहव्वुर को भारत भेजेगा। तहव्वुर ने अमेरिका से उसे भारत प्रत्यर्पित न किए जाने के लिए हर तरह के हथकंडे अपनाए। ने अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दोहरे खतरे सिद्धांत (ष्ठशह्वड्ढद्यद्ग छ्वद्गश्चड्डह्म्स्र4) का हवाला दिया था। इसके तहत किसी व्यक्ति को एक ही अपराध के लिए एक से अधिक बार सजा नहीं दी जा सकती। तहव्वुर राणा ने तर्क दिया कि मुंबई आतंकी हमले की साजिश रचने के आरोप में वह अमेरिका में सजा काट चुका है, ऐसे में उसे अब भारत प्रत्यर्पित करना दोहरे खतरे के सिद्धांत का उल्लंघन होगा। हालांकि भारत का प्रतिनिधित्व एक मजबूत कानूनी टीम कर रही थी, जिसने अपने तर्कों से तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण से बचने की हर कोशिश को नाकाम कर दिया। वह साल 2009 से अमेरिका की जेल में बंद था। अब भारत लाकर उसे 2008 के मुंबई हमले के मामले में न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। केंद्र सरकार ने नरेंद्र मान को विशेष लोक अभियोजक नियुक्त किया है, जो एनआईए की तरफ से सुनवाई में शामिल होंगे। तहव्वुर की भारत वापसी भारत व अमेरिकी सरकारों के आपसी समन्वय विश्वास के कारण ही संभव हुआ है। तहव्वुर के भारत आने से मुंबई बम कांड की कई पर्तें खुलेंगी, जिसमे पाकिस्तान की भूमिका भी शामिल है। पाकिस्तान ने तहव्वुर को भारत लाए जाते ही उससे दूरी बना ली है। इधर भारत में तहव्वुर की वापसी पर सियासी घमासान भी शुरू हो गया है। भाजपा इसे मोदी सरकार के प्रयासों का नतीजा बता रही है तो कांग्रेस का कहना है कि उसके कार्यकाल में भी काफी प्रयास प्रत्यर्पण हुए थे, लेकिन सफलता नहीं मिली थी।

# अपने कर्मों का संसार ऑक्सीजन पर वार



**रवि तिवारी**

आज सबेरे जैसे ही मैंने मोबाइल खोला मुझे मेरे मित्र के द्वारा भेजा गया उक्त संदेश प्राप्त हुआ। उसे पढ़ने के बाद मेरे मन में जो विचार आये उसे मैं लिख रहा हूं उसे ध्यान से पढ़िएगा और मन ही मन मनन करिएगा:-

इन विचारों को पढ़ने के बाद देश के नेताओं और अधिकारियों में यह विचार आ सकता है जब एक व्यक्ति अपने पूरे जीवन में पांच करोड़ रुपए से ऊपर की ऑक्सीजन मुफ्त में ले रहा है तो यह देश के साथ बहुत बड़ा अन्याय है अतः इनके ऊपर कोई न कोई टैक्स जरूर लगाना चाहिए।यह एक राजनीति का बेहतरीन मुद्दा भी बनाया जा सकता है।

## अब बानगी देखिए--

1.अधिकारी वर्ग :-

अधिकारी कहेगा की इतनी कीमती व बहुमूल्य ऑक्सीजन मुफ्त में ही उपयोग की जा रही है और सरकार को इससे एक पैसे का भी फायदा नही हो रहा है। अतः इस पर हमे टैक्स लगाना चाहिए जिससे लोगो को इसकी अहमियत मालूम हो सके और सरकार को कुछ अर्थ की प्राप्ति होती रहे। इस प्रयोजन से सरकार को मिलने वाली टैक्स की राशि से हम उसका उपयोग इस देश में अधिक से अधिक ऑक्सीजन पैदा करने में खर्च करेंगे - जैसे सघन वृक्षारोपण, कृत्रिम रूप से ऑक्सीजन बनाने के कारखाने स्थापित कर सकते हैं।इसके लिए एक अलग से विभाग बना दिया जाएगा जिसके कार्यालय देश के कोने-कोने में होंगे। भारी मात्रा में कर्मचारियों की नियुक्ति की जाएगी, जिससे लोगों को रोजगार भी मिलेगा।कार्यालय पूर्ण सुविधायुक्त होंगे, जिससे वहां काम करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को नए नए विचार आयेंगे और उस पर वे पूरी शक्ति के साथ मन लगा कर उस पर अमल कर सकेंगे, जैसा की शासकीय कार्य में होता है बड़े-बड़े सेमिनार वर्कशॉप, विदेश भ्रमण ( अन्य देशों में इस तरह का कोई प्रावधान है इसको जानने और सीखने के लिए ) का भी आयोजन किया जाएगा। इन सब का फायदा देश की जनता को ही मिलेगा। जिससे भारत की जनता को सतत रूप से बिना किसी रूकावट के ऑक्सीजन मिलती रहे सब जगह एक जैसी।

उक्त प्रस्ताव को सरकार के समक्ष विचारार्थ प्रस्तुत किया जाएगा।

## 2.नेताओं की जमात--

1.यह प्रस्ताव अलोकतांत्रिक है भारत की पूरी जनता को इसमें एक दृष्टिकोण से समाहित करने की योजना है जोकि पूर्ण रूप से गलत है। जैसा की सबको पता है की अनेकता में एकता वाला यह देश है, तो इसमें जो अनेकता है उसको देखते हुए योजना बननी चाहिए।

2. हमे यह याद रखना होगा कि इस देश की ऑक्सीजन पर अल्पसंख्यको का पहला अधिकार है।

3.हमें यह नही भूलना चाहिए की इस देश में स्वतंत्रता के बाद आरक्षण की सुविधा है जिसमें दिनों-दिन बढ़ोतरी हो रही है इसलिए आरक्षित वर्ग को ऑक्सीजन या तो मुफ्त में मिले या फिर उनके लिए टैक्स बहुत कम होना चाहिए।

4.एक प्रस्ताव यह भी है की अल्पसंख्यक और आरक्षित वर्ग को मुफ्त में रक्षा ऑक्सीजन लेने की सुविधा सतत बनी रहे तथा जो सामान्य वर्ग के लोग हैं या जिसे हम उच्च कोटि के लोग कहते हैं उन्हें ही ऑक्सीजन के ऊपर टैक्स देना होगा या फिर वह ऐसा कानून बने की यह वर्ग प्रकृति से केवल हफ्ते में दो दिन ऑक्सीजन ले सकते हैं, बाकी समय उन्हें कृत्रिम गैस सिलेंडर से ऑक्सीजन लेकर काम चलाना होगा, क्योंकि टेक्स लगाने का उद्देश्य ऑक्सीजन के गैस सिलेंडरों के उत्पादन में भी वृद्धि करना है अन्यथा इस उद्देश्य की पूर्ति कैसे होगी।

5.जो सामान्य वर्ग का व्यक्ति यदि समय सीमा से बाहर प्राकृतिक ऑक्सीजन लेते पाया जाता है तो उस पर देशद्रोह का मुकदमा चलाने का भी इसमें प्रावधान किया जाए ।

6.महिला वर्ग के लिए इसमें कोई अलग से प्रावधान नहीं है उन्हें ऑक्सीजन की बहुत ज्यादा जरूरत पड़ती है अतः प्राकृतिक ऑक्सीजन में महिलाओं का भी आरक्षण किया जाए उन्हें कम से कम 33त्न ऑक्सीजन का कोटा मिले।

7.देश के नौजवानों को ऑक्सीजन की अत्यधिक आवश्यकता है अतः ऐसा प्रावधान होना चाहिए कि अधिक से अधिक ऑक्सीजन लेने का अधिकार नौजवानों का हो।

बुजुर्गों का या वरिष्ठ नागरिकों को दिन में धीरे-धीरे सांस लेने का कानून बनाया जाए जिससे वे पृथ्वी का ऑक्सीजन ज्यादा नहीं ले पाए।

8.पेड़ पौधे भी रात को ऑक्सीजन लेते हैं इसका भी ध्यान रखना चाहिए और ऑक्सीजन कार्यालय को ऐसे पेड़ लगाने चाहिए जो केवल ऑक्सीजन ही देते हो लेते ना हो।

9.सबेरे सबेरे योगाभ्यास करने वाले वर्ग को सतर्क करना चाहिए अन्यथा वे रोज सवेरे सबेरे पूरी ऑक्सीजन ले लेंगे।

10.यह कैसे तय होगा कि कौन कितनी ऑक्सीजन लेता है। अतः यह प्रावधान किया जाना चाहिए कि हर व्यक्ति के शरीर में एक मीटर लगा दिया जाए जिससे यह पता लग सके की वह दिन में कितनी ऑक्सीजन लेता है, और कानून का बराबर पालन हो रहा है या नहीं। इसका मोनिटरिंग सिस्टम ऑक्सीजन कार्यालय में होना चाहिए जिससे कोई बदमाशी ना हो पाए।

## नियति-

कानून तो नहीं बन पाया लेकिन इस मुद्दे को लेकर राजनीति गरमा गई है और अगला चुनाव इसी मुद्दे पर लड़ा जाएगा देश की सरकार इस मुद्दे पर बदल भी सकती है सब लोग अल्पसंख्यक और आरक्षित वर्ग के लिए आंसू बहा रहे हैं,और इससे होने वाली कमाई पर भी राजनीतिक दलों तथा अधिकारी वर्गों की निगाहे लगी हुई है।

देश का मीडिया अपनी रोजी-रोटी सेकने में लगा है रोज ञ्जड्ड पर बहस हो रही है। समाचार पत्रों पर बड़े-बड़े लेख लिखे जा रहे हैं नेताओं के इंटरव्यू छप रहे हैं जनता अपने सारे मूल समस्याओं को भूल कर ऑक्सीजन में उलझ गई है।

## घोषणा पत्र-

1.एक पार्टी के घोषणा पत्र में इस को प्रमुखता से स्थान देकर जनता को इस बात का भरोसा दिलाया गया है कसम राम की खाते हैं कि हम यह कानून लाने नहीं देंगे।

2.किसी और पार्टी के घोषणापत्र में लिखा गया है कि हम इस कानून के साथ देश के अल्पसंख्यक और आरक्षण वर्ग के लोगों का पूरी तौर से ख्याल रखेंगे क्योंकि इस देश के संसाधनों व ऑक्सीजन पर उनका पहला अधिकार है।

3.किसी और पार्टी ने अपने घोषणापत्र में लिखा है हम आपसे वादा करते हैं अगर हमारी सरकार आई तो गरीबों को मुफ्त में ऑक्सीजन मिलेगी और अमीरों को प्राकृतिक ऑक्सीजन लेने से वंचित किया जाएगा वे सक्षम है अतःउन्हें जीने के लिए अपने ऑक्सीजन की व्यवस्था खुद करनी होगी।

## अंततः

देश में राजनीति गरमा गई है वातावरण बनाना शुरू हो गया है परिणाम स्वरुप देश के पेड़-पौधे बिना किसी देखरेख के मरते जा रहे हैं ।देश के कई भागों में तापमान ऐतिहासिक होता जा रहा है। पशु पक्षी मर रहे हैं, देश की राज नेता और उनके दल आपस में लड़ रहे हैं, इससे किसका भला होगा पता नहीं लेकिन एक बात तो तय है सबसे ज्यादा नुकसान इस पृथ्वी पर बसे इंसानों पशु पक्षियों प्राकृतिक शक्तियों का पूरी तरह से नुकसान हो रहा है।

## परिणाम-

राजनीतिज्ञ इस देश को क्या देंगे इसका तो पता नहीं लेकिन प्रकृति परिणाम स्वरुप इसकी भयंकर सजा प्रकृति को उसकी गोद में पल रहे जीव जंतुओं को,इंसानों को अवश्य देगी यह तय है।हम इतने सालों से इनके ऐसे ही चक्करों में फंस कर अपना सब कुछ गंवा कर इन्हें मजबूत बनाते चले जा रहे है।

**( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार हैं )**

**अध्यात्म**

## नाम जप की महत्ता

एक बार की बात है राजा एवं महामंत्री ने मार्ग में किसी ब्राह्मण को भीख माँगते देखा। राजा ने महामंत्री से पूछा- यह क्या है? महामंत्री ने तत्काल कहा- महाराज! भूला हुआ है। राजा ने कहा- तो इस पण्डित को रास्ते पे लाओ। महामंत्री ने कहा- आ जायेगा, राजन! पर समय लगेगा। कृपया तीन माह की अवधि दीजिये। राजा ने स्वीकृति दे दी। शाम को महामंत्री ब्राह्मण के घर गया और ब्राह्मण से विद्वान होकर भीख मांगने का कारण पूछा। ब्राह्मण के बताने पर महामंत्री ने कहा, कल से प्रात- आप चार बजे जाग जायँ और मेरे लिये दो घण्टे हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे नाम जप करें, शाम को एक स्वर्ण मुद्रा रोज आपके घर पहुँचा दी जायेगी। ब्राह्मण को पहले तो यह सुन कर आश्चर्य हुआ, किन्तु मन ही मन सोचा कि ऐसा करने में क्या हर्ज है। जप करना स्वीकार कर लिया। पिछले जन्म के कुल के सँस्कार शुभ थे। चार बजे उठने और नाम जप करने में कोई कठिनाई नहीं हुई। रोज शाम को एक स्वर्ण मुद्रिका मिल जाने से धीरे-धीरे ब्राह्मण धनवान हो गया। अभ्यास करते करते राम कृष्ण नाम के दिव्य सँस्कारो ने दबे सुसंस्कारो को उभारा। एक दिन ब्राह्मण ने सोचा कि यदि महामंत्री के लिय नाम-जप ने धनाढ्य बना दिया तो स्वयं के लिये जपने से तो लोक और परलोक दोनो धनाढ्य हो ही जाएँगे। ऐसा सोच कर रोज दो घण्टे खुद के लिये जपने लगे। भगवान नाम की ऐसी कृपा हुई की ब्राह्मण की कामनाएँ खत्म होने लगी और एक दिन ब्राह्मण ने महामंत्री से कहा- आप कृप्या सोने की मुद्रिका ना भेजें मैं अब केवल अपने लिये ही जप करूँगा। प्रभु नाम की उपासना ने मेरा विवेक एवं वैराग्य जाग्रत कर दिया, प्रभु भक्ति की लग्न लग गयी। एक दिन ब्राहमण ने पत्नी से कहा-ईश्वर कृपा से अपनी गरीबी दूर हो गयी। सब ठीक हो गया अब आप अनुमति दें तो मैं एकान्त में रहकर नाम जप साधना करना चाहता हूँ। पत्नी साध्वी थी अत- उसने स्वीकृति दे दी। अब ब्राह्मण देवता सतत प्रभु स्मरण में रंग गये। साधना फलने फूलने लगी। लोग दर्शनार्थ पधारने लगे धीरे-धीरे बात राजा तक पहुँची तो राजा भी एक दिन महामंत्री के साथ महात्मा के दर्शन करने पधारे। वापिस लौटते समय राजा ने कहा- महात्मन् मैं भारत का राजा आपसे प्रार्थना करता हूँ, यदि आपको किसी चीज की जरूरत पड़े तो निःसंकोच संदेश भिजवाईयेगा, तत्काल मिलेगी। ब्राह्मण देवता मुस्कुराये ओर बोले- राजन् आपके पास ऐसा कुछ नहीं जिसकी मुझे जरूरत हो। हाँ यदि आपको कुछ चाहिये तो माँगने में संकोच मत करना। महामंत्री ने कहा- राजन् आपने पहचाना इनको, ये वही ब्राह्मण हैं जो तीन माह पूर्व भीख माँग रहे थे। प्रभु नाम के जप ने एक भिखारी को सच्चा दाता बना दिया है। यह सुनकर राजा बड़े हैरान हुये। ये है नाम जप का प्रभाव जो भिखारी से सच्चा दाता बना दे।

# राज्यपालों को संवैधानिक गरिमा बनाए रखने की जरूरत

**प्रमोद भार्गव**

राज्यपाल ने दस विधेयकों को लंबे समय से रोक रखा था। अब इन विधेयकों को अदालत ने उसी तिथि से मान्य करने का आदेश दिया है, जब इन्हें पुनः राज्यपाल को स्वीकृति के लिए भेजा गया था। इनमें से ज्यादातर विधेयक जनवरी 2020 से अप्रैल 2023 के बीच पारित हुए थे। तय है, शीर्ष न्यायालय ने राज्य विधायिका के विधायी अधिकारों की पुष्टि कर दी है। भविष्य में अब राज्यपाल विधेयकों को दबाकर नहीं रख पाएंगे। उन्हें राज्य मंत्रिपरिषद की सलाह पर काम करना होगा। इस नाते यह ऐसा ऐतिहासिक फैसला है, जो राज्यपालों को संवैधानिक गरिमा बनाए रखने के लिए बाध्य करेगा।

राज्यों में राज्यपालों की नियुक्ति और उनेक पूर्वग्रहों से प्रभावित कार्यप्रणाली के चलते इस संवैधानिक पद की गरिमा और औचित्य पर सवाल उठते रहे हैं। ऐसे विवादित मामलों में ज्यादातर विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्तियों से जुड़े होते हैं। याद रहे कुछ साल पहले बिहार में राज्यपाल रहे व्यक्ति पर विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की रिश्वत लेकर नियुक्तियां किए जाने संबंधी मामला सर्वोच्च न्यायालय पहुंचा था। इस सिलसिले में न्यायालय ने पाया था कि राज्यपाल ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए पक्षपात किया है। यह बेहद गंभीर स्थिति है, क्योंकि कुलपतियों की नियुक्ति का राज्यपालों को सीधा अधिकार है। ऐसे ही अधिकार लोकायुक्तों की नियुक्ति के परिप्रेक्ष्य में मिले हुए हैं। गुजरात में राज्यपाल डॉ कमला बेनीवाल द्वारा न्यायमूर्ति आरए मेहता की लोकायुक्त पद पर की गई नियुक्ति चर्चा और विवाद का विषय रही थी। आखिर में मेहता को इस्तीफा देना पड़ा था।

# समय से पहले आई खूबसूरती से क्यों भयभीत हैं पहाड़ी

> **बुरांश के फूलों के जल्दी खिलने का असर पारिस्थितिकीय तंत्र पर भी पड़ता है। दरअसल, बुरांश के फूलों पर कई पक्षी, कीड़े और अन्य जीव आश्रित होते हैं। यदि फूल समय से पहले या अनियमित रूप से खिलते हैं, तो यह खाद्य श्रृंखला गड़बड़ा जाती है। बुरांश के फूलों का उपयोग सिरप और जूस आदि बनाने में होता है। अनियमित फूलों की वजह से इनमें रस कम बनता है और किसानों और स्थानीय लोगों की कमाई भी प्रभावित होती है। यही लोगों की चिंता का कारण है। अब अगर पहाड़ों का सौंदर्य,तापमान,वर्षीय,बर्फ,बुरांश और प्राकृतिक चक्र बनाए रखना है तो प्रकृति का संरक्षण करना होगा, अंधाधुंध फैलते कंक्रीट के जंगल की रफ्तार थामनी होगी और पहाड़ों को रौंदती मोटरगाड़ियों की संख्या को नियंत्रित करना होगा वरना पहाड़ और प्लेन में कोई अंतर नहीं रह जाएगा।**

**संजीव शर्मा**

हिमाचल प्रदेश या पूरे हिमालय में सौंदर्य के प्रतीक से इन दिनों क्यों भयभीत है लोग? क्यों उन्हें यह सुंदरता रास नहीं आ रही? खूबसूरती से क्यों नाखुश है पर्वतीय इलाकों के रहवासी और प्राकृतिक सौंदर्य के उपासक क्यों नहीं चाहते असमय प्रकृति की नेमत? ये ऐसे कुछ सवाल हैं जिनके जवाब हमें केवल पर्वतीय इलाकों के जानकार ही दे सकते हैं। आखिर, कोई तो बात होगी जिसके फलस्वरूप यहां के लोगों को प्राकृतिक सुंदरता पसंद नहीं आ रही?

हम बात कर रहे हैं कि पर्वतीय राज्यों के सबसे खूबसूरत वरदान बुरांश की। बुरांश का पेड़ और इसके फूल हिमाचल प्रदेश सहित देश के तमाम पर्वतीय राज्यों के सामाजिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और प्राकृतिक संस्कारों से जुड़े हैं। बुरांश न केवल खूबसूरत है बल्कि सेहत की अनेक नेमतों से परिपूर्ण भी है। यह अर्थव्यवस्था का भी एक अनिवार्य हिस्सा है। बुरांश के महत्व को इस बात से समझा जा सकता है कि आईआईटी मंडी और इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंड बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी) के शोधकर्ताओं ने बुरांश की पंखुड़ियों में मौजूद फाइटोकेमिकल्स की पहचान की है जो कोविड-19 वायरस को रोक सकते हैं। एक अध्ययन में पाया गया है कि बुरांश के फूल में एंटीवायरल गुण होते हैं, जो SARS-CoV-2 से संक्रमित कोशिकाओं के इलाज में मदद कर सकते हैं। कुछ शोधों में यह भी पाया गया है कि बुरांश के जूस का सेवन दिल और लीवर के लिए फायदेमंद हो सकता है।

हिमालय को मिला प्रकृति का यह उपहार यानि बुरांश का फूल ही यहां खतरे का संकेत दे रहा है। पिछ्ले कुछ सालों से यह फूल समय से पहले खिलने लगा है और यही पर्वतीय लोगों के साथ साथ वैज्ञानिकों के लिए भी चिंता का सबब है। बुरांश का समय से पहले खिलना बर्फबारी कम होने का संकेत है और कम वर्षा का भी। शिमला या इस जैसे तमाम पर्यटन स्थलों का सौंदर्य और आर्थिक प्रगति बर्फबारी (snow fall) पर निर्भर है। बीते कुछ सालों में न केवल शिमला सहित अधिकतर पर्वतीय इलाकों की सर्दी कम हुई है बल्कि बर्फबारी के दिन भी कम होते जा रहे हैं। पहले शिमला शहर में ही जमकर बर्फ गिरती थी लेकिन अब बर्फबारी कुफरी,ठियोग और नारकंडा की ओर खिसकते जा रही है। इससे पर्यटन पर भी असर पड़ रहा है। इस समस्या को विकराल बनाने में पहाड़ों का सीना चीरकर दौड़ रही हजारों कारों ने भी अहम भूमिका निभाई है। इस सबसे, मौसम बदल रहा है और इसलिए बुरांश भी समय से पहले खिलने लगा है।

डाउन टू अर्थ पत्रिका में प्रकाशित एक शोध के मुताबिक तापमान और वर्षा तथा बर्फ में आए बदलावों के प्रति बुरांश पौधों की संवेदनशीलता और प्रतिक्रियाओं ने चिंता बढ़ा दी है। फूलों के



पैटर्न में बदलाव के लिए काफी हद तक ग्लोबल वार्मिंग को जिम्मेदार माना जा रहा है। इसके फलस्वरूप बदल रहे मौसम के तेवरों का नुकसान बुरांश के फूलों को उठाना पड़ रहा है। मसलन बारिश की कमी के कारण इनमें रसीले पन का अभाव हो जाता है। बुरांश के फूलों के फूलने की प्रक्रिया को समझे तो सामान्य रूप से जनवरी से फरवरी माह में बुरांस के फूल कलियों के रूप में रहते हैं। चूंकि उस समय तापमान बहुत कम होता है और बहुत कम तापमान में कलियां खराब न हो जाए, इसके लिए प्राकृतिक तौर पर पंखुड़ियां सुरक्षा घेरे के रूप में कलियों को बाहर से ढके रहती हैं। यह तभी हटती हैं, जब तापमान 20 से 25 डिग्री पर पहुंच जाता है। अनुकूल तापमान पाकर पेड़ का आंतरिक सूचना तंत्र (डीएनए) कोशिकाओं को संकेत भेजता है और फूलों के फूलने की प्रक्रिया के लिए हार्मोंस सक्रिय हो जाते हैं। यदि समय से पहले ही तापमान अधिक हो जाता है तो फूल के विकास पर असर पड़ता है और उसके रंग रूप से लेकर आर्थिक और स्वास्थ्य प्रद गुणों पर भी असर पड़ता है।

इसके अलावा, अगर ये फूल समय से पहले यानी सर्दियों के अंत में ही खिलने लगते हैं तो उस समय मधुमक्खियाँ या परागण करने वाले कीड़े सक्रिय नहीं होते इसलिए परागण पूरी तरह नहीं हो पाता, जिससे पौधों के बीज या फल विकसित नहीं हो पाते। तापमान में उतार चढ़ाव से पहले से खिले फूल मुरझा जाते हैं या मर जाते हैं।

बुरांश के फूलों के जल्दी खिलने का असर पारिस्थितिकीय तंत्र पर भी पड़ता है। दरअसल, बुरांश के फूलों पर कई पक्षी, कीड़े और अन्य जीव आश्रित होते हैं। यदि फूल समय से पहले या अनियमित रूप से खिलते हैं, तो यह खाद्य श्रृंखला गड़बड़ा जाती है। बुरांश के फूलों का उपयोग सिरप और जूस आदि बनाने में होता है। अनियमित फूलों की वजह से इनमें रस कम बनता है और किसानों और स्थानीय लोगों की कमाई भी प्रभावित होती है। यही लोगों की चिंता का कारण है। अब अगर पहाड़ों का सौंदर्य,तापमान,वर्षीय,बर्फ,बुरांश और प्राकृतिक चक्र बनाए रखना है तो प्रकृति का संरक्षण करना होगा, अंधाधुंध फैलते कंक्रीट के जंगल की रफ्तार थामनी होगी और पहाड़ों को रौंदती मोटरगाड़ियों की संख्या को नियंत्रित करना होगा वरना पहाड़ और प्लेन में कोई अंतर नहीं रह जाएगा।

**आज का कार्टून**




## राशिफल

**मेष**
आज का दिन आपके लिए मौज मस्ती से भरा रहने वाला है। आपके कुछ नए इनकम के सोर्स बढ़ेंगे। ननिहाल पक्ष से आपको मान-सम्मान मिलेगा।

**वृषभ**
आपको कार्यक्षेत्र में किसी वाद-विवाद में पड़ने से बचना होगा। कोई सहयोगी आपकी चुगली लगा सकता है। किसी से कोई लेनदेन सोच समझकर करना होगा।

**मिथुन**
विद्यार्थी अपने ज्ञान में वृद्धि करने का कोई मौका हाथ से जाने नहीं देंगे। आपको किसी यात्रा पर जाते समय माता-पिता से आशीर्वाद लेकर जाना बेहतर रहेगा।

**कर्क**
राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी सम्मान की प्राप्ति हो सकती है। आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से माहौल खुशनुमा रहेगा।

**सिंह**
आज आपको किसी को बिना मांगे सलाह देने से बचना होगा। आपके बॉस आपके प्रमोशन के लिए आपको कोई प्रमोशन आदि जैसी खुशखबरी दे सकते हैं।

**कन्या**
दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपनी बुद्धि व विवेक से कुछ नई-नई खोज करेंगे, जिससे आप अपने बिजनेस में भी अच्छी ऊंचाइयों को हासिल करेंगे।

**तुला**
आज का दिन आपके लिए परेशानियां लेकर आने वाला है। आपका बिजनेस के कोई डील फाइनल होते-होते अटक सकती है।

**वृश्चिक**
आज का दिन आपके लिए यश और कीर्ति में वृद्धि लेकर आने वाला है। आप अपने घर की साफ-सफाई और रंगाई-पुताई पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे।

**धनु**
आज का दिन आपके लिए उलझनों से भरा रहने वाला है। आपके मन में नकारात्मक विचारों के रहने के कारण कार्यक्षेत्र में आपकी किसी सहयोगी से कहासुनी होने की संभावना है।

**मकर**
आप पर जिम्मेदारियां अधिक रहने से परेशान रहेंगे। व्यस्त रहने के कारण अपने पारिवारिक मामलों पर भी पूरा ध्यान देना होगा। नौकरी में कार्यरत लोगों को कोई बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कुंभ**
माता-पिता के आशीर्वाद से रुका हुआ काम पूरा होगा। संतान आपसे किसी नए वाहन की खरीदारी के लिए कह सकती है, जिसमें आप अच्छा खासा धन खर्च करेंगे।

**मीन**
कोई कानूनी मामला परेशान करेगा, लेकिन उसके लिए किसी अनुभवी व्यक्ति से सलाह मशवरा कर सकते हैं। आपको अपने धन को लेकर योजना बनाकर चलना होगा।

# जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक में की गई योजनाओं की समीक्षा

## झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर उपलब्ध कराएं आवास

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**आरा।** आरा के सांसद-सह-अध्यक्ष, जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इस दौरान सांसद ने गत बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन के आधार पर जिले में संचालित प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, सर्व शिक्षा अभियान, प्रधानमंत्री पोषण योजना, समेकित बाल विकास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अभियान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, दीनदयाल अंत्योदय योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण), प्रधानमंत्री आवास योजना तथा आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं का विशेष रूप से उल्लेख किया और उनकी प्रगति की गहन समीक्षा की। सांसद ने विशेष रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना पर बल देते हुए कहा कि जिले के असहाय एवं झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वाले लोगों को प्राथमिकता के आधार पर आवास उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इसके साथ ही उन्होंने कार्यपालक अभियंता, सोन नहर प्रमंडल, आरा को निर्देश दिया कि मई माह के अंत तक सभी नहरों की उगाही का कार्य सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित जानकारियों को समय पर जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराना जिला प्रशासन का कर्तव्य है। उन्होंने निर्देश दिया कि विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक योजनाओं की जानकारी सभी जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई जाए और योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार विभिन्न माध्यमों से सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि सड़क निर्माण सहित अन्य योजनाओं की गुणवत्ता बनाए रखना तथा निर्धारित समयसीमा के भीतर उन्हें पूरा करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक के दौरान बिजली, पानी, पर्यावरण सुरक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, जन वितरण प्रणाली एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विशेष चर्चा की गई। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे तय समय सीमा के भीतर योजनाओं का शत-प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

बैठक में एमएलसी राधा चरण शाह, एमएलसी श्रीभगवान सिंह कुशवाहा, जगदीशपुर के विधायक राम विशुन सिंह, अगिआंव के विधायक शिव प्रकाश रंजन, महापौर इंदु देवी, जिप अध्यक्ष आशा देवी, डीएम तनय सुल्तानिया, डीडीसी डॉ अनुपमा सिंह, सभी प्रखंड प्रमुख, नगर अध्यक्षगण, नगर आयुक्त, सिविल सर्जन, सभी जिला स्तरीय पदाधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## ट्रेन से गिरकर युवक जख्मी, रेफर

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** दानापुर रेल मंडल के कुल्हड़िया स्टेशन के समीप एक युवक ट्रेन से गिरकर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना शनिवार की दोपहर 12 बजे के आसपास की है। जख्मी युवक की पहचान कटिहार जिला के शिकारपुर गांव निवासी मो अनवर शेख के रूप में हुई है। वह अपने परिवार के साथ मध्य प्रदेश के उज्जैन से पटना जा रहा था। तभी वह कुल्हड़िया स्टेशन पर अचानक गीर गया। जिससे वह जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि मो अनवर शेख ट्रेन के गेट पर बैठकर मोबाइल चला रहा था। जैसे ही ट्रेन कुल्हड़िया स्टेशन के समीप पहुंची, वह ट्रेन से नीचे गिर गया और गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना को देख स्थानीय लोगों ने डायल 112 पर सूचना दिया। पुलिस मौके पर पहुचकर जख्मी युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोईलवर पहुंचाया। जहां स्थिति की गंभीरता को देखते हुए प्राथमिक उपचार करने के बाद सदर अस्पताल आरा रेफर कर दिया गया। डायल 112 के प्रभारी मो सलाउद्दीन ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने तुरंत पहुची और जख्मी युवक को अस्पताल पहुंचाया।

## एक नजर

### समाजसेवी राजेंद्र सिंह को दी गई श्रद्धांजलि

**आरा (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** आरा शहर के जाने-माने न्यूरो फिजिशियन डॉक्टर रंजीत सिंह के पिता दिवंगत राजेंद्र सिंह का शनिवार को श्राद्धकर्म संपन्न हो गया। इस मौके पर भोजपुर जिले के कई प्रखंडों के मुखिया, शहर के चिकित्सक, समाजसेवी, नेता, व्यवसायी समेत अन्य उनके पैतृक आवास गोढ़ना रोड आरा में पहुंचकर उनके तैल चित्र पर श्रद्धांजलि अर्पित किया। डॉक्टर रणजीत सिंह ने बताया कि मेरे पिताजी की मृत्यु 30 मार्च को हो गया था। उस समय वे 76 वर्ष के थे। वह बीएमपी से रिटायर होकर गोढना रोड आरा आवास पर रहते थे। वही से गरीबों व असहायों को मदद किया करते थे। उनके मार्गदर्शन में समाजसेवा में तत्पर रहता हूं। उन्होनें अपने पीछे भरा पुरा छोड़ गये है। रिटायर होने के बाद भी वे लगातार गरीब असहायों के चिकित्सा में सहयोग करने के लिए अपने डॉक्टर पुत्र को प्रतिदिन पुछते रहते थे। श्रद्धांजलि देने वालों में आंख के डा अभिषेक कुमार, मुखिया में सेमरिया पड़रिया पंचायत के मुखिया दुर्गावती देवी, महुली पंचायत के मुखिया उदय सिंह, समाजसेवी सुनील सिंह समेत अन्य शामिल है।

### भाजपा नेता आत्महत्या केस में आया नया मोड़

**बड़हरा/भोजपुर। (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** भाजपा नेता के आत्महत्या केस में नया मोड़ आ गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। मामला बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर निवासी भाजपा नेता शैलेश सिंह के अप्रैल 2024 में आत्महत्या कांड से जुड़ा है। यह मामला एक वर्ष बाद आया है। अब इसमें हत्याकांड का एक नया एंगल आ गया है। जब बड़हरा प्रखंड के गुंडी गांव निवासी मनोज कुमार सिंह ने 9 अप्रैल 2025 को रात करीब 10:55 बजे फोन कॉल कर गोली मारकर हत्याकांड की जिम्मेदारी ली। आरोपी कृष्णागढ़ थाना क्षेत्र के गुंडी निवासी सुरेंद्र सिंह का पुत्र है। फोन कॉल की सूचना पर दिवंगत शैलेश के भाई उद्योगपति सह भाजपा नेता अजय कुमार सिंह ने पुलिस को सूचित किया। पुलिस ने तुरत बड़हरा थाना में मनोज को हिरासत में ले लिया है। उससे पूछताछ की है। इस संदर्भ में अजय सिंह ने बड़हरा के थानाध्यक्ष को लिखित आवेदन दिया है। बताया कि मेरी हत्या करने की साजिश की तैयारी है। मेरे बड़े भाई शैलेश सिंह की हत्या 7 अप्रैल 2024 को सुबह 3 बजे के करीब गोली मार कर की गई थी। भाभी उर्मिला देवी ने बड़हरा थाना में 8 अप्रैल को एफआईआर कराई थी। मेरे बड़े भाई का लाइसेंसी बंदूक उनके शव के पास बरामद हुआ था और उसी के गोली से हत्या का आशंका पुलिस को हुआ। यह समझ कर केस को आगे नहीं बढ़ाया कि आत्महत्या है। जिसके चलते आज तक केस में कोई जांच नहीं की। 10 अप्रैल 2025 को मेरे भारत प्लस एथनॉल प्राइवेट लिमिटेड बक्सर प्लांट के जनरल मैनेजर अजीत साही ने एक कॉल ऑडियो रिकॉर्डिंग मुझे भेजी। जिसमे मेरे प्लांट के सेफ्टी ऑफिसर नीरज कुमार के मोबाइल नंबर पर मनोज कुमार सिंह नाम के व्यक्ति का से कॉल 9 अप्रैल 2025 को रात 10.55 बजे आया। मेरे जीएम को मारने की धमकी दी।

### 60 लीटर देसी शराब जब्त

**कोइलवर/भोजपुर (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** गीधा थाना क्षेत्र के गीधा मुसहरी से शनिवार को 60 लीटर देसी शराब को गीधा थाना पुलिस ने जब्त किया है। इसके साथ ही शराब कारोबारी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस आशय की जानकारी देते हुए गीधा थाना अध्यक्ष उमुस शलमा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर गीधा मुसहरी से 60 लीटर देसी शराब को जब्त कर शराब कारोबारी गीधा गांव निवासी राम विजय मुसहर के पुत्र राजकुमार मुसहर को गिरफ्तार कर थाने लाकर पूछताछ कर जेल भेज दिया गया है। पुलिस के इस कार्रवाई से शराब से जुड़े लोगों में हड़कंप मच गया है।

## बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव की तैयारी शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**जगदीशपुर/भोजपुर।** नगर के ऐतिहासिक बाबू वीर कुंवर सिंह किला में 23 अप्रैल को बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव समारोह राजकीय समारोह के रूप में मनाया जाएगा। इसकी तैयारियां अनुमंडल स्तर पर शुरू हो गई हैं।

अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार ने बताया तैयारी को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक कर कार्यक्रम को लेकर रूपरेखा तैयार की। सबसे पहले सुबह स्कूली बच्चों की प्रभातफ़ेरी निकलेगी। इसके बाद में वीर कुंवर सिंह किला पर राष्ट्रीय तिरंगा का ध्वजारोहण डीएम करेंगे। वही डीएम वीर कुंवर सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण और मंगलदीप का दीपप्रज्वलन करेंगे। संध्या में वीर कुंवर सिंह के जीवन पर आधारित गाथा और जीवन परिचय से जुड़े वीर गाथा पर कार्यक्रम कराने की तैयारी चल रहा है। अनुमंडल पदाधिकारी संजीत कुमार ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया है कि वीर कुंवर सिंह किला मैदान परिसर की साफ-सफाई तेज की जाए और मूर्ति सहित अन्य का रंग-रोगन और मरम्मत का कार्य कराया जाए। एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह, भूमि सुधार उप समाहर्ता अमरेंद्रकुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी तौकीर किब्रिया, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी क्रान्ति कुमार, अंचलाधिकारी विश्वजीतनिलांकार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ एस किशुन, सर्किल इंस्पेक्टर, थानाध्यक्ष, नगर पंचायत के कनीय अभियन्ता सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे।

## बखोरापुर में धूमधाम से हुई संत सिरोमणि बाबा चौहरमल की पूजा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**बड़हरा/भोजपुर।** प्रखंड के बखोरापुर पश्चिमी गांव स्थित महादलित टोला में संत शिरोमणि बाबा चौहरमल की पूजा शनिवार को धूमधाम से की गई। उद्घाटन बड़हरा विधानसभा क्षेत्र की चर्चित समाजसेवी सोनाली सिंह ने की। इस मौके पर पूरे विधि विधान से बाबा चौहरमल की पूजा की गई। कार्यक्रम में भारी संख्या में लोग शामिल हुए थे। लोगों को संबोधित करते हुए सोनाली सिंह ने कहा कि आज उन्हें खुशी है कि संत शिरोमणि बाबा चौहरमल की पूजा में वह पहुंची है। इसके लिए आयोजन समिति के सदस्यों के हम शुक्रगुजार हैं। जिन्होंने हमें यहां आमंत्रित किया। यहां पहुंचकर उन्होंने बाबा चौहरमल को नमन किया और कहा कि आज हमें उन महापुरुषों से सीख लेने की जरूरत है क्योंकि उनके बताए हुए रास्तों पर चलकर ही बेहतर समाज का निर्माण किया जा सकता है। उन्होने हमेशा समाज के भलाई के लिए काम किया। उसी में से एक बाबा चौहरमल भी थे। जिन्होंने समाज में एक अलग मानवता का संदेश देने का काम किया। इस मौके पर आयोजन समिति के द्वारा सोनाली सिंह को सम्मानित किया गया। मौके पर जयराम, राजा, विनीत, मोहन, रामराज, विश्वजीत, रितेश समेत अन्य थे।

## सत्र 2024-25 का परीक्षाफल वितरण, बच्चे हुए उत्साहित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**अररिया।** जिले के आरएस स्थित मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल में सत्र 2024 25 का शिक्षण कार्य समाप्ति के पश्चात वार्षिक परीक्षा का परीक्षा फल वितरण कार्य का आयोजन शनिवार को किया गया। जिसमें नर्सरी एलकेजी यूकेजी से लेकर कक्षा नवम तक के छात्र का परीक्षा परिणाम वितरण किया गया। नर्सरी से नवम तक के कक्षाओं में 95% से ऊपर अंक प्राप्तछात्र-छात्रा साहिवान राजकुमार नर्सरी, अनन्या कुमारी नर्सरी, जहानवी शाह नर्सरी, दित्या सिंह नर्सरी, सृजना कुमारी नर्सरी, सौम्या गुप्ता नर्सरी, आदित्य राज विश्वास नर्सरी, कृष्णा आनंद एलकेजी, सम्सजोहेब एलकेजी, शिवम कुमार यूकेजी, प्रतीक्षा कुमारी क्लास 1, मोहम्मद अमन हुसैन वर्ग 2, मोहम्मद अत्ताउल्लाह वर्ग 3, वेदांत सिंह क्लास 4, शालू कुमारी वर्ग 5, सृष्टि गुप्ता वर्ग 6, आर्य नारायण 7, आदित्य राज 8, सृष्टि कुमारी 9 उपर्युक्त को विद्यालय के निदेशक डॉ संजय प्रधान के द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वर्ग शिक्षक भी उपस्थित थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में छात्राओं को अधिक परिश्रम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि परिश्रम से ही सफलता मिलती है, मनोरथ से नहीं। दो छात्र-छात्रा निकिता सिंह क्लास 7 एवं शिवम कुमार यूकेजी को संपूर्ण विद्यालय में दैनिक उपस्थित एवं परीक्षा में 99% अंक प्राप्त की है, उन्हें विद्यालय द्वारा नई साइकिल प्रदान की जाएगी। समय-समय पर चित्रकला, निबंध, वाद-विवाद विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन विद्यालय में आयोजित होने सेबच्चों को पुरस्कृत किया जाता रहा है। ऐसे कार्यक्रम से बच्चों के अंदर प्रतिभा का विकास होता है प्रतियोगिता के साथ-साथ खेल संगीत का भी आयोजन किया जाता है, जिसमें बच्चे खुलकर भाग लेते हैं। शनिवार को इस कार्यक्रम में बच्चों के साथ अभिभावक भी उपस्थित थे। नगर के उपमुख पार्षद गौतम शाह एवं बिजली विभाग के एसडीओ के द्वारा उत्कृष्ट परिणाम पाने वाले छात्र-छात्राओं को मोमेंटो एवं परिणाम देकर पुरस्कृत किया। इस अवसर पर विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक अर्जुन कुमार झा ने भी परीक्षा की उपयोगिता बताते हुए सभी बच्चों को कड़ी मेहनत करने की सलाह दी। इस अवसर पर नवनियुक्त प्राचार्य डॉ पाराशर त्यागी ने बताया कि बच्चों का 80% मानसिक विकास 6 वर्ष तक के उम्र में होती है अतः बच्चों के सर्वांगीण भविष्य के निर्धारण के लिए इस उम्र के माता-पिता के साथ-साथ एक अच्छे विद्यालय का योगदान आवश्यक है। आज के इस नए आधुनिक शिक्षा के युग में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं को विभिन्न तरह का ट्रेनिंग दिया जाता है। जिससे कि बच्चों में सर्वनाम विकास संपूर्ण रूप से हो सके। मोहिनी देवी मेमोरियल स्कूल के अध्यक्ष आर एस रुंगटा उपाध्यक्ष एमपी रुंगटा ट्रस्टी नवीन रुंगटा उर्मिला रूंगटा ने वार्षिक परीक्षा में आए सभी सफल परीक्षार्थियों को उत्कृष्ट परीक्षा फल पर हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं ट्रस्ट द्वारा उच्च स्तर शिक्षा हेतु फारबिसगंज में रितम खोलने से गरीब मेधावी छात्राओं को भरपूर सहायता करने की बातें कही।

## अधिकारों को लागू करे सरकार : मुखिया संघ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गड़हनी/भोजपुर।** पंचायती राज में अधिकार कटौती को लेकर शनिवार को मनरेगा भवन सभागार गड़हनी में मुखिया संघ ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। कॉन्फ्रेंस प्रखण्ड मुखिया संघ के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह की अध्यक्षता में की गई। अध्यक्ष ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार के द्वारा मुखिया का अधिकार कटौती किया जा रहा है जो तत्काल बन्द किया जाए और मुखिया को दिया जाए जिससे पंचायत में विकास ज्यादा हो सके। साथ ही कहा कि संविधान के 73 वें अनुच्छेद के 13 में जो 29 अधिकार वर्णित है उन सभी अधिकारों को त्रिस्तरीय पंचायती राज्य में सरकार जल्द लागु करे जिसपर आज प्रतिबंध लगा हुआ है। अधिकार छीन कर सरकार ग्राम सभा को पंगु बना दिया है जिससे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का सपना साकार होने में बाधा उत्पन्न हो रही है। साथ ही मुखिया सहित त्रिस्तरीय पंचायत के सभी जनप्रतिनिधियों को सुरक्षा मुहैया कराया जाए। 24 अप्रैल को त्रिस्तरीय पंचायत का स्थापना दिवस पर बिहार में प्रधानमंत्री आ रहे है। सभी बिहार के जनप्रतीनिधि प्रधानमंत्री से आग्रह करते है कि इस कटौती को समाप्त किया जाए नही तो स्थापना दिवस को कला बिल्ला लगाकर सभी जनप्रतीनिधि विरोध करेंगे। इस मौके पर बलिगांव मुखिया सुनील कुमार, महेंद्र सिंह, कमोद कुमार, संजय चौधरी, इचरी मुखिया उषा देवी उपस्थित थी।

## बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय का 1050 करोड़ का बजट पारित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरपुर।** बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर में आज सीनेट की बैठक कुलपति डॉ. डीसी राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में वर्ष 2025-26 के लिए विश्वविद्यालय का 1050.02 करोड़ रुपये का बजट ध्वनि मत से पारित किया गया। बैठक में विश्वविद्यालय के 36 से अधिक संबद्ध महाविद्यालयों में हो रहे ज्ञान के आदान-प्रदान पर जोर दिया गया। कुलपति डॉ. राय ने बताया कि शैक्षणिक माहौल को सुदृढ़ करने के लिए खेलकूद, छात्रावासों और अन्य शैक्षणिक संरचनाओं को प्राथमिकता दी जा रही है। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों का सहयोग भी इसमें अहम भूमिका निभा रहा है। सीनेट सदस्य डॉ. शिवानंद सिंह ने बताया कि नई शिक्षा नीति 2020 भारतीय ज्ञान परंपरा की पुनर्स्थापना की दिशा में एक बड़ा कदम है और इस नीति में बिहार जैसे पारंपरिक समाज के विश्वविद्यालयों की भूमिका अहम होगी। वर्ष 2024-25 का बजट 937.46 करोड़ रुपये था, जिसमें इस वर्ष बढ़ोतरी की गई है। कुलपति ने बताया कि आंतरिक स्रोतों से प्राप्त आय के विरुद्ध 2025-26 में 177.81 करोड़ रुपये के व्यय का अनुमान है।

बैठक में कई विधायकों और विधान पार्षदों ने शिक्षकों के वेतन, प्रोन्नति और शैक्षणिक गुणवत्ता को लेकर सवाल उठाए, जिसे कुलपति ने गंभीरता से लेते हुए समाधान का आश्वासन दिया।

## यज्ञ मंडप की परिक्रमा से जन्म-जन्म का पाप हो जाता है दूर : पद्मनाभ स्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** आरा सदर प्रखंड के पिरौटा गांव में हो रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ मैं काफी दूर-दूर से यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए श्रद्धालु आ रहे हैं। चारों तरफ भक्तिमय माहौल बन गया है। 13 अप्रैल को यज्ञ का समापन है। जिसके लिए भव्य भंडारे का आयोजन किया गया है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि यज्ञ समिति के लोग काफी धूमधाम से भंडारे के लिए लगे हुए हैं। काफी दूर-दूर से महिला तथा पुरुष यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने आ रहे हैं। गांव गांव के सभी लोग यज्ञ को सफल बनाने में लगे हुए हैं। पद्मनाभ स्वामी महाराज ने कहा कि यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने से जन्म जन्म का पाप दूर हो जाता है। उन पर लक्ष्मी नारायण भगवान की कृपा बनी रहती है। जिनका सौभाग्य होता है वह श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ में हिस्सा लेने आते हैं। उन्होंने कहा कि विषम परिस्थितियों में भी अगर हरिनाम का जाप किया जाए तो संकट दूर हो जाता है। उन्होंने कहा कि हर घर में गंगा, गीता, गौ तथा गायत्री की पूजा होनी चाहिए। किसी भी बुजुर्ग का अपमान नहीं करना चाहिए। किसी भी जीव की हत्या नहीं करनी चाहिए। मौके पर यज्ञ समिति के अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, उपाध्यक्ष नंदकिशोर यादव, सचिव राजनाथ यादव के नेतृत्व में काफी संख्या में सेवा भाव में लगे हुए हैं।

### लोगों को मर्यादा का त्याग नही करना चाहिए : जीयर स्वामी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**आरा।** भोजपुर जिले के शाहपुर में श्री लक्ष्मी प्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज के सान्निध्य में चल रहे सात दिवसीय श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ सह ज्ञान धर्म सम्मेलन तथा भव्य भंडारे के साथ संपन्न हो गया। यज्ञ समिति के तरफ से भव्य भंडारे का आयोजन किया गया था। यज्ञ मंडप की परिक्रमा करने के लिए काफी दूर-दूर से महिला तथा पुरुष काफी संख्या में जुटे हुए थे। स्वामी जी महाराज ने प्रवचन करते हुए कहा कि व्यक्ति को अपनी मर्यादा का त्याग नहीं करना चाहिए। विषम परिस्थिति में भी ईश्वर का भजन नहीं छोड़ना चाहिए। श्री राम प्रभु वन वन भटकते रहे। लेकिन उन्होंने अपने मर्यादा का परित्याग नहीं किया। तब मर्यादा पुरुषोत्तम कहलाये। उन्होंने कहा कि कृष्ण का भजन करने से जीवन की सारी परेशानियां समाप्त हो जाती है। जो कृष्ण को भजता है। उसे कृष्ण अपनी शरण में ले लेते हैं। धर्म सम्मेलन में काफी दूर-दूर से संत महात्मा जुटे हुए थे। सबने अपना अपना विचार रखा। स्वामी जी महाराज ने कहा कि धर्म का किसी भी परिस्थिति में त्याग नहीं करना चाहिए। अगर धर्म का त्याग कर दिया तो समझिए कि जीवन का कोई मोल नहीं है। धर्म पर ही पृथ्वी टिकी हुई है धर्म पर ही जीवन टिका हुआ है। इसलिए विषम परिस्थिति में भी धर्म का त्याग नहीं करना चाहिए। भंडारे में हजारों की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

## 62 महादलित टोलों में आयोजित होगा विकास शिविर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

### दी जाएगी योजनाओं की जानकारी

**बरौनी।** बरौनी प्रखंड के 62 महादलित टोले में विकास शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रखंड विकास प्राधिकारी अनुरंजन कुमार ने बताया कि अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति परिवार के विकास के लिए पंचायत में शिविर लगाकर प्राथमिकता के आधार पर लाभुकों से आवेदन प्राप्त कर त्वरित गति से निष्पादन किया जाना है। उन्होंने कहा कि प्रखंड स्तर पर कार्य योजना तैयार कर लिया गया है। तथा आगामी 19 अप्रैल से विकास शिविर का आयोजन किया जाएगा। बरौनी प्रखंड मुख्यालय स्थित नीरज स्मृति सभा भवन में वरीय प्रभारी पदाधिकारी सह जिला परिवहन पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति विशेष विकास शिविर की सफलता को लेकर संबंधित पदाधिकारियों के साथ एक बैठक की गई। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी द्वारा विकास शिविर के लिए बिहार महादलित विकास मिशन द्वारा निर्धारित रूप रेखा से अवगत कराया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी ने बताया कि महादलित परिवार को योजनाओं के लाभ से आच्छादित करने के लिए प्रत्येक टोले में शिविर आयोजित किया जाएगा। जहां बरौनी प्रखंड क्षेत्र के 62 महादलित टोला में शिविर लगाया जाएगा। जिसमें 22 विभाग की योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। उक्त बैठक में एम ओ दीपक भारद्वाज सीडीपीओ प्रीति कुमारी, पंचायत सचिव, विकास मित्र, टोला सेवक एवं प्रखंड कर्मी आदि उपस्थित थे।

# भीम समग्र सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को सभी तक पहुंचाना : डीएम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**मोतिहारी।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल की अध्यक्षता में मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षा गृह में महिला संवाद कार्यक्रम एवं भीम समग्र सेवा अभियान से संबंधित एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिला स्तरीय पदाधिकारी से लेकर प्रखंड स्तर के पदाधिकारी पंचायत स्तर के पंचायत आयोजन दल- सह- प्रखंड स्तरीय अनुश्रवण समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रमों के विषय में जिलाधिकारी ने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम एवं भीम समग्र सेवा अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकार की योजनाओं को सभी तक पहुंचना है जो अब तक इससे वंचित रहे हैं। महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के लिए राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे कार्यों को बताया गया




जाएगा वहीं भविष्य में उनके लिए योजनाओं का कैसे निर्माण किया जाए इस पर उनकी रायशुमारी ली जाएगी। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए खुला मंच होगा जहां महिलाएं अपने विचार अपनी स्वच्छंदता के अनुरूप रख सकेंगी और अपनी मांग को लिखित तौर पर भी दे सकेंगी। महिलाओं की तरफ से की गई मांग का दस्तावेजीकरण किया जाएगा और इसे बिहार सरकार को भेजा जाएगा जिस पर सरकार के द्वारा निर्णय लेकर नीतियां बनाई जाएगी और योजनाओं को क्रियान्वित किया जाएगा वहीं भीम समग्र सेवा अभियान के दौरान सभी महादलित बस्तियों में कार्यक्रम का आयोजन कर वैसे सभी लोग जिन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ अभी तक नहीं मिला है उन्हें सरकारी सेवाओं का लाभ देने का प्रयास किया जाएगा ताकि कोई भी व्यक्ति सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने से वंचित नहीं रहे। इसके लिए मुख्य रूप से सरकार द्वारा संचालित 22 योजनाओं की पहचान की गई है जिसका क्रियान्वयन महादलित टोले में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संबंधित सभी पदाधिकारी/कर्मी का यह दायित्व होगा कि इन आयोजनों को सफल बनाएं। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी एवं उदासीनता बरतने वाले पदाधिकारी/ कर्मी को चिन्हित कड़ी कार्रवाई की जाएगी वही डीपीएम जीविका के द्वारा बताया गया कि इसका आयोजन प्रतिदिन दो शिफ्ट में सुबह के 9:00 बजे से 11:00 बजे एवं संध्या 4:00 बजे से 6:00 बजे के बीच दो-दो घंटा की अवधि में कराया जाएगा। सभी प्रखंडों के लिए एलईडी स्क्रीन युक्त ऑडियो उपकरण के साथ महिला संवाद रथ सभी प्रखंड में चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि पूर्वी चंपारण जिला में जीविका के 3400 ग्राम संगठन है जहां महिला संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा और इस कार्यक्रम में सभी महिलाओं को शामिल होने के लिए जीविका के माध्यम से आमंत्रित किया जाएगा। जहां कार्यक्रम किए जाएंगे उसके पहले उसके आसपास के क्षेत्र में व्यापक प्रचार प्रसार कराया जाएगा ताकि इस कार्यक्रम में महिलाएं अधिक से अधिक संख्या में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करा सकें। उन्होंने कहा कि महिला संवाद कार्यक्रम की शुरुआत जिले में 17 अप्रैल से की जाएगी एवं यह कार्यक्रम अगले 16 जून तक प्रतिदिन किया जाएगा। जिला कल्याण पदाधिकारी के द्वारा बताया गया की महादलित टोले में आयोजित होने वाले समग्र सेवा अभियान का प्रारंभ डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के शुभ अवसर पर 14 अप्रैल को सदर मोतिहारी प्रखंड के रुलही मुसहर टोला के वार्ड नंबर 6 से कार्यक्रम का शुभारंभ किया जाएगा जिसमें जिलाधिकारी खुद शिरकत करेंगे। इसके पश्चात प्रत्येक शनिवार एवं बुधवार को यह कार्यक्रम जिला के सभी प्रखंडों के सभी पंचायत के महादलित टोला में बारी-बारी से आयोजित किया जाएगाद्य अंत में जिलाधिकारी के द्वारा कहा गया कि सरकार की योजनाओं के संचालन के जो पदाधिकारी जिम्मेवार हैं वे सभी लोग महादलित टोले वैसे सभी छूटे हुए लोगों से संपर्क कर आवेदन प्राप्त करेंगे और इसका निष्पादन करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त शम्भू शरण पांडेय, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला कल्याण पदाधिकारी, अन्य जिला स्तरीय पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी, डीपीएम जीविका सहित जीविका संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

## जहानाबाद की पलक सिन्हा ने रचा इतिहास, अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में देशभर में हासिल किया प्रथम स्थान

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले की बेटी पलक सिन्हा ने अपनी असाधारण प्रतिभा से राष्ट्रीय स्तर पर इतिहास रचते हुए जिले का मान बढ़ाया है। शिक्षा के क्षेत्र में पलक ने एक ऐसा कीर्तिमान स्थापित किया है, जो देशभर की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। पलक ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में देशभर में पहला स्थान प्राप्त किया है। 180 अंकों की इस परीक्षा में उन्होंने 100 प्रतिशत अंक अर्जित कर यह सिद्ध कर दिया कि प्रतिभा किसी भौगोलिक सीमा की मोहताज नहीं होती। यह प्रतियोगिता न केवल भारत में, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त है, जिसमें अनेक देशों के प्रतिभाशाली छात्र भाग लेते हैं। पलक की इस उपलब्धि पर उन्हें गोल्ड मेडल, 50,000 का नकद पुरस्कार, एक लैपटॉप और प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। मानस इंटरनेशनल रेजिडेंशियल स्कूल की छात्रा पलक की इस उपलब्धि के बाद पूरे विद्यालय में जश्न का माहौल है। शिक्षकों, सहपाठियों और अभिभावकों ने इस सफलता पर पलक को बधाई दी और उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मध्यमवर्गीय परिवार से आने वाली पलक के दादा एक सरकारी विद्यालय के सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक हैं। पारिवारिक सादगी और मजबूत शैक्षणिक संस्कारों के बीच पली-बढ़ी पलक की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया है कि लगन, परिश्रम और सशक्त मार्गदर्शन के बल पर कोई भी छात्र-छात्रा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकता है।

## एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद में उर्दू विभाग द्वारा सेमिनार का आयोजन, छात्रों ने प्रस्तुत किए शोध पत्र

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** एस.एस. कॉलेज, जहानाबाद के उर्दू विभाग में शनिवार को शैक्षणिक और साहित्यिक वातावरण को समृद्ध करने के उद्देश्य से एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। यह आयोजन एम.ए. प्रथम सेमेस्टर (2023-25) तथा द्वितीय सेमेस्टर (2022-24) के विद्यार्थियों के शोध कौशल को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। इस अवसर पर दोनों सत्रों के छात्रों ने विविध साहित्यिक और भाषाई विषयों पर अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। सेमिनार की अध्यक्षता करते हुए उर्दू विभागाध्यक्ष डॉ. इमरान अरशद ने कहा कि सेमिनार छात्रों के लिए शोध संवर्धन का एक उत्कृष्ट माध्यम है। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यद्यपि भाषा और साहित्य के क्षेत्र में सेमिनारों की परंपरा पुरानी है,



किंतु विभागीय स्तर पर इस तरह के आयोजन छात्र-शिक्षण में नवाचार और सृजनात्मकता का मार्ग प्रशस्त करते हैं। डॉ. अरशद ने इस बात पर विशेष बल दिया कि शैक्षणिक संस्थानों में इस तरह के आयोजन शोध क्षमताओं को विकसित करने के साथ-साथ बौद्धिक स्वतंत्रता, अभिव्यक्ति के आत्मविश्वास और विषयों की गहराई से समझ को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उर्दू साहित्य के शोध, भाषा संवर्धन और विद्यार्थियों की अभिरुचि को जाग्रत करने में यह सेमिनार अत्यंत सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने सेमिनार में छात्रों की भागीदारी की सराहना करते हुए सभी को तहे-दिल से बधाई दी और आशा जताई कि आगे भी विभाग में इस प्रकार के साहित्यिक व अकादमिक आयोजनों की निरंतरता बनी रहेगी, जिससे उर्दू भाषा और साहित्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकेगा।

## सीमा जागरण मंच व एनएमओ द्वारा नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)।** सीमा जागरण मंच एवं नेशनल मेडिकोज ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में रक्सौल प्रखंड के ग्राम खेखरिया स्थित राजकीय प्राथमिक विद्यालय में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर की अध्यक्षता संतोष विश्व ने की। इस चिकित्सा शिविर में डॉक्टर वरुण व्याहुत, डॉ. विशाल कुमार सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. कर्तव्य झा एवं डॉ. दिलीप दिवाकर की मौजूदगी में लगभग ढाई सौ मरीजों की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में सीमा जागरण मंच के विभाग संयोजक सुरेश कुमार गुप्ता, नगर मंत्री सुनील कुमार, प्रचार प्रमुख रजत सर्राफ, जिला सेवा प्रमुख विकास कुमार, नगर कार्यवाह भरत कुमार, तथा उजाला गुप्ता ने सक्रिय योगदान दिया।

## राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता में भाग लेने पटना रवाना हुई जहानाबाद की टीम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिला कराटे संघ, जहानाबाद की टीम शनिवार को बिहार राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता 2025 में भाग लेने के लिए पटना रवाना हुई। यह दो दिवसीय प्रतियोगिता 12 और 13 अप्रैल को संत डॉमिनिक सेवियों हाई स्कूल, दीघा नासरीगंज, पटना में आयोजित की जा रही है, जिसमें सब-जूनियर, कैडेट और जूनियर वर्ग के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। जहानाबाद जिले की टीम में कुल पांच खिलाड़ी, एक कोच, एक मैनेजर और एक आधिकारिक प्रतिनिधि शामिल हैं। प्रतिभागी खिलाड़ियों में अमीश तिवारी, हर्ष राज पाठक, कुणाल सिंह आर्य, गौरव कुमार वर्मा और विश्वसंस्कर ज्योति का नाम प्रमुख है। टीम का नेतृत्व जिला कराटे संघ के मुख्य कोच अन्नू शक्ति सिंह कर रहे हैं।




मुख्य कोच अन्नू शक्ति सिंह ने जानकारी दी कि गत वर्ष जिले के गौरव कुमार वर्मा का चयन राष्ट्रीय स्तर पर हुआ था और इस बार भी टीम के दो-तीन खिलाड़ियों के चयन की प्रबल संभावना है। उन्होंने खिलाड़ियों की तैयारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जहानाबाद के युवा राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लगातार अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहे हैं। पटना रवाना होने से पूर्व जिलेवासियों ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल प्रदर्शन की कामना की। पूरी टीम आत्मविश्वास और प्रतिबद्धता के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने रवाना हुई है, और जिले का नाम रोशन करने के संकल्प के साथ मैदान में उतरने को तैयार है।

## छठ घाट से चोर सबमर्सिबल मोटर ले उड़े

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मखदुमपुर (जहानाबाद)।** मखदुमपुर नगर पंचायत क्षेत्र अंतर्गत कंसारा मोहल्ला स्थित छठ घाट पर स्थापित समरसेबल मोटर को अज्ञात चोर चुरा ले गए। यह मोटर नगर पंचायत द्वारा घाट पर पानी भराव की व्यवस्था के लिए लगाई गई थी।

शनिवार को सांसद प्रतिनिधि सह ग्रामीण ललन यादव ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि समरसेबल मोटर चोरी हो जाने की सूचना स्थानीय थाना को दी गई है। सूचना मिलते ही मखदुमपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच में जुट गई है।

गौरतलब है कि मखदुमपुर प्रखंड में इन दिनों चोरी की घटनाओं में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। आए दिन चोर घरों और दुकानों को अपना निशाना बना रहे हैं।

# सड़क किनारे मिला अज्ञात शव, इलाके में मची सनसनी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र में शनिवार की सुबह उस समय हड़कंप मच गया, जब अरवल-बिहारशरीफ एनएच-33 के किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। शव मिलने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई और पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

घटना की जानकारी मिलते ही घोसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने इस मामले को संभावित सड़क हादसा बताया है, हालांकि मौत के सही कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट



के बाद ही हो सकेगी। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि वे सुबह खेतों की ओर जा रहे थे, तभी सड़क किनारे एक व्यक्ति को बेसुध हालत में देखा। पास जाकर देखने पर पता चला कि वह व्यक्ति मृत है। इसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। शव की पहचान अभी तक नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के ग्रामीणों से पूछताछ कर रही है और शव की पहचान कराने के प्रयास में जुट गई है। घोसी थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर ददन प्रसाद ने बताया कि घटनास्थल झुनकी और मननपुर मोड़ के बीच का है। फिलहाल कोई वाहन या संदिग्ध वस्तु मौके से बरामद नहीं हुई है, जिससे मामले को लेकर पुलिस की जांच और अधिक जटिल हो गई है। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला सड़क दुर्घटना का प्रतीत होता है, लेकिन जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और शव की पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

## पीएम श्री योजना के तहत चिरैया प्रखंड के तीन विद्यालयों में छठी से 12वीं तक की पढ़ाई शुरू

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)।** चिरैया प्रखंड के अंतर्गत पीएम श्री योजना के तहत चयनित तीन राजकीयकृत उच्च माध्यमिक विद्यालयों में अब कक्षा छठी से बारहवीं तक की पढ़ाई विधिवत रूप से शुरू हो गई है। पहले इन विद्यालयों में केवल कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई होती थी। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सरोज कुमार सिंह ने जानकारी दी कि क्षेत्र के तीन मध्य विद्यालयों का संविलयन उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कर दिया गया है। इसके तहत मध्य विद्यालय मीरपुर का महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी में, आदर्श मध्य विद्यालय, चिरैया का जगन्नाथ हाईस्कूल, चिरैया में, तथा मध्य विद्यालय सिरौना का उच्च विद्यालय, सिरौना में संविलयन किया गया है। इन विद्यालयों का संचालन शैक्षणिक सत्र 2025-26 से कक्षा 6 से 12 तक अधिसूचित कर दिया गया है। इस अवसर पर शनिवार को महादेव साह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, चिरैया कोठी में नवप्रवेशित विद्यार्थियों का भव्य स्वागत किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक प्यारे सतीश कुमार सिंह एवं अन्य शिक्षकों ने पुष्प वर्षा एवं माला पहनाकर बच्चों का अभिनंदन किया। बच्चों की दिनचर्या चेतना सत्र से शुरू हुई, जिसमें प्रार्थना, राष्ट्रगान, योग अभ्यास के बाद नियमित विषयों की पढ़ाई के साथ-साथ पुस्तकालय, कंप्यूटर शिक्षा और खेलकूद जैसी गतिविधियों को भी शामिल किया गया।

## अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा का जिला स्तरीय महासम्मेलन आज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** शहर के राजा बाजार स्थित बापू प्रेक्षागृह में रविवार को अखिल भारतीय विश्वकर्मा महासभा का जिला स्तरीय महासम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। सम्मेलन को सफल बनाने हेतु व्यापक जनसंपर्क अभियान चलाया गया है। इसी क्रम में चकिया नगर परिषद के सभापति पवन सर्राफ के फार्म हाउस पर विश्वकर्मा महासभा एवं स्वर्णकार संघ के पदाधिकारियों की बैठक आयोजित हुई, जिसमें समाज के सैकड़ों प्रबुद्ध नागरिक शामिल हुए। बैठक में स्वर्णकार, लोहार और बढ़ई समाज के लोगों से महासम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की गई। इसके पूर्व ढाका,



घोड़ासहन, छौड़ादानों, अरेराज और पिपरा कल्याणपुर में स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष धर्मेंद्र स्वर्णकार के नेतृत्व में पदाधिकारियों द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया गया था। सम्मेलन में प्रदेश और देश भर से विश्वकर्मा समाज के जनप्रतिनिधियों – मंत्री, सांसद, विधायक, विधान पार्षद – के साथ-साथ कई वरीय पदाधिकारी एवं सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहेंगे। बैठक में विश्वकर्मा महासभा के अध्यक्ष इंद्रदेव ठाकुर, उपाध्यक्ष हजारी शर्मा, स्वर्णकार संघ के जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र स्वर्णकार, महामंत्री सुधीर गुप्ता, सचिव राजेश कुमार, उपाध्यक्ष दीपक सर्राफ, कोषाध्यक्ष संजय सर्राफ, कार्यक्रम संयोजक अरविंद सर्राफ, संरक्षक लालबाबू प्रसाद, चंद्रशेखर प्रसाद उर्फ टामन, राजकुमार प्रसाद, संतोष बम्बैया, रॉबिन कुमार, जयप्रकाश सर्राफ, रवि शेखर कुमार, गोपालगंज से ललन विश्वकर्मा, सीवान से राधेश्याम विश्वकर्मा सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## निपुण बिहार मिशन: जहानाबाद में एफएलएन मिशन की त्रैमासिक समीक्षा बैठक सम्पन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** बेसिक साक्षरता और संख्याज्ञान के क्षेत्र में सामूहिक प्रयासों को गति देने के उद्देश्य से 'निपुण बिहार मिशन' के अंतर्गत जिला एफएलएन (फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमैरेसी) मिशन की तीसरी त्रैमासिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक जिलाधिकारी श्रीमती अलंकृता पांडेय के निर्देशानुसार सम्पन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य मिशन के तहत अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा करना और आगामी रणनीति पर विचार-विमर्श करना था। बैठक में जिला प्रशासन, शिक्षा विभाग, आईसीडीएस, पंचायती राज विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं मिशन से जुड़े सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने एफएलएन मिशन को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए समन्वित प्रयासों की प्रतिबद्धता दोहराई। 'निपुण बिहार मिशन' के अंतर्गत गठित इस मिशन का लक्ष्य कक्षा 3 तक के बच्चों में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान को सुनिश्चित करना है। यह मिशन वर्ष 2026-27 तक अपने निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए विभिन्न विभागों के सहयोग से संचालित किया जा रहा है। इस बैठक ने न केवल मिशन की दिशा और दशा को स्पष्ट किया, बल्कि बहु-आयामी भागीदारी के ज़रिए जिले को शिक्षा की नींव मजबूत करने की ओर एक ठोस कदम भी बढ़ाया।

## जहानाबाद को समेकित रोग निगरानी में प्रथम स्थान, अन्य क्षेत्रों में सुधार के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी अलंकृता पांडे के निर्देश पर उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में शनिवार को जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिले के विभिन्न स्वास्थ्य सूचकांकों की गहन समीक्षा की गई तथा कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। गैर-संचारी रोग कार्यक्रम (एनसीडी) के अंतर्गत रतनी फरीदपुर एवं जहानाबाद प्रखंडों की बेहद खराब उपलब्धियों पर संबंधित एएनएम से स्पष्टीकरण मांगते हुए उप विकास आयुक्त ने उनका वेतन रोकने का निर्देश प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी को दिया। एकीकृत रोग निगरानी कार्यक्रम (आईडीएसपी) में जनवरी 2025 के दौरान देशभर में जहानाबाद जिला को प्रथम स्थान मिलने पर स्वास्थ्य विभाग की टीम को बधाई दी गई।




उप विकास आयुक्त ने अन्य कार्यक्रमों में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन की अपेक्षा जताई।

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत शेष बचे स्वास्थ्य संस्थानों को एक सप्ताह के भीतर इन्सेंटिव स्कीम में पंजीकृत करने का निर्देश दिया गया। वहीं 'भव्या' ऐप की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि सभी अधीक्षक एवं प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ओपीडी, आईपीडी, व्हाइटल्स, ऑनलाइन कंसल्टेंसी एवं एक्सीडेंट-इमरजेंसी संबंधित जानकारियां नियमित रूप से अपडेट करें। दवा आपूर्ति के लिए एल-2 वाहन के प्रभावी उपयोग में राज्य में जिले का 38वां स्थान रहने पर उप विकास आयुक्त ने कड़ी नाराजगी जाहिर की। उन्होंने कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी एवं फार्मासिस्ट की लापरवाही के कारण समय पर दवाओं की आपूर्ति बाधित हो रही है। सभी संबंधित अधिकारियों से इस पर अविलंब स्पष्टीकरण मांगने का निर्देश दिया गया। बैठक में अन्य स्वास्थ्य सूचकांकों की उपलब्धि भी संतोषजनक नहीं पाई गई। इस पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि यह स्थिति स्पष्ट करती है कि प्रखंड स्तर पर नियमित समीक्षा नहीं हो रही है। उन्होंने सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को अपने-अपने स्तर पर समीक्षात्मक बैठक कर उसकी कार्यवाही रिपोर्ट जिला कार्यालय को भेजने का निर्देश दिया। साथ ही, हर माह की बैठक में दिए गए निर्देशों के अनुपालन की प्रगति रिपोर्ट भी भेजने को कहा गया।

## जदयू अध्यक्ष ने की विधानसभा क्षेत्र प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्ष के साथ बैठक

**मोतिहारी/नबिटा ब्यूरो।** सर्किट हाउस के कांफ्रेन्स हॉल में जनता दल यूनाइटेड के विधानसभा प्रभारी एवं प्रखंड अध्यक्ष की एक बैठक जिलाध्यक्ष मंजू देवी की अध्यक्षता में हुई जिसका सफल संचालन जिला जदयू के प्रवक्ता जन्मेजय कुमार पटेल सरपंच ने की। इस बैठक में प्रखंड स्तरीय 20 सूत्री कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के नवनियुक्त अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष बने उपस्थित सभी प्रखंड अध्यक्षों को इस बैठक में फूलमाला पहनाकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर जिलाध्यक्ष मंजू देवी एवं जिला संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से सम्मानित किया गया। इस बैठक को संबोधित करते हुए जिला जदयू के संगठन प्रभारी सुबोध कुमार सिंह ने प्रत्येक बूथ पर दस सदस्यीय बूथ कमिटी बनाकर पार्टी संगठन को धरातल पर धारदार एवं मजबूत बनाने के लिए प्रखंड अध्यक्षों एवं विधानसभा प्रभारी को धन्यवाद देते हुए बूथ कमेटी बनाने सहयोग करने वाले पार्टी के सभी स्तर के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## नोट डबलिंग करने वाला व्यक्ति गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पकड़ीदयाल (पूर्वी चम्पारण)।** पुलिस ने एक नोट डबलिंग करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है जबकि दूसरा व्यक्ति भागने में सफल रहा गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान पिपरा कोठी के धुरेन्द्र महतो है। इसके पास से कागज का बंडल जिसके उपर एवं नीचे 500 का नोट बरामद किया गया है। मझाड निवासी तेतरी देवी ने थाना में आवेदन देते हुए कही कि मै बैंक आफ इंडिया शाखा चोरमा में पैसा निकासी करने आई थी कि उक्त गिरफ्तार व्यक्ति ने आकर बोला कि रूमाल में बंधा हुआ डेढ़ लाख रुपए है इसे जमा करा दीजिए,ना कहने पर डराना धमकाना शुरू कर दिया। शक होने पर हल्ला किया कि उक्त व्यक्ति पकड़ा गया। थाना अध्यक्ष राजीव रंजन ने बताया कि भागने वाला व्यक्ति की पहचान कर ली गई है जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू कर दिया गया है।

## डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 14 से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** महात्मा गांधी केंद्रीय विश्वविद्यालय, मोतिहारी में डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 14 एवं 15 अप्रैल को किया जा रहा है। संगोष्ठी का विषय 'डॉ. बी.आर. अंबेडकर : संविधान निर्माता और सामाजिक न्याय के अग्रदूत' निर्धारित किया गया है। इस महत्वपूर्ण संगोष्ठी का उद्घाटन 14 अप्रैल को प्रातः 10 बजे विश्वविद्यालय के बुद्ध परिसर स्थित आचार्य बृहस्पति सभागार में किया जाएगा। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव करेंगे। मुख्य अतिथि होंगे प्रो. एस.पी. शाही, कुलपति, बोधगया, बिहार। मुख्य वक्ता प्रो. पंकज कुमार,




इलाहाबाद विश्वविद्यालय, प्रयागराज और विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो. संजय कुमार, सीएसडीएस, नई दिल्ली तथा प्रो. टी.आर. केम, पूर्व सचिव, भारत सरकार, उपस्थित रहेंगे। संगोष्ठी के संयोजक एवं सामाजिक विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रो. सुनील महावर ने बताया कि इस आयोजन के लिए देशभर से 260 शोधपत्र प्राप्त हुए हैं। संगोष्ठी में भाग लेने वाले प्रमुख विद्वानों में प्रो. बलवान गौतम (केंद्रीय विश्वविद्यालय, हिमाचल प्रदेश), प्रो. जनक सिंह मीणा (केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात), प्रो. मधुरेंद्र (इलाहाबाद विश्वविद्यालय), प्रो. संजय कुमार (जेपी विश्वविद्यालय, बिहार), डॉ. अभिषेक कर्माकर, डॉ. भूपेंद्र प्रताप सिंह, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. स्मृति सुमन, डॉ. विजय शंकर विक्रम आदि शामिल हैं। समापन समारोह 15 अप्रैल को अपराह्न 3 बजे आयोजित होगा, जिसकी अध्यक्षता कुलपति प्रो. संजय श्रीवास्तव करेंगे। समापन सत्र में प्रो. लक्ष्मी निवास पांडेय (कुलपति, कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय), लक्ष्मी नारायण भला (सामाजिक चिंतक, नई दिल्ली), प्रो. मधुरेंद्र कुमार, प्रो. निशिकांत कोलगे, प्रो. मनीष (केंद्रीय विश्वविद्यालय, गुजरात), तथा प्रो. मधु सिंह (बी.आर.ए.बी. विश्वविद्यालय) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## अवैध कट को बंद करने की कार्रवाई पर विधायक ने लगाई रोक, प्रशासन रहा मूकदर्शक

### एनएचएआई की टीम का प्रयास विफल, विधायक मनोज यादव ने समर्थकों संग बैरियर उखाड़ा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मोतिहारी।** कोटवा थाना क्षेत्र अंतर्गत दीपउ गांव स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-27 पर बनाए गए अवैध कट को शनिवार को बंद किए जाने की प्रशासनिक कार्रवाई उस समय विफल हो गई, जब स्थानीय विधायक मनोज कुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ मौके पर पहुंचकर बैरियर को उखाड़ फेंका। जिलाधिकारी के स्पष्ट निर्देश पर एनएचएआई की टीम द्वारा कट बंद करने का कार्य अंतिम चरण में था। कार्रवाई के दौरान सीओ सह दंडाधिकारी मोनिका आनंद, कोटवा थानाध्यक्ष राजरूप राय, डुमरियाघाट व भोपापुर समेत कई थानों की पुलिस बल के साथ तैनात थे। महिला व पुरुष जवानों की मौजूदगी में एनएचएआई के 25 से 30 कर्मी जेसीबी व अन्य मशीनों की मदद से दोनों लेन पर गाडर लगाने का कार्य कर रहे थे। इसी दौरान स्थानीय राजद विधायक मनोज यादव अपने समर्थकों व ग्रामीणों के साथ मौके पर पहुंचे और कट बंद करने के निर्णय का विरोध जताया। जब पदाधिकारियों ने उन्हें जिलाधिकारी के आदेश का हवाला दिया, तो विधायक ने स्वयं बैरियर हटाना शुरू किया। इसके बाद उनके समर्थकों ने एक-एक कर सभी बैरियर उखाड़ फेंके और निर्माण सामग्री को क्षतिग्रस्त कर दिया। विवाद के बीच एनएचएआई की टीम ने कार्यस्थल से अपना सामान समेटा और वापस लौटने लगी। रोड सेफ्टी मैनेजर विवेक सिंह ने बताया कि कार्य लगभग पूर्ण हो चुका था, तभी विधायक ने कार्य रुकवाते हुए सभी सामग्री को हटवा दिया। इस संबंध में दंडाधिकारी मोनिका आनंद ने बताया कि पूरे मामले की सूचना जिलाधिकारी को दे दी गई है, निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं थानाध्यक्ष राजरूप राय ने कहा कि सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वालों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जाएगी।

विधायक मनोज यादव ने इस कार्रवाई को गलत बताते हुए कहा कि दीपउ कट से ही साहेबगंज और अरेराज की ओर जानेवाली सड़क निकलती है। यदि इसे बंद कर दिया गया, तो बड़ी गाड़ियों को कझिया ओवरब्रिज से निकलना मुश्किल होगा। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर एनएचएआई के चीफ इंजीनियर से वार्ता की जा चुकी है और जनहित में कट को यथावत रखने की मांग की गई है। प्रशासनिक कार्रवाई के दौरान विधायकीय हस्तक्षेप ने एक बार फिर व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# समस्तीपुर में आपदा से निपटने की मिली ट्रेनिंग

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिले में जिला आपदा विभाग और एसडीआरएफ के संयुक्त देखरेख में जिले के आपदा मित्रों का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन शहर के कर्पूरी सभागार में किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला आपदा पदाधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने की। इस मौके पर जिले में 14 से 20 अप्रैल तक आपदा से निपटने को लेकर जन जागरूकता अभियान की ट्रेनिंग दी गई। आज का फोकस अगलगी की घटना को रखा गया। मौके पर जिला अग्निशमन पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने आग के दौरान किस तरह से लोगों को सुरक्षित बचाकर घर से बाहर निकालेंगे, स्ट्रेचर नहीं है तो किस तरह से जख्मी को हाथ से उठा कर बाहर निकलेंगे ट्रेनिंग दी गई।

मौके पर फायर फाइटर चलाने के साथ आग लगने की स्थिति में आपदा मित्रों का पहला काम क्या होगा इसके बारे में बेसिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षण शिविर में जिले के विभिन्न प्रखंडों से 10-10 आपदा मित्र शामिल हुए थे। प्रशिक्षण लेने के बाद यही आपदा मित्र 14 अप्रैल से जिले में शुरू हो रहे है जन जागरूकता अभियान के तहत अपने-अपने प्रखंडों में आपदा से निपटने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाएंगे। जिला आपदा पदाधिकारी अनुष्का श्रीवास्तव ने कहा कि समस्तीपुर जिले में 14 से 20 अप्रैल तक जन जागरूकता अभियान सभी प्रखंडों में चलाया जाएगा। खासकर अभी गर्मी के मौसम में जिले में आग लगने की घटनाएं अधिक हो रही है। ऐसी स्थिति में आग से लोग कैसे बचाव करें। आग लग जाए तो आग पर कैसे काबू पावें। घर के अंदर फंसे लोगों को कैसे बाहर निकालें। सभी विषयों पर आपदा मित्रों को आज विशेष ट्रेनिंग दी गई है। आपदा मित्र 14 अप्रैल से अपने-अपने प्रखंड क्षेत्र में जन जागरूकता अभियान चलाएंगे।

# विश्वास में लेकर महिला से पांच लाख रूपये का फ्रॉड, आरोपित गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एक महिला को विश्वास में लेकर फ्रॉड मामले में सलैया पुलिस द्वारा आरोपित को गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़ा गया आरोपित बेरी टोला चौधरी बिगहा निवासी रियाज अंसारी का पुत्र आशिफ आलम हैं। इस पर महिला से पांच लाख रूपये फ्रॉड करने का आरोप हैं। जानकारी के मुताबिक पीड़ित महिला रेणु देवी नर्सरी में काम करती हैं और बड़ी मुश्किल से पैसे इकट्ठा की थी और वह अपना घर बनाना चाहती थी। आरोपी ने महिला को विश्वास में लेकर महिला के आधार कार्ड तथा मोबाइल के माध्यम से पांच लाख रूपये की निकासी कर ली गई थी। इस संबंध में पीड़िता ने 9 अप्रैल को प्राथमिक दर्ज कार्रवाई थी जिसमें बताया कि उसके इलाहाबाद बैंक खाते से पांच लाख रूपये का फ्रॉड कर लिया गया हैं। मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार द्वारा मामले की जांच पड़ताल की गई जिसमें पता चला कि आशिफ आलम द्वारा महिला के खाते से जालसाजी कर पांच लाख रूपये ट्रांसफर कर लिया। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष कन्हैया शर्मा, एस आई गीता कुमारी, एसआई अंकित कुमार, सूरज कुमार एवं अन्य पुलिस अधिकारी, पुलिस जवान शामिल थे।



# दो समुदायों के बीच मारपीट महिला सहित चार घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद (बंदेया)।** बंदेया थाना क्षेत्र के सुगी गांव में शनिवार सुबह दो समुदायों के बीच मारपीट की घटना सामने आई है, जिसमें एक महिला सहित चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे गांव में तनाव का माहौल है। प्रशासन की ओर से तत्परता दिखाते हुए एसपी अम्बरीष राहुल, एसडीपीओ कुमार ऋषि राज और एसडीओ मनोज कुमार ने घटनास्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है। घटना में घायल सैफ खान (25), कैफ खान (25), आशिया खातून (35) और समीर खान (12) का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, गोह में किया जा रहा है। सूचना मिलते ही गोह थाना के एसआई सरोज सिंह स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे और घायलों का फर्द बयान दर्ज किया, जिसे बंदेया थाना को भेजा गया। घायलों ने अपने बयान में बताया कि सैफ और कैफ खान शौच से लौटने के बाद दातून तोड़ रहे थे, तभी गांव के ही धीरज, प्रिंस, जितेंद्र पासवान और उनके साथ लगभग 10-15 अन्य लोग लाठी-डंडे से लैस होकर आए और हमला कर दिया। बीच-बचाव करने आई आशिया खातून और समीर खान को भी बेरहमी से पीटा गया। घटना को लेकर दर्ज प्राथमिकी में पवन कुमार (पिताऽरामाशीष पासवान), पीयूष कुमार (पिताऽशशि रंजन), राहुल कुमार (पिताऽमुन्ना पासवान), सुनील पासवान, सुबोध पासवान और हरेंद्र पासवान को आरोपित बनाया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि फर्द बयान के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है। फिलहाल गांव में स्थिति नियंत्रण में है, लेकिन एहतियातन पुलिस बल की तैनाती बनी हुई है। प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है।

# तेज रफ्तार हाइवा ने मारी बाइक सवारों को टक्कर, एक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर / दलसिंहसराय।** शुक्रवार की देर रात एनएच-28 पर सरदारगंज चौक के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया।




मृतक की पहचान विद्यापति थाना क्षेत्र के राजा चौक साहिट वार्ड संख्या 8 निवासी शंकर कुमार सिंह के 25 वर्षीय पुत्र आकाश कुमार के रूप में की गई है। वहीं घायल युवक अंकुश कुमार, विद्यापतिनगर निवासी पप्पू सिंह का पुत्र बताया गया है। जानकारी के अनुसार, दोनों दोस्त विद्यापतिनगर से दलसिंहसराय की ओर जा रहे थे। इसी दौरान शुक्रवार रात करीब 3 बजे सरदारगंज चौक के पास तेज रफ्तार हाइवा ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया।

घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से दोनों को अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने आकाश को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल अंकुश को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु एक निजी अस्पताल में रेफर कर दिया गया। मृतक के पिता शंकर सिंह ने बताया कि आकाश दलसिंहसराय में मुकेश अंबानी की कैंपा कोला कंपनी का डीलर था, जबकि अंकुश बाजार में एक इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाता है।

घटना की सूचना मिलते ही दलसिंहसराय थाना अध्यक्ष इरशाद आलम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेजा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

# पटेल पुस्तकालय में चोरी चोरों ने उड़ाए चार पंखे

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** शहर के हाईस्कूल मोड़ स्थित लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल पुस्तकालय में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने ताला तोड़कर चार पंखे चुरा लिए। चोरी की यह घटना शनिवार सुबह तब सामने आई जब पुस्तकालय निदेशक चन्द्रेश पटेल ने कार्यालय का ताला टूटा देखा। चोरी की सूचना मिलते ही पुस्तकालय के सदस्य मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी हसपुरा थाना को लिखित रूप में दी गई। निदेशक चन्द्रेश पटेल ने बताया कि रतनपुर गांव निवासी स्व. गणेशचंद्र प्रसाद, जो एक सेवानिवृत्त शिक्षक थे, ने पुस्तकालय को दानस्वरूप चार पंखे दिए थे। चोर उन्हीं पंखों को चुरा ले गए। स्थानीय लोगों और पुस्तकालय के सदस्यों राजेन्द्र सिंह,



राजन सिंह, कामाख्या नारायण सिंह, गुड्डू पासवान सहित अन्य ने इस घटना पर नाराजगी जताई और पुलिस प्रशासन से शीघ्र चोरी का खुलासा करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। सदस्यों का कहना है कि हसपुरा शहर में लगातार चोरी की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। एक घटना की जांच पूरी भी नहीं होती कि दूसरी वारदात हो जाती है, जिससे आमजन में असुरक्षा का माहौल व्याप्त है।

# 15 दिनों में हटाएं निजी व राजनीतिक बैनर : डीपीआरओ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा स्थापित सरकारी होर्डिंग्स पर निजी संस्थानों और राजनीतिक दलों द्वारा लगाए गए बैनरों को लेकर जिला प्रशासन सख्त हो गया है। शनिवार को जिला जनसंपर्क पदाधिकारी (डीपीआरओ) रजनीश कुमार राय ने निर्देश जारी करते हुए कहा कि 15 दिनों के भीतर सभी संबंधित व्यक्ति, संस्थान व राजनीतिक दल अपने-अपने बैनर हटा लें, अन्यथा उनके खिलाफ लोक संपत्ति विरूपण निवारण अधिनियम के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी।

डीपीआरओ ने बताया कि बिहार सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से जिला जनसंपर्क कार्यालय द्वारा समस्तीपुर जिले में विभिन्न स्थानों पर 2010 और




128 आकार के सरकारी होर्डिंग लगाए गए हैं लेकिन यह देखा जा रहा है कि कई निजी अस्पताल, डॉक्टर, शिक्षण संस्थान और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों द्वारा इन सरकारी होर्डिंग्स पर अपने प्रचार के फ्लैक्स अवैध रूप से लगाए जा रहे हैं। इससे न केवल सरकारी संदेश बाधित हो रहा है, बल्कि सार्वजनिक संपत्ति का भी दुरुपयोग हो रहा है। श्री राय ने स्पष्ट किया कि यदि निर्धारित समय सीमा के भीतर फ्लैक्स नहीं हटाए गए, तो संबंधित के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने जिले के सभी निजी अस्पतालों, डॉक्टरों, शिक्षण संस्थानों एवं राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा जताई है।

# 88वें दिन भी जारी रहा किसानों का धरना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड परिसर में शनिवार को किसान-मजदूर मोर्चा मगध के बैनर तले जारी किसानों का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 88वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शन के समर्थन में दर्जनों गांवों से किसान पारंपरिक हथियारों–हल, जुआठ, कुदाल–के साथ नारेबाजी करते हुए धरनास्थल पहुंचे। नुक्कड़ सभा के माध्यम से अपनी एकजुटता और समर्थन जताते हुए उन्होंने ऐलान किया कि जब तक मांगें पूरी नहीं होतीं, यह आंदोलन जारी रहेगा। धरना का नेतृत्व लड्डू खां, डॉ. तुलसी यादव और सिद्धी यादव ने संयुक्त रूप से किया, जबकि संचालन सिद्धी यादव ने किया। वक्ताओं ने दो टूक कहा कि जब तक उत्तर कोयल नहर परियोजना के तहत कुटकु डैम में फाटक नहीं लगाया जाता और अंगरा, कोटवारा व चेई नवादा शाखा नहर के अधूरे



कार्य पूर्ण नहीं होते, तब तक आंदोलन रुकेगा नहीं। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार और जनप्रतिनिधियों पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए कहा कि किसानों की सहनशीलता की परीक्षा ली जा रही है। अब किसान न तो झुकेंगे, न ही रुकेंगे। उन्होंने चेताया कि आवश्यकता पड़ने पर एक आह्वान पर हजारों की संख्या में किसान धरनास्थल पर जुटेंगे। इस मौके पर पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, डॉ. शिवनंदन यादव, सिद्धेश्वर सिंह, सुखदेव यादव, मो. रसीद, मो. कालू आलम, शशिकांत पांडेय, मोती विश्वकर्मा, संजीत कुमार, जितेंद्र यादव, रोबिन कुमार, संतोष यादव, सुरजीत पाठक, राम पुकार यादव, मुख्यलाल यादव समेत बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। आंदोलन के स्वर अब तेज होते जा रहे हैं और किसान सरकार से तत्काल सकारात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।

# 13 वर्षीय नाबालिग के अपहरण का मामला, 10 घंटे में हुई सकुशल बरामदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज थाना क्षेत्र के एक गांव से 13 वर्षीय नाबालिग बालिका के अपहरण का मामला सामने आया है। इस संबंध में बालिका के पिता ने 11 अप्रैल को रफीगंज थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री 9 अप्रैल को अचानक घर से बाहर निकल गई थी और काफी खोजबीन के बाद भी उसका कुछ पता नहीं चला। प्राथमिकी दर्ज होते ही पुलिस सक्रिय हुई और महज 10 घंटे के भीतर रफीगंज स्टेशन से नाबालिग को सकुशल बरामद कर लिया गया। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि मामले में एसआई ध्रुव कुमार के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई थी, जिसने त्वरित कार्रवाई करते हुए यह सफलता हासिल की।

# कार्यान्वयन समिति के पदाधिकारियों को पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष ने दी बधाई

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** जिला के पूसा प्रखण्ड में प्रखण्ड स्तरीय कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया। जिसमे कार्यान्वयन समिति पूसा के अध्यक्ष रणधीर कुमार सिंह, एवं उपाध्यक्ष रंजीत कुमार शर्मा को मनोनित किया गया है। वहीं कार्यान्वयन समिति कल्याणपुर के अध्यक्ष राजकुमार सिंह मनोनीत किए गये है साथ ही भाजपा मंडल अध्यक्ष पूसा दक्षिणी मधु कुमारी, संजीव कुमार सिंह, गोपाल पटेल, प्रदीप मंडल, सुधीर चैधरी, हरिनारायण सिंह, राधा देवी, बीना देवी, सत्य प्रकाश, रेखा देवी, विनय कुमार साहनी, शिवचंद्र पासवान, मंतोष कुमार आदि को सदस्य मनोनित किया गया है। शनिवार को भाजपा पूसा पूर्व मंडल अध्यक्ष



अशोक पासवान ने सभी नव मनोनित पदाधिकारियों के आवास पर जा कर उनसे मुलाकात की और उन्हें अंग वस्त्र एवं पुष्प माला से सम्मानित करते हुए बधाई एवं ढेर सारी शुभकामनाएं दी। इस दौरान श्री पासवान ने कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि आप पार्टी नेतृत्व की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे आपके नेतृत्व में पार्टी और संगठन उत्तरोत्तर मजबूत होगा।

# ट्रेन की चपेट में आने से छात्रा की मौत कोचिंग के लिए निकली थी घर से

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेल खंड के रफीगंज रेलवे स्टेशन के पश्चिमी केबिन (पोल संख्या 507/22-24) के समीप शनिवार सुबह करीब 8 बजे ट्रेन की चपेट में आने से एक किशोरी की दर्दनाक मौत हो गई। मृतका की पहचान कासमा थाना क्षेत्र के भेवड़ी गांव निवासी कारू यादव की 17 वर्षीय पुत्री अनुष्का कुमारी के रूप में हुई है। मृतका के पास एक स्कूल बैग भी बरामद हुआ है, जिससे स्पष्ट होता है कि वह पढ़ाई के सिलसिले में घर से निकली थी। आरपीएफ इंस्पेक्टर राम सुमेर एवं सिपाही अनिल कुमार मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की प्रक्रिया शुरू कर दी। इंस्पेक्टर राम सुमेर ने बताया कि



मृतका की परिजनों से पूछताछ की गई, जिसमें उन्होंने बताया कि वह प्रतिदिन की तरह शनिवार सुबह भी कोचिंग के लिए रफीगंज गई थी। इसके बाद उसकी कोई जानकारी नहीं मिली और यह दुखद घटना सामने आई। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है। यह हादसा न केवल परिवार के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए गहरी पीड़ा का कारण बन गया है।

# समारोह में सेवानिवृत्त हुए सीएमओ को दी गयी भावभीनी विदाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** करीब चार साल से तैनात अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. किशोर कुमार सेवानिवृत्त हो गए हैं। शुक्रवार को समारोह पूर्वक सदर अस्पताल में भावभीनी विदाई दी गई। विदित हो कि डॉ किशोर बीते 31 मार्च को सेवानिवृत हुए थे। इस अवसर पर डॉ. किशोर ने यहां के कार्यकाल के दौरान सहकर्मियों से मिले सहयोग को याद करते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम का संचालन डीएस सुरेंद्र सिंह ने किया। वहीं आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि यह जीवन एक सच है कि जब आप नौकरी करते है तो एक दिन आप को रिटायर करना ही है। इस दौरान सीएस डॉ विनोद कुमार सिंह, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रविरंजन, डीपीएम डॉ अनवर आलम सहित अन्य ने माला पहनाकर विदाई देते हुए उनके स्वस्थ जीवन की कामना की। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा फूलमाला एवं बुके देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर डीएस सुरेंद्र सिंह ने कहा कि एसीएमओ के रूप में डॉ. किशोर से हर कदम पर सराहनीय सहयोग मिला। एक प्रशासक के रूप में भी ये कामयाब रहे।

# विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का हुआ पुनर्गठन, किरण बनीं अध्यक्ष, सुभीत सचिव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**समस्तीपुर।** मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम 'सुरक्षित शनिवार' के अंतर्गत समस्तीपुर प्रखंड के कर्पूरीग्राम स्थित प्रभावती रामदुलारी इंटर विद्यालय में शनिवार को विद्यालय आपदा प्रबंधन समिति का पुनर्गठन किया गया।

यह कार्यक्रम जिला कार्यक्रम पदाधिकारी (एसएसए) मानवेंद्र कुमार राय के निर्देश पर आयोजित हुआ, जिसमें सर्व शिक्षा अभियान के मीडिया कोऑर्डिनेटर हरिश्चंद्र पासवान की उपस्थिति रही। पुनर्गठन की प्रक्रिया विद्यालय के फोकल शिक्षक सुभीत कुमार सिंह की




देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान 13 सदस्यीय समिति का गठन किया गया। प्रभारी प्रधानाध्यापिका किरण झा को समिति का अध्यक्ष, वरीय शिक्षिका डॉ. बेबी कुमारी को उपाध्यक्ष, फोकल शिक्षक सुभीत कुमार सिंह को सचिव तथा डॉ. ओमप्रकाश दास और संजीव नयन को उप सचिव मनोनीत किया गया। सदस्य के रूप में कक्षा-वार चयनित छात्राओं जूली प्रवीण, कुमारी सिमरन सिंह, सोनम कुमारी, शिवानी प्रिया समेत कुल 11 बाल प्रेरक, इको क्लब और यूथ क्लब के दो विद्यालय सुरक्षा मंत्रियों को समिति में शामिल किया गया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के उद्देश्य, औचित्य एवं 'हजार्ड हंट' के माध्यम से संभावित खतरों की पहचान व उनसे निपटने के उपायों की जानकारी दी गई। वक्ताओं ने कहा कि आपदाओं को पूरी तरह रोका नहीं जा सकता, लेकिन सटीक रणनीति और जागरूकता के जरिए जोखिम को कम करते हुए नुकसान को न्यूनतम किया जा सकता है। इस मौके पर शिक्षक अमरनाथ केसरी, कीर्ति किरण, रजनीश कुमार पांडे, शशि प्रसाद गुप्ता, संजीव कुमार महतो सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# हसपुरा मंडल के 20 सूत्री गठन में अनियमितता पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जताया विरोध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** भारतीय जनता पार्टी के हसपुरा मंडल अंतर्गत 20 सूत्री कार्यक्रम समिति के गठन में अनियमितता के आरोप को लेकर पार्टी के असंतुष्ट कार्यकर्ताओं ने बैठक आयोजित कर कड़ा विरोध जताया। बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में कहा कि हसपुरा प्रखंड में जारी 20 सूत्री सूची में गंभीर त्रुटियां की गई हैं, जिससे स्थानीय कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है। विक्षुब्ध कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया कि सूची में कई बाहरी व्यक्तियों को शामिल किया गया है, जिनका न तो भाजपा से कोई सरोकार है और न ही वे राजनीतिक रूप से सक्रिय हैं। कुछ ऐसे लोगों के नाम सूची में शामिल हैं जिनका स्थायी निवास अन्य गांवों में है, परंतु उन्हें गलत ग्राम के नाम से सूचीबद्ध कर दिया गया है। इससे संबंधित गांवों में विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विरोध स्वरूप कार्यकर्ताओं ने इस पूरे प्रकरण की लिखित शिकायत भाजपा के केंद्रीय कार्यालय नई दिल्ली और प्रदेश कार्यालय पटना को भेज दी है। पत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने भाजपा जिला अध्यक्ष और महामंत्री पर पारदर्शिता के साथ सूची न जारी करने का आरोप लगाते हुए उन्हें पद से हटाने की मांग की है।

# नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले तनाव, पुलिस ने संभाला मोर्चा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**हसपुरा (औरंगाबाद)।** हसपुरा प्रखंड के नरसन गांव में नव निर्मित मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर गांवभर में तैयारियां जोरों पर थी। लेकिन शुक्रवार की रात असामाजिक तत्वों ने गांव के पूर्वी छोर स्थित विशेष समुदाय की गली में लगाए गए झंडों को उखाड़ कर नाली में फेंक दिया। शनिवार सुबह जब ग्रामीणों को इसकी जानकारी हुई तो गांव में तनाव फैल गया।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय प्रशासन हरकत में आ गया। हसपुरा



बीडीओ और थानाध्यक्ष तत्काल गांव पहुंचे और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए वरीय अधिकारियों को अवगत कराया। सूचना पर औरंगाबाद एसपी के निर्देश पर दाउदनगर डीएसपी कुमार ऋषि राज पुलिस बल के साथ नरसन गांव पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। वरिष्ठ अधिकारियों ने दोनों समुदायों के लोगों के साथ संवाद स्थापित कर शांति और सौहार्द बनाए रखने की अपील की। फिलहाल गांव में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती कर दी गई है और सभी धार्मिक स्थलों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

जानकारी के अनुसार, नरसन गांव के नहर पुल के पास बजरंगबली और भगवान शंकर के नव निर्मित मंदिर में 16 अप्रैल से प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ का आयोजन होना है। इसके लिए यज्ञशाला का निर्माण किया गया है और गांव की गलियों तथा मंदिरों को भगवा झंडों से सजाया जा रहा था। पूर्वी छोर पर स्थित देवी मंदिर की ओर जाने वाले मार्ग में विशेष समुदाय के घर हैं। वहीं पर लगाए गए झंडों को उखाड़कर नाली में फेंक दिया गया, जिससे स्थिति संवेदनशील हो गई।

पुलिस ने गांव में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है और शरारती तत्वों की पहचान में जुट गई है। प्रशासन ने ग्रामीणों से किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देने और शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है।

# संदिग्ध स्थिति में विवाहिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**समस्तीपुर।** जिले में संदिग्ध स्थिति में एक विवाहिता की मौत का मामला सामने आया है। जिसके बाद परिजनों ने मृत महिला के सास पर मारपीट करने और हत्या करने का आरोप लगाया है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार, घटना के बाद मृतका के ससुरालवाले घर छोड़कर फरार हैं। वहीं, आसपास के लोगों ने बताया कि महिला का शव कमरे में फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। हालांकि परिजनों ने बताया कि जब उन्हें सूचना मिली कि विवाहिता की मौत हो गई है तो सभी लोग ससुराल पहुंचे। जहां मृतका का शव घर के बाहर लिटाया हुआ था। पूरा मामला शनिवार का जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के जितवारपुर कन्हैया चौक के पास का है। मायकेवालों ने बताया कि मृत महिला की सास उसके साथ घर के काम-काज को लेकर अक्सर मारपीट करती रहती थी। आज सुबह भी सास ने महिला के साथ मारपीट की थी। जिसको लेकर आरोप लगाया गया है कि ससुराल के लोगों ने ही मारपीट कर उसकी हत्या कर दी है। वारदात के बाद सभी लोग घर छोड़कर फरार हो गए। मृतक महिला के घर के आसपास के लोगों ने उसके मायके में फोन कर मौत होने की सूचना दी। मृत महिला की पहचान जितवारपुर निवासी अमित कुमार महतो की पत्नी बबीता कुमारी (25) के रूप में हुई है। महिला की शादी साल 2018 में हुई थी। इस मामले में मुफस्सिल थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर अजीत कुमार ने बताया कि विवाहिता की मौत की सूचना पर पुलिस पदाधिकारी को मौके पर भेजा गया था। महिला के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम कराया गया है। इस मामले में ससुरालवाले फरार हैं। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है और फरार लोगों की तलाश कर रही है।

CMYK

# पिपरिया ढाला पर पुलिया निर्माण को लेकर मंत्री ने दिया निर्देश

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद-सह- वस्त्र मंत्री भारत सरकार गिरीराज सिंह द्वारा की गई। बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण कार्य विभाग, शिक्षा विभाग, आपूर्ति एवं पीएचईडी का मुद्दा छाया रहा। बैठक में पूर्व की बैठक में शाम्हो प्रखंड सोनवर्षा पथ एवं पुल निर्माण, डंडारी प्रखंड के श्रीनाथपुर से कटहरी पथ पर मरम्मति कार्य आदि संबंधित मामलों पर आरडब्लूडी के कार्यपालन अभियंता द्वारा दिये गये अनुपालन प्रतिवेदन पर माननीय मंत्री द्वारा नाराजगी जाहिर की गई। मंत्री द्वारा अनुपालन प्रतिवेदन में स्पष्ट रूप से पत्रांक और दिनांक अंकित करने तथा कार्य पूर्ण होने की निर्धारित तिथि अंकित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही दिशा की बैठक में उठाये गये मामलों का अगले 15 दिनों के अंदर निष्पादन हेतु अग्रेतर कार्रवाई कराने हेतु निर्देशित किया गया। शाम्हो प्रखंड प्रमुख द्वारा पिपरिया ढाला पर पुलिया निर्माण को लेकर मंत्री द्वारा जिला पदाधिकारी से प्राक्कलन तैयार कराने का निदेश दिया गया। इसके साथ ही सांसद ने जनप्रतिनिधियों, नागरिकों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की कमेटी बनाकर कार्य कराने को कहा ताकि किसी भी कार्य की पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनी रही। नगर विधायक एवं मटिहानी विधायक एवं विधान पार्षद द्वारा नगर निगम क्षेत्रों के वार्ड नंबर 4,5,6,18,19 आदि क्षेत्रों जहां किसानों की अत्याधिक खेती की जमीन है, पर नगर निगम के टैक्स का मुद्दा उठाया। जिस पर नगर आयुक्त नगर निगम द्वारा विभाग को इस संबंध में प्रतिवेदित करने की बात कही गई। इस संबंध में सांसद द्वारा नगर आयुक्त को निदेशित किया गया कि जब तक नागरिक सुरक्षा पूर्ण रूपेण न हो तब तक कोई टैक्स वसूली नहीं करे। सांसद द्वारा विद्यालयों में बोरिंग कराये गये वेंडरों की भुगतान संबंधित जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी से प्राप्त की। अभी तक भुगतान नहीं होने पर सांसद द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए इसपर अविलंब कार्रवाई करने की बात कही गई। साथ ही शाम्हो एवं बलिया के डिग्री कॉलेज में वित्तीय वर्ष 2025-26 का सत्र प्रारंभ करने संबंधित जानकारी प्राप्त की गई जिसपर जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि इस हेतु एलएनएमयू को पत्र भेजा गया है। विद्यालय के दिव्यांग छात्र-छात्राओं के दिव्यांगता प्रमाण पत्र के संबंध में जानकारी देते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया कि कुल 6257 दिव्यांग छात्र-छात्राओं में से 4289 बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बना लिया गया है, जिस पर मंत्री द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी, सामाजिक सुरक्षा पदाधिकारी, सिविल सर्जन को कैंप लगाकर शेष बचे हुए बच्चों का दिव्यांगता प्रमाण पत्र बनाने तथा लाभ दिलाने की बात कहीं गई। नल-जल योजना को लेकर पीएचईडी के पदाधिकारियों को सांसद द्वारा आमजनों को किसी भी प्रकार की शिकायतें को लेकर सरल व्यवस्था बनाने की बात कहीं गई ताकि नल-जल योजना में होने वाली छोटी-मोटी समस्या को आम लोग सीधे संपर्क कर सकें। और उसका समाधान हो सकें। कई प्रखंड प्रमुखों द्वारा फिल्टर, बदलने, बैकवास करने, साफ-सफाई आदि करने पर जोड़ दिया गया, जिसपर अगले 15 दिनों के अंदर इस ओर ध्यान देने की बात कहीं गई। सांसद द्वारा सभी अनुमंडल पदाधिकारी को दिशा की बैठक में उठाये गये सभी मामलों की प्रत्येक माह समीक्षा करने का निदेश दिया गया। अंत में जिला पदाधिकारी ने सांसद, विधायक, विधान पार्षद सहित उपस्थित सभी जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद ज्ञापन किया। जिला पदाधिकारी ने सभी जनप्रतिनिधियों से महादलित टोलों में लगने वाले विशेष विकास शिविर का प्रचार-प्रचार करने तथा शिविर में सरकारी योजनाओं से वंचित लाभुकों को लाने की अपील की गई, ताकि लोगों की समस्याओं का समाधान हो सकें।बैठक में खेल मंत्री बिहार-सह- बछवाड़ा विधायक सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक बेगूसराय श्री मनीष सहित विधान पार्षद सर्वेश कुमार, नगर विधायक कुंदन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, बखरी विधायक, सूर्यकांत पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, सभी प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख, उप विकास आयुक्त बेगूसराय, नगर आयुक्त, नगर निगम बेगूसराय, जिला परिवहन पदाधिकारी, बेगूसराय एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जिला के 354 भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा का वितरण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** गांधी स्टेडियम में सांसद-सह-वस्त्र मंत्री भारत सरकार गिरीराज सिंह द्वारा सरकार द्वारा विभिन्न विभागों के जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभुकों के बीच लाभ का वितरण किया गया। इस अवसर पर मंत्री भारत सरकार द्वारा बसेरा कार्यक्रम के तहत जिला के कुल 354 भूमिहीन परिवारों के बीच पर्चा वितरण, परिवहन विभाग अंतर्गत एक व्यक्ती को गुड सेमैरिटन के तहत सम्मानित किया गया। सामाजिक सुरक्षा कोषांग के अंतर्गत मुख्यमंत्री अंतर्जातीय विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के 6 लाभुकों को एक-एक लाख रूपये एवं मुख्यमंत्री निःशक्तजन विवाह प्रोत्साहन अनुदान योजना के तहत 2 लाभुकों दो-दो लाख रूपये का सांकेतिक चेक दिया गया। 3 दिव्यांगजन को बैट्रीचालीत ट्राई साइकिल दिया गया। स्वास्थ्य विभाग के 23 लाभुकों को आयुष्मान कार्ड दिया गया। जीविका द्वारा संचालित सतत जीविकोपार्जन योजना के दो लाभुक, शुरूआती ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम के एक, पीएमएफएतई गैर कृषि के एक लाभुक को लाभ दिया गया। आपूर्ति विभाग अंतर्गत राशन कार्ड के 10 लाभुक को लाभ दिया गया। निबंधन एवं परामर्श केन्द्र के 5 लाभुकों को स्टुडेंट क्रेडिट कार्ड का लाभ दिया गया। मंत्री ने कहा कि सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाएं गरीबों के उत्थान के लिए है। बिहार लगातार विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। प्रशासनिक पदाधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से भी सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने की बात कहीं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि पहली बार जिला प्रशासन द्वारा एक साथ इतने लाभुकों के बीच परचा का वितरण किया गया। जिलाधिकारी द्वारा कहा गया कि जिला प्रशासन आगे भी इस प्रकार का आयोजन करते रहेगी। कार्यक्रम में खेल मंत्री बिहार-सह- बछवाड़ा विधायक सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक मनीष सहित विधान पार्षद सर्वेश कुमार, नगर विधायक कुंदन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, उप विकास आयुक्त एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# रंजन सिन्हा को मिला 'बेस्ट पीआरओ अवॉर्ड', लगातार चौथे साल भोजपुरी इंडस्ट्री में कायम की बादशाहत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना/लखनऊ।** भोजपुरी सिनेमा में प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में अपनी सशक्त पहचान बना चुके वरिष्ठ पीआरओ रंजन सिन्हा को वर्ष 2024 में रिलीज़ हुई सर्वाधिक सफल फिल्मों के प्रचार कार्य के लिए 'बेस्ट पीआरओ अवॉर्ड' से नवाजा गया है। यह सम्मान उन्हें लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स 2025 समारोह में प्रदान किया गया। वैशाली जिले के बिरना लखन सेन गांव निवासी रंजन सिन्हा पिछले 21 वर्षों से इस क्षेत्र में सक्रिय हैं और मनोज तिवारी, रवि किशन, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव जैसे तमाम बड़े सितारों की फिल्मों में अपनी पीआर रणनीति का लोहा मनवा चुके हैं। सम्मान प्राप्त करने के बाद रंजन सिन्हा ने कहा, ''यह पुरस्कार मेरी टीम और पूरे भोजपुरी सिनेमा उद्योग की मेहनत का परिणाम है।'' रंजन सिन्हा ने बिहार सरकार के कई प्रमुख सांस्कृतिक आयोजनों और देश के नामचीन म्यूजिक चैनलों के लिए भी काम किया है। उनकी यह उपलब्धि बिहार के लिए गर्व की बात है।

## एक नजर

### शिक्षा स्वयंसेवकों की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के विभिन्न स्कूलों में महादलित, अल्पसंख्यक पिछड़ा वर्ग के तहत तैनात शिक्षा स्वयंसेवक की बैठक बीआरसी भवन नावकोठी में आयोजित की गई। अध्यक्षता बीईओ अनिल कुमार चौधरी ने की। उन्होंने कहा कि स्कूल में नये सत्र हेतु नामांकन पखबारा संचालित है। इस अभियान के तहत पोषक क्षेत्र के अनामंकित बच्चों का कक्षा प्रथम में दाखिला दिलाने का कार्य प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है। इसके लिए पोषक क्षेत्र में घर घर भ्रमण कर अनामंकित बच्चों का सर्वेक्षण करना है। सर्वेक्षित बच्चों का निकट के स्कूल में नामांकन कराना है। महादलित परिवार के बच्चों का नामांकन अनिवार्य रूप से कराने का निर्देश दिया। पोषक क्षेत्र के शतप्रतिशत बच्चों का नामांकन कराकर शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने का लक्ष्य है। मौके पर शिक्षा स्वयंसेवक जमील अहमद, मो सुभान, अबुल कलाम, मजीद हुसैन, दुख मोचन सदा, हृदय सदा, गणेश सदा, राजकुमार रजक, शंकर रजक, बाबु साहेब, मुसर्रत खातुन, रेणु देवी आदि मौजूद थे।

### दृष्टिहीन पप्पू कुमार संगीत के माध्यम से बनाना चाहते हैं अपनी पहचान

**मुजफ्फरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** 'हौसले बुलंद हों तो मंज़िल मिलती ही है', इस कहावत को सच कर दिखा रहे हैं बंदरा प्रखंड के सुंदरपुर रतवारा निवासी दृष्टिहीन पप्पू कुमार। जन्म से नेत्रहीन पप्पू ने संगीत की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बनाने की ठान ली है। आज वे सोशल मीडिया पर अपने गीतों के लिए चर्चा में हैं। 32 वर्षीय पप्पू कुमार के पिता स्व. नवल किशोर सिंह किसान थे। मां सीता देवी गृहिणी हैं और छोटा भाई कारखाने में कार्यरत है। पप्पू को कभी औपचारिक शिक्षा नहीं मिली, लेकिन संगीत के प्रति उनका लगाव बचपन से रहा। पप्पू ने 2015 से अब तक 15 गीतों की रचना, संगीतबद्ध कर गाया है। उन्हें सिर्फ 400 रुपये की दिव्यांग पेंशन मिलती है और किसी प्रकार की सरकारी सहायता नहीं मिली है। कई बार उन्होंने राज्य सरकार और यहां तक कि राष्ट्रपति तक को पत्र लिखा, लेकिन कहीं से सहायता नहीं मिली। पप्पू कुमार का कहना है कि वे फिल्म जगत और कला-संस्कृति के क्षेत्र के लोगों से सहयोग की अपेक्षा रखते हैं ताकि उन्हें भी एक मंच मिल सके और वे अपनी कला से देश-दुनिया में नाम कमा सकें।

### पीएचसी में एएनएम की बैठक

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पीएचसी नावकोठी के अधीनस्थ ए पीएचसी तथा एचएससी पर तैनात एएनएम की बैठक शनिवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी ने की। जिला वैक्टर नियंत्रण पदाधिकारी डा सुभाष रंजन झा ने कालाजार फैलने के कारण तथा उससे बचाव की जानकारी दी। कालाजार बालू मक्खी के काटने से तथा बीमार व्यक्ति से स्वस्थ व्यक्ति तक फैसला है। इससे ग्रसित व्यक्तियो को तेज सिर दर्द, बदन दर्द, बुखार आता है। इसमें ग्रसित व्यक्ति को भूख में कमी, वजन में कमी हो जाती है। रक्त परीक्षण के उपरांत इसकी पहचान हो जाती है। ससमय इलाज होने से इससे त्राण पाया जा सकता है। विभाग द्वारा संचालित योजना की प्रगति की समीक्षा की। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान, प्रधानमंत्री मातृ वंदना, परिवार कल्याण, टेलीमेडिसीन आदि की समीक्षा की गई तथा आवश्यक निर्देश दिया। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, बीएमईए संदीप चंद्रा, एएनएम विभा कुमारी, मीना कुमारी, मंचन कुमारी, रेणु कुमारी, शालिनी कुमारी, दीपा कुमारी, विश्व भारती आदि मौजूद थे।

# दुर्घटना दावों में ससमय भुगतान का दिया गया निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** कारगिल विजय सभा भवन में सांसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में सांसद द्वारा हीट एंड रन एवं नन हीट एंड रन के मामले मे ससमय भुगतान हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, एवं अन्य संबंधित को मिलकर प्रक्रिया को सरल बनाने का निर्देश दिया। सांसद ने पुलिस अधीक्षक को अपने स्तर से डेडिगेटेड ऑफिसर नामित करने कहा ताकि मामले का निष्पादन त्वरित गति से हो सकें और मृतक के आश्रितों को मुआवजा की राशि ससमय मिल सकें। बैठक में हीट एंड रन के लंबित मामले को प्राथमिकता के आधार पर ससमय निष्पादित करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही नन हीट एंड रन मामले का त्वरित गति से निष्पादत करने के लिए जिले में भी न्यायाधिकरण की स्थापना किया जाय। एवं न्यायाधिकरण में स्पीडी ट्रायल की भी व्यवस्था हो। इस हेतु न्यायाधिकरण में एक स्थायी सचिव की पदस्थापन हेतु बिहार सरकार को पत्र भेजने का निर्देश दिया गया। सांसद ने थानाध्यक्ष से समन्वय कर ससमय आई-आरएडी एवं ई-डीएआर पर इन्ट्री कराने की बात कहीं, ताकि मृतक के आश्रित को मुआवजा मिल सके। इस हेतु जागरूकता कार्यक्रम भी चलाने का निर्देश दिया गया। हीट एंड रन के भुगतान हेतु लंबित मामले का जीआईसी के प्रतिनिधि के साथ पुनः समीक्षा करें। साथ ही आगे की बैठक में अद्यतन स्थिति रखने की बात कहीं गई। सड़क जाम की समस्या, अतिक्रमण को हटाने हेतु नगर आयुक्त, नगर निगम, एसडीओ, एसडीपीओ, डीटीओ एवं एनएचएआई के पदाधिकारी संयुक्त रूप से अभियान चलायें। पीडी, एनएचएआई को निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग के लंबित कार्यों को प्राथमिकता पर अनुश्रवण करने एवं सिक्स लाईन प्रोजेक्ट प्रारंभ करने से पूर्व सभी रास्ते/पुल एक ही साथ खोलने हेतु निदेशित किया गया, ताकि शहर का यातायात सुचारू रूप से हो सके एवं जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। नगर निगम क्षेत्र में जाम की समस्या तथा यातायात व्यवस्था सुचारू रखने हेतु वैकल्पिक मार्ग की व्यवहारिक करने का निर्देश दिया, एवं नियम तोड़ने वाले के विरूद्ध आवश्यक कार्रवाई करने की बात कहीं गई। नगर आयुक्त, नगर निगम, बेगूसराय वैकल्पिक मार्ग के प्रस्ताव को अंतिम रूप देने से पूर्व व्यापक प्रचार-प्रसार तथा साईनेजेज बोर्ड लगाने को भी कहा गया। सांसद द्वारा ग्रामीण सड़के जो एनएच मे मिलती है। उसकी सूची तैयार करने की बात कहीं गई, ताकि उन सड़कों में सर्विस लेन बनाया जाय, ताकि दुर्घटना में कमी लाया जा सके। सांसद ने जिला परिवहन पदाधिकारी को जिले में चिन्हित कुल-50 ब्लैक स्पॉटों पर त्वरित गति से परिमार्जन का कार्य कराने का निर्देश दिया गया साथ ही वाहनों का सघन जाँच अभियान चलाने का भी निर्देश दिया गया। जिससे सड़क दुर्घटना में कमी हो सके। सांसद ने साहेबपुर कमाल प्रखंड अंतर्गत कुरहा मोड़ के पास फ्लाई ओभर निर्माण हेतु प्रस्ताव तैयार कर विभाग को भेजने की बात कहीं। साथ ही जाम की समस्या को देखते हुए रेलवे स्टेशन के पास संचालित बस स्टैण्ड को अन्यत्र स्थल पर स्थानांतरित करने की दिशा में अग्रेत्तर कार्रवाई करने की भी बात कहीं गई। बैठक की अध्यक्षता वस्त्र मंत्री भारत सरकार गिरीराज सिंह द्वारा की गई। बैठक में खेल मंत्री बिहार-सह- बछवाड़ा विधायक सुरेन्द्र मेहता, जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला, पुलिस अधीक्षक श्री मनीष सहित विधान पार्षद सर्वेश कुमार, माननीय नगर विधायक कुंदन कुमार, मटिहानी विधायक राजकुमार सिंह, बखरी विधायक सूर्यकांत पासवान, जिला परिषद अध्यक्ष सुरेन्द्र पासवान, सभी प्रखंडों के प्रखंड प्रमुख, उप विकास आयुक्त, जिला परिवहन पदाधिकारी, बेगूसराय, नगर आयुक्त, एवं सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत निकली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के तहत आइसीडीएस विभाग द्वारा शनिवार को प्रखंड मुख्यालय में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। सीडीपीओ मोनिका रानी ने उपस्थित सेविका, सहायिका, किशोरी बालिकाओं के जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली प्रखंड मुख्यालय से निकलकर नावकोठी थाना चौक तक गयी।सही पोषण देश रौशन का नारा बुलंद किया गया.सीडीपीओ ने बताया कि समाज कल्याण विभाग का यह लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा कुपोषण का शिकार नहीं रहे, इसके लिए आंगनबाड़ी केन्द्रों पर संदर्भ सेवा सहित अन्य पोषण युक्त कार्यक्रम चलाये जाते हैं। बच्चों के सही पोषण से ही हमारा देश रौशन हो सकता है। बच्चों के पोषण का वृद्धिचार्ट देखने का लोगों से अपील की। किशोरियों को दिनचर्या में बदलाव लाने एवं स्वास्थ्य के प्रति सचेष्ट रहने की सलाह दी गयी।सही पोषण देश रौशन नारे को रेखांकित करते हुए किशोरी बालिकाओं को बताया कि आप अपनी बाल्यापन के आदत के तरह दिनचर्या नहीं रखें। मासिक चक्र आने से घबराना नहीं चाहिए। इस दौरान सही पोषण से स्वास्थ्य पर अनुकूल प्रभाव पड़ता है। कम उम्र में शादी को रोकने के लिए जागरूकता फैलाने का आह्वान किया। इस अवसर महिला पर्यवेक्षिका लालीमा कुमारी, सिंकी कुमारी, सेविका मीना कुमारी, मधुरानी, कमरून निशा बेग, निर्मला कुमारी, शकीला बेगम, मंजु कुमारी, आशा कुमारी सहित अन्य सेविका शामिल थे।

### पुलिस ने दो वारंटियों को किया गिरफ्तार

नावकोठी। नावकोठी पुलिस ने विभिन्न गांव से दो वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि गिरफ्तार वारंटी समसा के जय जय राम महतो उर्फ टुकिया तथा हसनपुर बागर के नवीन महतो है। टुकिया पर बखरी थाना कांड संख्या 30/01 तथा नवीन महतो पर नावकोठी थाना कांड संख्या 51/12 के तहत हत्या के प्रयास से तहत नामजद था। लंबी अवधि से न्यायालय में उपस्थित नहीं होने से एनबीडब्लू वारंट जारी किया था। इस गिरफ्तारी में एस आई मनोज प्रसाद, विश्वजीत कुमार तथा सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा का वार्षिकोत्सव मना

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय गढ़हरा का वार्षिकोत्सव का उद्घाटन शुक्रवार की रेल डीआरएम विवेक भूषण सूद ने किया। विशिष्ट अतिथियों में एपीएसएम कॉलेज बरौनी के प्राचार्य डॉ मुकेश कुमार, विद्यालय प्रबंधन समिति के नामित अध्यक्ष जयप्रकाश सिंह, प्राचार्य, केंद्रीय विद्यालय आईओसी बरौनी के प्राचार्य अरविंद कुमार मिश्रा, केंद्रीय विद्यालय एचएफसी बरौनी के प्रभारी प्राचार्य एनके पाण्डेय आदि थे। स्काउट गाइड के बच्चे कव एवं बुलबुल दल ने कलर पार्टी के साथ अतिथियों का स्वागत किया। मुख्य अतिथि डीआरएम विवेक भूषण सूद ने कहा कि वर्तमान समय डिजिटल युग है। बच्चे अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। उन्हें माता पिता, गुरु, परिवार व समाज का बेहतर मार्ग मिलने पर राष्ट्र के विकास में अहम भूमिका निभाएंगे। प्राचार्य रजनीश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मविश्वास और राष्ट्रप्रेम को मंच प्रदान करने का एक एक सशक्त प्रयास है।बरौनी कालेज के प्राचार्य प्रो मुकेश कुमार ने कहा कि बच्चों में अंकुरण के दौरान सभी आवश्यक सामग्रियों ससमय मिलने से वे आगे बढ़ेंगे। वर्तमान समय एआई का दौर है। डिजिटल युग में उन्हें बेहतर आकार देने की जरूरत है। मौके पर सोनपुर मंडल वरीय कार्मिक अधिकारी दिलीप पासवान, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर टू हाफिजुर्रहमान, प्रो नंदकिशोर पंडित, रेल मंडल अभियंता बरौनी विकास चन्द्र दत्ता, मंडल विद्युत अभियंता संजय यादव, रविन्द्र कुमार, कार्य निरीक्षक संजय वर्मा, आरपीएफ निरीक्षक राजीव कुमार सिंह, अमित आनंद, रंजीत कुमार, सुधीर वर्मा आदि थे। कार्यक्रम के पूर्व रेल डीआरएम विवेक भूषण सूद ने अनोखा मैथ्स पार्क का उद्घाटन किया। वार्षिक उत्सव के मौके पर सांस्कृतिक कार्यक्रम को देख दर्शक मोहित हुए। संचालन नुसरत बानो, निकेतन चौधरी एवं शांभवी ने किया। धन्यवाद ज्ञापन संजीव कुमार ने प्रस्तुत किया गया।

# छात्रों की समस्या को लेकर अभाविप ने प्राचार्य को सौंपा ज्ञापन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बरौनी।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बरौनी इकाई के द्वारा नगर मंत्री प्रियांशु कुमार एवं कॉलेज अध्यक्ष आलोक कुमार की अगुवाई में सात सूत्री मांगों को लेकर प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा गया। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने प्राचार्य से स्नातक में ज्योग्राफी, होम साइंस, सोशियोलॉजी एवं कॉमर्स की पढ़ाई शुरू करवाने की दिशा में पहल करने की मांग के साथ ही गर्मी में शीतल पेय और नियमित क्लास चलाने के साथ अन्य कई मांग की। मांग पत्र सौंपने के उपरांत विद्यार्थी परिषद के प्रदेश कार्यकारी सदस्य एवं एलएनएमयू छात्रसंघ अध्यक्ष आलोक कुमार ने कहा कि विद्यार्थी परिषद हमेशा से छात्र हितों के लिए संघर्ष करते आई है। जब जब छात्रों को समस्या हुई है। तब तब विद्यार्थी परिषद ने उस समस्या के समाधान के लिए संघर्ष किया है। उसे क्रम में आज विद्यार्थी परिषद ने छात्र-छात्राओं के विभिन्न मांगों को प्रधानाचार्य के समक्ष रखा है ताकि आगामी भविष्य में छात्राओं को कोई समस्या ना हो साथ ही विद्यार्थी परिषद कॉलेजों में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति को बढ़ाने के लिए अभियान चलाया जाएगा। अगर निश्चित समय के अंदर हमारी मांगों को नहीं पूरा किया गया तो महाविद्यालय प्रशासन के खिलाफ विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता आंदोलन करेंगे। मौके पर उपस्थित कॉलेज मंत्री अंकित कुमार एवं जिला सोशल मीडिया प्रभारी विकास कुमार झा ने कहा कि महाविद्यालय में स्वच्छ पेयजल एवं शौचालय की कमी साफ देखी जा सकती है। मौके पर नगर सह मंत्री अजय कुमार, कोषाध्यक्ष स्वराज कुमार खेल प्रमुख सौरव कुमार कॉलेज उपाध्यक्ष अमन कुमार विवेक कुमार पीयूष कुमार यश, प्रभाकर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### शैक्षणिक समस्याओं को लेकर एबीवीपी की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बलिया।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक डंडारी में एक निजी कोचिंग संस्थान पर आयोजित की गई थी, जिसमें विभिन्न शैक्षणिक समस्याओं पर चर्चा की गई। बैठक में शिक्षा के स्तर, संसाधनों की कमी, शिक्षकों की कमी, और छात्रों की मूलभूत ज़रूरतों पर विचार किया गया. मौके पर एबीवीपी उत्तर बिहार के प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दयानिधान गिरी ने कहा कि प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों में शिक्षकों की घोर कमी है। बहुत सारे विद्यालयों का कोड तो आवंटित हो गया है लेकिन वहां ना ही शिक्षक है और ना ही विद्यालय का भवन निर्माण हुआ है। बिना भवन के ही विद्यालय चल रही है। प्रखंड क्षेत्र के सभी विद्यालयों में इंटर नामांकन में सीट की बढ़ोतरी की जाए, इंटर में सीट कम रहने के कारण हर वर्ष छात्र-छात्राओं को इधर-उधर नामांकन के लिए भटकना पड़ता है। एबीवीपी डंडारी के नगर मंत्री दिवेश कुमार ने कहा कि डंडारी प्रखंड के सभी विद्यालयों में प्राचार्य द्वारा अवैध रूप से नामांकन के नाम पर छात्र छात्राओं से रुपया वसूला जा रहा है और उसकी रशीद भी छात्रों को नहीं दी जा रही है।

# प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद नियोजन पत्र हस्तगत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के पहसारा पूर्वी पंचायत के ग्राम कचहरी के सरपंच संजीव कुमार यादव ने ग्राम कचहरी सचिव पद पर मनीषा कुमारी को नियोजन पत्र दिया। मेधा सूची में इस अभ्यर्थी का नाम क्रमांक 1 पर अंकित था। जिला पंचायत संसाधन केन्द्र कंकौल बेगूसराय में प्रमाण पत्रों के सत्यापन के बाद नियोजन पत्र हस्तगत कराया गया। प्रखंड के एक मात्र पंचायत पहसारा पूर्वी में विज्ञापन क्रमांक 826 के माध्यम से ग्राम कचहरी सचिव का पद रिक्त था। यह पद महिला अभ्यर्थियों के लिए ही आरक्षित था। इस पद के लिए चालीस अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था। मेधा सूची में क्रमांक 1 पर मनीषा कुमारी का नाम अंकित था। मनीषा कुमारी का नाम क्रमांक 1 पर अंकित रहने तथा गठित कमिटी द्वारा प्रमाण पत्रों की जांच की गई। प्रमाण पत्रों के जांचोपरांत नियोजन इकाई के अध्यक्ष ग्राम कचहरी सरपंच संजीव कुमार यादव ने नियोजन पत्र देकर इसे योगदान भी कराया। इसके चयन पर सरपंच संजीव कुमार यादव, उप सरपंच राम कुमार, बुद्धिजीवी इन्द्र देव महतो, शकील अहमद बेग, नवीन कुमार मिश्रा, प्रो हरेराम सिंह, अमित कुमार पप्पू आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

### अवैध क्लिनिकों पर छापेमारी

**नावकोठी।** प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध क्लीनिक संचालन पर छापेमारी की गई। रजाकपुर पंचायत के बेगमपुर में प्रमोद दवाखाना पर छापेमारी की गई। छापेमारी की भनक लगते ही संचालक दवाखाना बंद कर फरार हो गया। छापेमारी दल के सदस्यों ने काफी देर तक संचालक का इंतजार करते रहे पर संचालक छापेमारी दल के समक्ष उपस्थित नहीं हुआ। इसके दवाखाना को सील कर दिया गया। समसा में किशोरी साह के क्लीनिक, अमित कुमार पिंटू के दवाखाना, विष्णुपुर के निदान होस्पीटल के संचालक डा राजेश कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दवाखाना का लाइसेंस बिजली कनेक्शन की स्थिति स्पष्ट करने हेतु तीन दिनों का समय दिया गया। बेगमपुर, चक्का, रजाकपुर, सिसौनी, सैदपुर, विष्णुपुर, देवपुरा में 13 दवाखाना तथा क्लीनिक पर छापेमारी की गई। इससे क्लीनिक संचालक में हड़कंप है। इसमें वेक्टर जनित रोग नियंत्रक डा सुभाष झा, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा राजीव रंजन चौधरी, बीडीओ चिरंजीव पांडेय, एसआई अनिल कुमार सिंह, सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

# फोर्टिस गुरुग्राम ने दरभंगा में की सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी केंद्र की शुरुआत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दरभंगा।** फोर्टिस अस्पताल, गुरुग्राम ने दरभंगा में एक बड़ी स्वास्थ्य सुविधा की शुरुआत की है। 'बिग ओ हेल्थ' के सहयोग से अनंत आरोग्य निकेतन अस्पताल परिसर में एक सुपर स्पेशियलिटी ओपीडी केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र के माध्यम से अब दरभंगा और आस-पास के निवासियों को उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। इस अवसर पर फोर्टिस अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सकों जैसे डॉ. राहुल भार्गव, डॉ. स्वरूपा मित्रा, डॉ. सलील जैन, डॉ. अभिषेक शर्मा और यशपाल सिंह रावत के साथ-साथ अनंत आरोग्य निकेतन अस्पताल के निदेशक डॉ. सीएम झा उपस्थित रहे। उद्घाटन बीआईआरएसी के प्रबंध निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार ने किया। उन्होंने कहा कि यह पहल आधुनिक चिकित्सा सेवाओं को ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने का सशक्त माध्यम है। डॉ. राहुल भार्गव ने बताया कि फोर्टिस अब न केवल ऑनलाइन बल्कि फिजिकल ओपीडी सेवाओं के माध्यम से भी दरभंगा में स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगा। यह कदम समय और लागत दोनों की बचत करेगा और लोगों को विशेषज्ञों की सेवाएं उनके शहर में ही उपलब्ध कराएगा।

CMYK

## संक्षिप्त समाचार

### तीन नियोजित सचिवों को दिया गया नियोजन पत्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के केहुनिया रोआरी, शिकारपुर एवं भेड़ीहरवा पंचायत में नव नियोजित सचिवों को नियोजन पत्र शनिवार को दिया गया है। प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी विवेक आर्या ने बताया कि तीन पंचायत में ग्राम कचहरी सचिव के पद पर नियोजित सचिओ को नियोजन पत्र दिया गया है। इसमें केहुनिया रोआरी में संजीव कुमार, शिकारपुर में हिना तब्बसुम तथा भेड़ीहरवा पंचायत में जिक्रूल्लाह का नियोजन हुआ है। तीनों का नियोजन के उपरांत योगदान कराया गया है। उन्होंने बताया कि शेरहवा में नेहा कुमारी, गोखुला में गुड्डू कुमार मेघा सूची में पहले क्रमांक पर हैं। जबकि धूमनगर में राहुल कुमार नियोजन के लिए नहीं पहुंचे। उक्त तीनों पंचायत में उनका नियोजन जल्द हीं कराया जाएगा।

### बीसी की हड़ताल से स्वच्छता कार्य बाधित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एलएसबीए के प्रखंड समन्वयक के हड़ताल पर जाने से पंचायतों में स्वच्छता कार्य प्रभावित हो रहा है। शनिवार को भी सभी प्रखंड समन्वयकों का हड़ताल जारी रहा। बीसी राम विनय प्रसाद ने बताया कि संघ की ओर से 13 सूत्री मांगों के समर्थन में यह हड़ताल शुरू किया गया है। इसमें सिकटा, लौरिया, मैनाटांड व गौनाहा समेत जिला के सभी प्रखंडों के बीसी शामिल हैं। जब तक मांग पूरी नहीं होगा, तब तक हड़ताल जारी रहेगा। बता दे कि एलएसबीए संविदा कर्मी संघ के आवाह्न पर अपनी 13 सूत्री मांग को लेकर सभी प्रखंड समन्वयक आठ अप्रैल से अनिश्चितकाल हड़ताल पर चले गए है।

### तिरुपति शुगर मिल 16 को करेगा विशेष कैम्प का आयोजन

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** गन्ना किसानों को गन्ना की खेती के लिए सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो इसको लेकर 16 अप्रैल को स्थानीय तिरुपति शुगर मिल में विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प के माध्यम से गन्ना किसानों को बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जाएगा, ताकि वे अपने गन्ने की खेती की सिंचाई कर सके। इसकी जानकारी देते हुए बगहा विद्युत प्रमंडल के कार्यपालक अभियंता आलोक अमृतांशु ने बताया कि गन्ना किसानों को सिंचाई के लिए कनेक्शन उपलब्ध हो इसको लेकर कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इच्छुक किसान कैंप में आकर विद्युत कनेक्शन से संबंधित अपना आवेदन दे सकते हैं।

### अगलगी में चार घर जले लाखों की क्षति

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अंचल क्षेत्र के सैदपुर गांव में शनिवार को आग लगने से दो फुसनुमा घर एवं दो पक्का मकान जल गया। इस घटना में पीड़ित राजकपूर पासवान, चुमन पासवान का फुसनुमा घर व घर मे रखा अनाज, कपड़ा, बर्तन, गहना व नकदी समेत लाखों की संपत्ति जलकर खाक हो गई। वही राकेश पासवान व मनीष पासवान के पक्का मकान को भी आंशिक क्षति हुई है। घटना की सूचना पर सीओ सुधांशु शेखर ने राजस्व कर्मचारी को भेजकर स्थल जांच करवाया। सीओ ने बताया कि चारों अग्नि पीड़ितों को करीब एक लाख 67 हजार रुपए की क्षति हुई है। सभी अग्नि पीड़ितों को अंचल प्रशासन की ओर से प्लास्टिक शीट दिया गया है। जल्द ही उन्हें सहायता राशि का चेक दिया जाएगा।

### अंबेडकर संस्कार केंद्र के छात्रों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण



सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महावीरी सरस्वती शिशु मंदिर महावीरपुरम द्वारा संचालित अंबेडकर संस्कार केंद्र रामनगर के छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. जिले के प्रतिष्ठित शिशु एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल राज, डॉ धीरज कुमार, डॉ अंजना कमर ,डॉ निक्की एवं डॉ रंजीत कुमार के संयुक्त प्रयास से 40 छात्रों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया. परीक्षण उपरांत चिकित्सकों ने छात्रों को आहार एवं शिशु रोगों से संबंधित दवाईयों का वितरण किया.कार्यक्रम का संचालन संस्कार केंद्र प्रमुख मनोज कुमार तिवारी ने की.इस कार्यक्रम में सेवा प्रमुख शशि जी ,जिला सेवा प्रमुख रामबाबू का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ.

### टीबी मरीजों में फूड बास्केट का वितरण



**हसनपुरा/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के सीएचसी में शनिवार को टीबी एलर्ट इंडिया संजीवनी द्वारा उपलब्ध कराए गए फूड बास्केट का वितरण टीबी मरीजों के बीच प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभय कुमार के नेतृत्व में व होमियोपैथ के चिकित्सा पदाधिकारी मोहम्मद इस्तियाक की उपस्थिति में किया गया। इस दौरान टीबी सुपरवाइजर नीतू कुमारी, लैब टेक्नीशियन मुजफ्फर सीवानी ने एलर्ट इंडिया संजीवनी द्वारा उपलब्ध कराए गए फूड बास्केट को टीबी मरीजों को प्रदान किया गया। चिकित्सकों ने टीबी के बारे में जागरूकता करते हुए बताया गया कि टीबी के मरीजों को दवा का पूरा कोर्स लेना चाहिए। मास्क पहनना चाहिए। शराब और धूम्रपान से बचना चाहिए। हवादार कमरे में रहना चाहिए। खांसते और छींकते समय मुंह और नाक ढकना चाहिए। थूकते समय सावधानी बरतनी चाहिए। पौष्टिक आहार लेना चाहिए। नियमित व्यायाम करना चाहिए। इस अवसर पर सीएचसी के सभी चिकित्सा कर्मी व अन्य कर्मियों के अलावा सभी मरीज उपस्थित थे।

### रुद्रा टोयटा एवं नीतीराज मोटर्स को नोटिस

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अपना शोरुम खोलकर बिना ट्रेड लाइसेंस के कतिपय वाहन एजेंसियों द्वारा वाहनों की बिक्री की जा रही है। जिला मुख्यालय में फोर व्हीलर वाहन कंपनियों के डीलर बिना ट्रेड लाइसेंस लिये ही बुकिंग काउंटर संचालित कर रहे है। जिला परिवहन पदाधिकारी ललन प्रसाद ने शहर के आसपास संचालित कई चार पहिया वाहन एजेंसियों की जांच के दौरान पाया कि कई एजेंसिया जिनका डीलरशीप दूसरे जिले में है। लेकिन यहां पर अपना बुकिंग काउंटर खोलकर वाहनों की बिक्री कर रहे है। बकायदा यहां उनके द्वारा बिक्री किये गये वाहनों का निबंधन भी जिला से हो रहा है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने फिलहाल, नितीराज मोटर्स मंशाटोला, रुद्रा टोयोटा मंशाटोला को नोटिस भेजकर जबाब तलब किया है। जिला परिवहन पदाधिकारी ने बताया है कि बिना अनुज्ञप्ति के बेतिया जिला में रुद्रा टोयटा, नितीराज मोटर्स अपने वाहनों की बिक्री कर रहा है। जो मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन है। उन्होंने इन दोनो लक्जरी वाहन के विक्रेताओं को नोटिस भेजते हुए 16 अप्रैल को तलब करते हुए जबाब देने का निर्देश दिया है।

# चंपारण रेंज के तीनों एसपी समेत 48 पुलिस पदाधिकारी पुरस्कृत

**प्रशस्ति पत्र व नगद राशि से डीआईजी ने किया पुरस्कृत**



बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। चंपारण रेंज के डीआईजी हर किशोर राय ने रेंज के बेतिया बगहा मोतिहारी समेत 48 पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया है। पुलिस केंद्र में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान इन पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत करने के साथ हीं साथ डीआईजी ने इन्हें प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया। पुलिस प्रवक्ता सुनील सिंह ने बताया कि समीक्षा के दौरान अनुसंधान के 32 एजेंडा, सीसीए, कांडो के निष्पादन लंबित कांडो तथा अपराधकर्मियों, शराब माफियाओं की गिरफ्तारी संबंधित समीक्षा में पर्व त्योहारों को शांतिपूर्ण संपन्न कराने एवं अपने कर्तव्य के प्रति सर्तक रहने के कारण इन पुलिस पदाधिकारियों को पुरस्कृत किया गया है। उन्होंने बताया कि तीनों जिले से सात अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को प्रशस्ति पत्र, तीनों जिले से तीन तीन पुलिस निरीक्षकों को दस दस हजार नगद राशि का पुरस्कार, तीनों जिलो के दो पुलिस निरीक्षक को प्रशस्ति पत्र, चार अनुसंधानकर्ताओं को पांच पांच हजार रुपया पुरस्कार एवं तीनों जिलो के 12 थानाध्यक्षों को प्रशस्ति पत्र एवं 16 अनुसंधानकर्ताओं को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। इसमें बेतिया एसपी डा. शौर्य सुमन, मोतिहारी एसपी स्वर्ण प्रभात, बगहा एसपी सुशांत कुमार सरोज के साथ हीं साथ पकड़ीदयाल के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सह सहायक पुलिस अधीक्षक, मोतिहारी सदर के एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक व रामनगर की एसडीपीओ सह सहायक पुलिस अधीक्षक शामिल है। वहीं बेतिया सदर वन के एसडीपीओ, सदर 2 के एसडीपीओ, बेतिया के ट्राफिक डीएसपी, नरकटियागंज एसडीपीओ, बगहा के एसडीपीओ, मोतिहारी सदर टू, अरेराज एवं सिकरहना के एसडीपीओ को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावे रेंज के दस पुलिस निरीक्षकों केसरिया, छौड़ादानों, अरेराज, धनहा, बेतिया सदर, के साथ हीं तकनीकी शाखा बेतिया के ज्वाला कुमार सिंह, शिकारपुर के अवनिश कुमार, चनपटिया के सम्राट सिंह, साठी के धीरज कुमार को पुरस्कृत किया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि इसके साथ हीं साथ मोतिहारी नगर, राजपुर, चिरैया, पिपरा, पीपराकोठी, नौरंगिया, बगहा, बेतिया नगर, योगापट्टी एवं मझौलिया के थानाध्यक्ष को भीपुरस्कृत किया गया। जबकि अनुसंधानकर्ता के रुप में मामलों के निष्पादन में अव्वल आनेवाले मझौलिया के पुलिस निरीक्षक मनिन्द्र कुमार, मझौलिया के हीं पुअनि बिहारी प्रसाद निराला, मझौलिया के हीं पुअनि भुपेश कुमार, योगापट्टी के पुअनि भूपेश कुमार, छौती के सअनि संतोष कुमार सिंह, छौती की ही पुअनि उर्मिला राय, कोटवा के पुअनि हरेंद्र कुमार, रक्सौल के पुअनि पलटु पासवान, पताही के परि.पुअनि धनंजय कुमार, पहाड़पुर की पुअनि बबली कुमारी, पहाड़पुर की पुअनि नीलम कुमारी, पताही के परिपुअनि सोनू कुमार, रामनगर के पुअनि संतोष कुमार, रामनगर के हीं पअनि राजन साह एवं चौतरवा थाना के पुअनि विनय कृष्णा के नाम शामिल है।

## आइडियल पब्लिक हाई स्कूल में वर्गोन्नति पर छात्र छात्राओं को किया गया सम्मानित

**हसनपुरा /सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नपं हसनपुरा स्थित आइडियल पब्लिक हाई स्कूल के सभागार में शनिवार को एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां वर्ग एक से आठवीं कक्षा के छात्र छात्राओं के वर्गोन्नति के पश्चात प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को मेडल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अशफा सिद्दीकी इसरो वैज्ञानिक, जमशेद सिद्दीकी, कुमारी श्वेता और दीपा कुमारी व तौफीक अहमद थे। इसके पूर्व स्कूल के डायरेक्टर अर्शी कबीर ने आगत सभी अतिथियों व अभिभावकों को फूल माला पहनाकर व अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। उपस्थित सभी बच्चों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि बच्चे देश के भविष्य हैं,यहीं बच्चे आगे चलकर देश का नाम रोशन करेगें। साथ ही सभी बच्चों को बढ़ियां से पढ़ाई करने को कही।



अपने वर्ग में अव्वल छात्र छात्राओं में दीक्षा कुमारी, आशुतोष सिंह,दोवा जावेद,रबीना खान,आरजू खान,उरुज फातिमा व रहमते ताजिम रहे। मौके पर अहमद अली, रजी अहमद, जियाउद्दीन अहमद,मोहमद यूनुस, इमाम हुसैन आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

## एसपी ने किया कंट्रोल रुम का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** एसपी सुशांत कुमार सरोज ने शुक्रवार की रात्री में बगहा कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने अपराध नियंत्रण व विधि व्यवस्था के लिए लगे कंट्रोल रूम का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस पदाधिकारी व पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी दिया। इसके अलावा थाना परिसर में लगे सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया।एसपी ने कंट्रोल रूम से ही एनएच 727 समेत चौक चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज से पुलिसिंग व्यवस्था का भी जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने 112 पुलिस व पुलिस कर्मियों का भी मॉनिटरिंग किया। एसपी ने मौके पर मौजूद पुलिस पदाधिकारी व कर्मियों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस दौरान एसपी ने लंबित कांडों की समीक्षा की एवं कांडों के त्वरित निष्पादन को लेकर पुलिस पदाधिकारी को निर्देश दिया।

## जिला समन्वय समिति की बैठक संपन्न, जिला पदाधिकारी ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिला पदाधिकारी, सिवान के अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित हुई।



बैठक में मुख्य रूप से ग्रामीण विकास विभाग की संचालित योजनाएं यथा-प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, जल-जीवन-हरियाली, मनरेगा एवं पंचायत राज विभाग अन्तर्गत सोलर स्ट्रीट लाईट, पन्द्रहवीं एवं षष्टम वित्त के क्रियान्वयन की समीक्षा की गई।

इस क्रम में प्रधानमंत्री आवास योजनान्तर्गत विशेष अभियान के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्राप्त लक्ष्य के आच्छादन, लम्बित ऋ्ळड के शीघ्र निष्पादन एवं अवशेष लक्ष्य की स्वीकृति हेतु निदेश दिया गया। इसके अलावा लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान अन्तर्गत सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को सभी पंचायतों में घर-घर कचरे का उठाव के अनुश्रवण, अंशदान की राशि के संग्रहण, अवशेष अपशिष्ट प्रसंस्करण ईकाई के त्वरित निर्माण एवं कार्यरत स्वच्छता पर्यवेक्षक / स्वच्छता कर्मियों के शीघ्र मानदेय भुगतान हेतु भी निदेशित किया गया। इसके साथ साथ जिलाधिकारी महोदय ने मनरेगा अन्तर्गत खेल मैदान एवं मजदूरी मद में भुगतान एवं पंचायती राज विभाग अन्तर्गत षष्टम एवं पन्द्रहवीं वित्त आयोग की राशि से योजना के क्रियान्वयन में गति लाने एवं भुगतान की आवश्यक प्रक्रिया करने हेतु निदेशित किया गया। साथ ही सोलर स्ट्रीट लाईट के अवशेष लक्ष्य के अच्छादन एवं भुगतान हेतु निदेशित किया गया।

## निजी क्लिनिक के उद्घाटन में पहुंचे थे एडीजी

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बिहार सरकार के सीआईडी विभाग के अपर पुलिस महानिदेशक पारस नाथ ने शनिवार को शिकारपुर थाना का विधिवत निरीक्षण किया। इस दौरान एडीजी ने पुलिस अधिकारियों को अपराधिक घटनाओं पर आवश्यक निर्देश दिया। इससे पहले एडीजी ने शिवगंज स्थित इण्डियाना मल्टीनेशनल अस्पताल का फीता काटकर उद्घाटन किया। उद्धघाटन के पश्चात एडीजी ने अस्पताल में मरीजों के पंजीकरण, उपचार, बेड, इमरजेंसी वार्ड, ओटी, व आधुनिक मशीनों से मिलने वाली सुविधाओं के बारे चिकित्सको से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि किसी डॉ. का सबसे पहला कर्तव्य है कि वह अपने क्षेत्र के लोगो को बेहतर सुविधा दे। ताकि लोगो को उपचार में किसी तरह की कठिनाई न हो और उन्हें बेहतर सुविधा मिल सके। उन्होंने अस्ताल के संचालक को आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के मरीजो को निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया।वही अस्पताल के डॉ मोहसीन इस्लाम ने बताया कि अस्पताल में लेप्रोस्कोपी सर्जन, हड्डी रोग एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ के साथ जनरल फिजिशियन के अनुभवी चिकित्सक रहेंगे। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगो को इस अस्पताल से बेहतर सुविधा मिलेगी। अब यहां के लोगो को ऑपरेशन व इलाज के लिए दिल्ली, पटना या गोरखपुर पड़ेगा। अब इस अस्पताल में अनुभवी चिकित्सको एवं आधुनिक मशीनों के द्वारा उनका ऑपरेशन व इलाज किया जाएगा। उद्धघाटन समारोह में सभापति रीना देवी, एसडीपीओ जयप्रकाश सिंह, बीजेपी नेत्री जूही यास्मीन, सेवानिवृत्त पुलिस इंस्पेक्टर सह व्यवस्थापक इस्लाम अंसारी, महिला चिकित्सक डॉ गजला परवीन,डॉ आकाश गौरव,डॉ शाहनवाज हुसैन, डॉ स्वप्निल कुमार समेत क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।



## सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पिछले दिनों हुई सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मौत गुरुवार इलाज के दौरान गोरखपुर में गई। घटना स्थानीय थाना क्षेत्र के बीआरसी कार्यालय गेट के पास की है। इस संबंध में जानकारी के अनुसार लगभग एक माह पूर्व इनोवा कार के चालक ने फार्म हाउस के बाउंड्री को तोड़ते हुए पलट गया था. उसी दौरान थाना के स्थानीय गाँव के एक बाईक पर सवार दो युवक हुसैनगंज बाजार जा रहे बाईक में कार ने जोरदार ठोकर मार दिया था. जिसमें दोनों युवकों को गंभीर चोंटे लगी थी. एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत हो गई थी जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया था. घायल युवक तारकेश्वर साह का पुत्र दिलीप साह उम्र 27 वर्ष बताया जाता है. उसका इलाज परिजनों द्वारा सीवान, पटना और गोरखपुर में कराया गया. इलाज के दौरान उसका भी गुरूवार की रात्रि गोरखपुर में मौत हो गया. शव गांव पहुंचते ही लोगों का हुजूम देखने को उमड़ पड़ा। मृतक के एक 4 वर्षीय पुत्र अंश कुमार व एक 2 वर्षीय पुत्री अदिति कुमारी है. मृतक दिलीप शादी विवाह में टेंट चला कर अपने परिवार की जीविका चलाता था. जिसके मौत के बाद अब परिवार के पालन पोषण की समस्या आ गई है।



## दाउदपुर में भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न, मांझी सीट से टिकट की मांग तेज

**छपरा (सारण)नवबिहार टाइम्स संवाददाता ।** मांझी विधानसभा क्षेत्र के दाउदपुर के समीप सोनिया गांव में शनिवार को भाजपा के सक्रिय कार्यकताओं का विधानसभा स्तरीय सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की तस्वीरों पर पुष्प अर्पित कर की गई। सम्मेलन में उपस्थित वक्ताओं ने आगामी विधानसभा चुनाव में एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए कार्यकताओं से अभी से ही बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान कार्यकताओं ने मांझी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी उतारने की पुरजोर मांग की। जिलाध्यक्ष बृज मोहन सिंह समेत अन्य नेताओं ने इस पर गंभीरता से विचार



कर पार्टी नेतृत्व तक बात पहुंचाने का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि बिहार सरकार के सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू, सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, विधान पार्षद सच्चिदानंद राय, युवा नेता हरिमोहन सिंह 'गुड्डू', त्रिलोकीनाथ सिंह, हेम नारायण सिंह, राणा प्रताप सिंह डब्लू, प्रो. शिवाजी सिंह, जनार्दन शास्त्री, जनार्दन तिवारी, प्रियंका सिंह, मनोज पांडेय, रमाशंकर शांडिल्य, जय किशोर सिंह, धीरज सिंह, संजय सिंह और मकेश्वर सिंह समेत अन्य वक्ताओं ने कार्यकताओं को संबोधित किया।

## टेम्पो पलटने से दंपति घायल

**हुसैनगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को सिवान- सिसवन मुख्य सड़क पर हुसैनगंज थानाक्षेत्र के छपियाँ में पास टेम्पो पलटने से दंपति घायल हो गए. उस घटना में रसूलपुर निवासी पारस प्रसाद उम्र 65 वर्ष की मौत हो गई. और मृतक की पत्नी प्रभावती देवी के सिर एवं हाथ में चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गई .मौत की खबर सुनते ही स्वजनों में कोहराम मच गया.सूत्रों ने बताया कि मृतक पारस प्रसाद अपनी पत्नी के साथ शनिवार को टोटो से ईलाज कराने सिवान जा रहे थे. उसी दौरान किसी अज्ञात वाहन ने टोटो में जोरदार टक्कर मारकर फरार हो गया. टोटो वहीं सड़क पर पलट गया. जिसमें उसका घटनास्थल पर ही मौत हो गई. स्थानीय लोगों ने 112 कि पुलिस वाहन को सूचना दिया.

## एईएस एवं जेई से बचाव के लिए किया गया जागरूक

**सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला प्रतिरक्षण विभा द्वारा स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार शनिवार को एईएस, जेई, चमकी बुखार एवं मस्तिष्क ज्वर पर एक दिवसीय प्रशिक्षण वीसी के माध्यम से आयोजन किया गया है. जिसमें जिले के सभी प्रखंडों में कार्यरत बीएमसी शामिल हुए.प्रशिक्षण प्रतिभागियों को विस्तार पूर्वक दिया गया. जिसमें एईएस एवं जेई का इलाज एवं रोकथाम की विस्तृत जानकारी दी गई. वहीं जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी ने भी प्रशिक्षण में मौजूद सभी प्रतिभागियों को एईएस रोकथाम के लिए विस्तारपूर्वक जानकारी दी.सभी प्रखंड समन्वयक यूनिसेफ को अपने संस्थान के अंतर्गत जागरूकता हेतु रैली निकालने का निर्देश दिया गया एवं सभी मस्जिदों में इस हेतु ऐलान करने का निर्देश दिया गया.ताकि अधिक से अधिक लोगों में जागरूकता हो सके एवं इस बीमारी से लोगों का बचाव हो सके.



**सदर अस्पताल में बनेगा 50 बेड का आईसीयू**

सदर अस्पताल परिसर में आधुनिक सुविधाओं से लैश 50 बेड के गहन चिकित्सा यूनिट (आईसीयू) बनाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रशासनिक स्वीकृति मिल गई है. प्रशासनिक स्थिति मिल जाने के बाद बहुत जल्द ही निर्माण कार्य शुरू हो जाने की उम्मीद है.आईसीयू निर्माण कार्य हेतु भारत सरकार योजनान्तर्गत प्रस्तावित दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्वास्थ्य विभाग द्वारा 23.75 करोड़ रुपए उपलब्ध करा दिए गए हैं. सिविल सर्जन डॉक्टर श्रीनिवास प्रसाद ने बताया कि बताया कि प्रशासनिक स्वीकृति मिलने के बाद बहुत जल्द ही प्रस्तावित जमीन की मापी कर डीपीआर बनाया जाएगा. सदर अस्पताल परिसर में आईसीयू का निर्माण हो जाने के बाद सीवान के लोगों को काफी राहत मिलेगी.गंभीर स्थिति के मरीजों के इलाज के लिए उन्हें गोरखपुर या पटना नहीं जाना पड़ेगा.

# जिलाधिकारी की किसानों से अपील, फसल अवशेषों को खेतों में न जलाएं

**फसल अवशेषों के जलने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति तथा मानव स्वास्थ्य पर पड़ता है प्रतिकूल प्रभाव**

**सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** शनिवार को जिलाधिकारी सिवान की अध्यक्षता में फसल अवशेष प्रबंधन को लेकर समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में अंतर विभागीय कार्य समूह की बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने फसलों के अवशेष को खेतों में जलाने से होने वाले नुकसान को लेकर उपस्थित सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को पूरी गंभीरता से कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इसका व्यापक प्रचार-प्रसार करवायें। उन्होंने किसान चौपालों में कृषि वैज्ञानिकों की उपस्थिति में किसानों को फसल जलाने से होने वाले नुकसान एवम पराली प्रबंधन की जानकारी देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में बच्चों को फसल अवशेष प्रबंधन की जानकारी दे। उन्होंने बताया कि फसल अवशेष को जलाने से खेतो की उर्वरा शक्ति को काफी नुकसान पहुंचती है एवं प्रकृति तथा मानव स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग की ओर से कई कृषि यंत्र किसानों को अनुदान पर



उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि किसान खेतों में फसल अवशेष को ना जला कर उसे यंत्र द्वारा खाद के रूप में उपयोग कर सकें। फसल अवशेष जलाने वाले किसानों को कृषि कल्याणकारी योजनाओं के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है। आगे इसके संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि फसल अवशेषों को खेतो में जलाने से मिट्टी की उर्वरा शक्ति तथा मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । फसल अवशेष को खेतो में जलाने से वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड की मात्रा बढ़ती है जिसके कारण पर्यावरण प्रदूषित होता। फसल अवशेष को खेतों में जलाने से सांस लेने में तकलीफ आंखों में जलन नाक एवं गले की समस्या बढ़ती है।मिट्टी का तापमान बढ़ने के कारण मिट्टी में उपलब्ध सूक्ष्म जीवाणु,केचुआ आदि मर जाते हैं,साथ ही जैविक कार्बन, जो पहले से हमारी मिट्टी में कम है और भी जलकर नष्ट हो जाता है,फल स्वरुप मिट्टी की उर्वरा शक्ति कम हो जाती है। उन्होंने आगे बताया कि एक टन व्हीट स्ट्रॉ जलाने से वातावरण को होने वाले नुकसान के कारण 3 किलोग्राम पार्टिकुलेट मैटर,60 किलोग्राम कार्बन मोनोक्साइ,1460 किलोग्राम, कार्बन डाइऑक्साइड 199 किलोग्राम राख, 2 किलोग्राम सल्फर डाईऑक्साइड उत्सर्जित होता है। व्हीट स्ट्रॉ जलाने से मानव स्वास्थ्य को काफी नुकसान भी होता है। सांस लेने में तकलीफ,आंखों में जलन, नाक में तकलीफ,गले की समस्या आदि उत्पन्न होती है। वही इसके विपरीत स्थिति यानि व्हीट स्ट्रॉ नहीं जलाकर उसे मिट्टी में मिलाने से निम्नांकित मात्रा में पोषक तत्व प्राप्त होता है। नाईट्रोजन : 20 से 30 किलोग्राम, पोटाश : 60 से 100 किलोग्राम, सल्फर : 5 से 7 किलोग्राम, आर्गेनिक कार्बन : 600 किलोग्राम प्राप्त होता है। आगे उन्होंने बताया कि पुआल नहीं जलाकर उसका प्रबंधन करने में उपयोगी कृषि यंत्र,स्ट्रॉ बेलर,हैप्पी सीडर,जीरो टिल सीड- कम - फर्टिलाइजर ड्रिल,रीपर-कम बाईडर,स्ट्रॉ रीपर,रोटरी मल्चर इत्यादि इन यंत्रों पर अनुदान की राशि बढ़ा दी गई है.।जिलाधिकारी ने किसान भाइयों एवं बहनों से अपील है करते हुऐ कहा है कि यदि फसल की कटनी हार्वेस्टर से की गई हो तो खेत में फसलों के अवशेष व्हीट स्ट्रॉ, भूसा आदि को जलाने के बदले खेत की सफाई करने हेतु बेलर गमशीन का उपयोग करें। अपने फसलों के अवशेष को खेत में जलाने के बदले उसमें वर्मी कंपोस्ट बनाएं या मिट्टी में मिलाये अथवा पलवार विधि से खेती कर मिट्टी को बचाकर संधारणीय कृषि पद्धति में अपना योगदान दें ।

## बीस सूत्री सदस्यों को सरकार की योजनाओं पर रखनी होगी नजर

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** मैनाटांड प्रखंड के रमपुरवा गांव में जदयू के वरीय नेता इंजीनियर रमेश प्रसाद के निजी आवास पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर विधानसभा प्रभारी हाजी अकीलू रहमान मौजूद रहें। इधर बीस सुत्री के संजय पटेल को प्रखंड अध्यक्ष बनने पर जदयू के वरीय नेता ई रमेश प्रसाद ने अंगवस्त्र फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। बैठक में जदयू के वरीय नेता ई रमेश प्रसाद ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी के रीढ़ है। हमें बूथ स्तर पर काम करना चाहिए। बीस सूत्री के प्रखंड अध्यक्ष संजय पटेल ने कहा सरकार की जितनी भी योजनाएं चल रही है उसका लाभ लोगो तक पहुंचे इस पर हम सभी को पैनी नजर रखनी होगी। बैठक में बीस सूत्री सदस्य व जदयू के कार्यकर्ता मौजूद रहें।



# नए समाहरणालय भवन के निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया भूमि पूजन

## 17 करोड़ 41 लाख 94 हजार रूपये की लागत से बनेगा नया भवन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** 17 करोड़ 41 लाख 94 हजार रूपये की लागत से नए समाहरणालय का निर्माण कार्य किया जायेगा। शनिवार को जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने शहर के सिंचाई कॉलोनी परिसर में नए समाहरणालय भवन निर्माण हेतु भूमि पूजन किया। इस संबध में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल विभाग द्वारा बताया गया कि इस भवन का निर्माण 17 करोड़ 41 लाख 94 हजार रूपये की लागत से निर्माण कराया जाएगा। जो कार्य प्रारंभ की तिथि से 15 माह के अंदर पूर्ण करा लिया जाएगा। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, अपर समाहर्ता



आपदा उपेंद्र पंडित, सदर एसडीओ सदर संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, भू-अर्जन पदाधिकारी सच्चिदानंद सुमन, कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल औरंगाबाद मौजूद रहे।

# सुरक्षा बलों पर हमले के मंसूबे को किया नाकाम

- चार किलोग्राम का शक्तिशाली प्रेसर आईईडी बरामद
- सीआरपीएफ की 47 बटालियन एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में हुई बरामदगी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पचरुखिया पहाड़ पर सुरक्षा बलों को क्षति पहुंचाने के मंसूबे से लगाए गए चार किलोग्राम का एक आईईडी बम पुलिस ने बरामद किया है। इसके बाद सुरक्षात्मक तरीके से यथास्थान पर डिफ्यूज कर दिया गया है। यह जानकारी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि एसपी के निर्देशन में सीआरपीएफ की 47 बटालियन एवं स्थानीय पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में नक्सलियों के मंसूबों पर पानी फेर दिया गया। इस कार्रवाई में पचरुखिया के पहाड़ से एक शक्तिशाली प्रेसर 4 आईईडी बरामद किया गया है। यह एक विनाशकारी उपकरण है, जो नक्सलियों द्वारा आत्मघाती एवं पुलिस बलों को नुकसान पहुंचाने के लिए इस्तेमाल किया जाता है। प्रेसर आईईडी के उपर पैर या किसी तरह का दवाब पड़ने पर विस्फोट हो जाता है। अब तक 90-95 पहाड़ों में नक्सलियों द्वारा लगाए गए प्रेसर आईईडी बरामद किए गए है। जब तक पचरुखिया पहाड़ व अन्य पहाड़ों से नक्सलियों द्वारा लगाए गए माइंस विहीन नहीं कर दिया जाता है तब तक यह अभियान जारी रहेगा। इससे नक्सलियों का मनोबल गिरा है। छापेमारी अभियान दल में थाना अध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस अधिकारी शामिल थे।

# नरबली देने वाला तांत्रिक गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** अंधविश्वास में नरबली के फरार तांत्रिक को मदनपुर पुलिस द्वारा गिरफ्तार किया गया हैं। पकड़े गए तांत्रिक की पहचान थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह निवासी रामाशीष भुईयां के रूप में की गई है। दरअसल बीते दिनों थाना क्षेत्र के पूर्णाडीह एवं जलवन के समीप होलिका दहन की रात अंधविश्वास में तांत्रिक रामाशीष ने गुलाब बिगहा निवासी 65 वर्षीय युगल यादव का सिर काट कर अनुष्ठान किया था। कांड की गंभीरता के आधार पर इस घटना में शामिल चार अभियुक्तों को जेल भेजा जा चुका है, वहीं एक किशोर को निरुद्ध किया गया हैं। जबकि कांड के मुख्य अभियुक्त रामाशीष भुईयां फरार चल रहा था। पुलिस की दबिश पर आज न्यायलय में उसने आत्मसमर्पण कर दिया। इसके बाद उसे रिमांड पर लेकर आवश्यक पूछताछ की जा रही हैं। बताया जाता हैं कि पूर्णाडीह गांव निवासी सुधीर पासवान की पत्नी को बच्चा न होने पर तांत्रिक रामाशीष भुईयां



ने तांत्रिक अनुष्ठान कर मानव बलि देने का सुझाव दिया था, जिसमें अभियुक्तों ने घटना को अंजाम दिया। पूछताछ में तांत्रिक ने अपराध स्वीकार किया है। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार ने बताया कि तांत्रिक को हिरासत में लेकर आवश्यक पूछताछ की गई जिसमें उसने अपना अपराध स्वीकार किया है। युगल यादव के अलावा इलाके में एक किशोर सहित अन्य नरमुंड पूर्व में बरामद किया गया है, जिसमें पुलिस सभी बिंदुओं पर पूछताछ व जांच-पड़ताल कर रही है। इस कार्रवाई में थानाध्यक्ष राजेश कुमार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

# शादी में ससुराल आए युवक की मौत

## अत्यधिक शराब पीने के कारण हुई मौत : परिजन

- पुलिस ने एक महिला समेत तीन को गिरफ्तार कर भेजा जेल
- परिजनों ने सरकार से लगाई मदद की गुहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** साले की बेटी की शादी में ससुराल आए युवक की मौत हो गई। यह घटना शुक्रवार की शाम कुटुंबा थाना क्षेत्र के गोड़ीहा गांव के भुईया बिगहा टोले की है। जानकारी के अनुसार मृतक राधेश्याम राम औरंगाबाद के रामाबांध गिराज मुहल्ले का रहने वाला था। मृतक की पत्नी पानो देवी ने बताया कि विगत नौ अप्रैल को वह अपने ससुराल सरईवार आया था। शुक्रवार को प्यारे भुईयां मृतक को बहला-फुसला कर अपने घर ले गया और उसे शराब पिलाया। शराब पीने के कारण प्यारे भुईयां के घर पर ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना की सूचना मिलने पर मृतक के ससुराल वाले ग्रामीणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर कुटुंबा थानाध्यक्ष अक्षयवर सिंह दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। जांच के दौरान आरोपित के घर से तीन लीटर देसी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के परिजनों का आरोप है कि अत्यधिक शराब पीने के कारण मौत हुई है परंतु पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो पाएगा। उक्त मामले में प्यारे भुईयां, उसके पुत्र अर्जुन भुईयां और पुत्रवधू प्रतिमा देवी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। मृतक मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था। परिजनों ने सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

# बाबा चौहरमल महोत्सव में उमड़ी भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मोकामा टाल क्षेत्र के चाराडीह में आयोजित तीन दिवसीय बाबा चौहरमल महोत्सव का समापन हुआ। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने बाबा चौहरमल की पूजा-अर्चना की। उन्होंने प्रदेश की शांति के लिए प्रार्थना की। पटना से कड़ी सुरक्षा के बीच चाराडीह पहुंचे चिराग पासवान को देखने के लिए लाखों समर्थक जुटे। भीड़ को संभालने के लिए उन्हें कार की छत पर चढ़कर अभिवादन करना पड़ा। चारों तरफ से हाथ हिलाकर उन्होंने जनता का अभिवादन स्वीकार किया। जेड श्रेणी की सुरक्षा में तैनात कर्मियों को भीड़ को नियंत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी।

# पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत 12672 किसानों का होगा ई-केवाईसी

## कृषि टास्क फोर्स की बैठक में जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने दिए कई निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय के सभाकक्ष में कृषि टास्क फोर्स की बैठक का आयोजन जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा किया गया। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा कृषि विभाग के बारे चल रही योजनाओं की गहन समीक्षा की गयी। जिला कृषि पदाधिकारी राम ईश्वर प्रसाद के द्वारा बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत सभी प्रखंडों में दो-दो पंचायतों का कुल 22 पंचायतों के 12672 किसानों का किसान रजिस्ट्री ई-केवाईसी करने का निर्देश प्राप्त हुआ है, जिसके विरूद्ध 237 किसानों का किसान रजिस्ट्री ई-केवाईसी किया गया है। किसान



रजिस्ट्री ई-केवाईसी करने के लिए कृषि विभाग में कार्यरत कृषि समन्वयक एवं अंचल कार्यालय में राजस्व कर्मचारी के द्वारा किया जाना है। इसी क्रम में कम उपलब्धि पर जिलाधिकारी द्वारा काफी नाराजगी जताई गई एवं अंचल अधिकारी तथा जिला कृषि पदाधिकारी को इसकी प्रतिदिन मोनिटरिंग करने एवं यदि किसी भी कर्मी के द्वारा लापरवाही बरती जाती है तो इसकी सूचना तुरंत देने का निर्देश दिया गया है। समीक्षोपरान्त यह पाया गया कि 166715 हे0 के विरूद्ध 108034 हे0 (65 प्रतिशत) फसल कटनी हुआ है, शेष फसल कटनी का कार्य प्रगति पर है। कृषि यांत्रिकरण योजना अन्तर्गत भौतिक लक्ष्य 2541, वित्तीय लक्ष्य 581.70 के विरूद्ध भौतिक लक्ष्य 1980 एवं वित्तीय लक्ष्य 503.043 लाख (86.54 प्रतिशत) व्यय किया गया। गरमा मौसम में विभिन्न योजना के विभिन्न घटक द्वारा 1242.04 क्विं0 गरमा बीज वितरण करने लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके विरूद्ध में 13313 किसानों के बीच 1226.36 क्वि (98.74 प्रतिशत) गरमा बीज वितरण किया गया। पशुपालन पदाधिकारी, गव्य विकास पदाधिकारी, मत्स्य पदाधिकारी, सहायक निदेशक (उद्यान) आदि सभी पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अपने अपने विभाग से सम्बंधित कार्यों का प्रचार-प्रसार कर सही किसानों को लाभान्वित करना सुनिश्चित करे। साथ ही कृषि टास्क फोर्स की बैठक में उपस्थिति सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि अपने-अपने विभाग में योजनाओं का पारदर्शिता के साथ प्रचार-प्रसार कर किसानों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

# चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव आज

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा का चुनाव आज रविवार को नगर भवन औरंगाबाद में होगा। चुनाव गुप्त मतदान के माध्यम से करवाया जायेगा। इसके मुख्य चुनाव पदाधिकारी बिंदेश्वरी प्रसाद सिंह, चुनाव आयुक्त सुरेंद्र सिंह, बिहार प्रदेश चुनाव पदाधिकारी सुरेंद्र प्रसाद एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह कुटुंबा प्रखंड प्रमुख धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी होंगे। प्रेस-वार्ता के दौरान कुटुंबा प्रमुख सह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार चंद्रवंशी ने बताया कि यह चुनाव सत्र- 2025-2028 के लिए होगा जो पूरी तरह संवैधानिक तरीके से होगा। यह चुनाव सुबह 9:00 बजे से दिन के 3 बजे तक चलेगा। इसमें करीब तीन हजार मतदाता मतदान करेगें जिसमें तीन मतदान केन्द्र बनाये गयें हैं। इस चुनाव में देश भर के महासभा के प्रतिनिधि एवं मतदाता भाग ले रहें हैं। चुनाव कुल 18 पदों के लिये कराया जा रहा है जिसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय महामंत्री, राष्ट्रीय महिला अध्यक्षा, राष्ट्रीय महिला महामंत्री, राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष, राष्ट्रीय युवा महामंत्री, बिहार प्रदेश अध्यक्ष, बिहार प्रदेश महामंत्री, बिहार महिला अध्यक्षा, बिहार महिला महामंत्री, बिहार युवा अध्यक्ष, बिहार युवा महामंत्री, औरंगाबाद जिला अध्यक्ष, औरंगाबाद जिला महामंत्री, औरगाबाद जिला महिला अध्यक्षा, औरंगाबाद जिला महिला महामंत्री, औरंगाबाद जिला युवा अध्यक्ष एवं औरंगाबाद जिला युवा महामंत्री का चुनाव होगा।

# तीन माह में 91 मौतें, 50 घायल

## औरंगाबाद में सड़क हादसों के बढ़ते आंकड़ों ने बढ़ाई चिंता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनवरी से मार्च 2025 के बीच औरंगाबाद जिले में हुए सड़क हादसों में 91 लोगों की मौत और 50 लोगों के घायल होने के आंकड़ों ने जिला प्रशासन और आमजन दोनों को चिंता में डाल दिया है। यह जानकारी जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने एक समीक्षा बैठक के दौरान दी, जहां उन्होंने हालात को ''अत्यंत गंभीर'' बताया और तत्काल प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि दुर्घटना संभावित स्थानों यानी 'ब्लैक स्पॉट्स' पर साइनबोर्ड, चेतावनी बोर्ड और रम्बल स्ट्रिप्स लगाना अनिवार्य किया जाए। उन्होंने बताया कि परिवहन विभाग, बिहार सरकार के निर्देशानुसार हेलमेट और सीट बेल्ट की जांच को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें प्रवर्तन अवर निरीक्षक और जिले के सभी थाने शामिल हैं। नियमों के उल्लंघन पर वाहन जब्ती और जुर्माना वसूली की जा रही है। अब तक अप्रैल 2024 से लेकर मार्च 2025 तक कुल 10 करोड़ के लक्ष्य में से 7.27 करोड़ की वसूली की जा चुकी है। हालांकि, कई नागरिक संगठनों ने प्रशासन के इन प्रयासों को अधूरा बताया है। जिला नागरिक परिषद के अध्यक्ष सुभाष चंद्र त्रिवेदी ने कहा, ''हेलमेट और सीट बेल्ट केवल मौतों की संख्या कम करने के उपाय हैं, दुर्घटनाओं को रोकने के नहीं। प्रशासन को जीटी रोड जैसे नेशनल हाईवे पर ओवरलोडेड ऑटो, ई-रिक्शा और 'छकड़ा' जैसे वाहनों पर रोक लगानी चाहिए।'' उन्होंने नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने, खासकर ट्रैक्टर जैसे भारी वाहनों के मामलों पर सख्त निगरानी की जरूरत बताई। इसके अलावा, गलत लेन में गाड़ी चलाना और कहीं भी वाहन खड़ा कर देना भी प्रमुख कारण हैं, जिन पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। सड़क सुरक्षा समिति के अध्यक्ष पुष्कर अग्रवाल ने बताया कि जिले से गुजरने वाला एनएच 139 सबसे ज्यादा हादसों का गवाह बना है।'' इस सड़क पर यातायात बेहद भारी है। इसे तुरंत चौड़ा करने, किनारों को मजबूत करने और ट्रैफिक मर्जर वाले हर स्थान पर पुलिस तैनात करने की आवश्यकता है,'' उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे सड़क हादसों में मौत का आंकड़ा बढ़ रहा है, विशेषज्ञों का मानना है कि अब केवल चालान और जांच से आगे बढ़कर समग्र और दीर्घकालिक रोड सेफ्टी रणनीति अपनाने की आवश्यकता है।

# धार्मिक स्थलों के संरक्षण को सक्रिय हैं गोपाल शरण सिंह

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर (औरंगाबाद)।** प्रख्यात व ऐतिहासिक धार्मिक पर्यटन स्थल मां उमंगेश्वरी पर्वत पर सबसे पहले समाजसेवी व भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य गोपाल शरण सिंह ने शुद्ध पेयजल उपलब्ध करवाया था। इसके बाद अन्य लोगों ने भी प्रयास किए। गोपाल शरण सिंह एक धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं, उनके प्रयास से यहां शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। इस बार भी वे महायज्ञ के लिए प्रयासरत हैं। उक्त जानकारी राकेश सिंह ने दी है। उन्होंने बताया कि गोपाल शरण सिंह उमंगेश्वरी पर्वत श्रृंखला पर धार्मिक स्थलों के संरक्षण करने



और समुचित विकास के लिए प्रयास करते रहते हैं। जब माता भगवती तक भक्त लोग पूजा अर्चना करने जाते थे तब पानी व्यवस्था नहीं रहने पर प्यास से परेशान हो जाया करते थे। इस समस्या के समाधान करने के लिए वे उमंगेश्वरी पर्वत के नीचे एक बोरबेल करवाया।

# धार्मिक अनुष्ठान और भक्ति सनातन धर्म की खूबसूरती : पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** पूर्व सांसद सुशील सिंह शुक्रवार की रात्रि प्रखंड क्षेत्र के मित्रसेन गांव में आयोजित श्री राम महायज्ञ सह हनुमत प्राण प्रतिष्ठा में पहुंचे और धार्मिक अनुष्ठान में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान से मन को शांति मिलती है वहीं वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार होता है। जिससे मानवीय विकारों का नाश होता है। धार्मिक अनुष्ठान एवं भक्ति सनातन धर्म की खूबसूरती है। ऐसे धार्मिक आयोजन सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। इसी क्रम में पूर्व सांसद ने अम्बा चौक के समीप बजरंग बली मंदिर में चल रहे अखंड कीर्तन-भजन में भी भाग लेकर प्रसाद ग्रहण



किया। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता रविन्द्र शर्मा, विनय शर्मा, मंडल अध्यक्ष प्रवीण कुमार, मुखिया प्रतिनिधि आकाश सिंह, ईश्वर दयाल सिंह, प्रफुल सिंह, उपेंद्र सिंह, चंदन तिवारी, अजित पांडेय इत्यादि लोग शामिल थे।

# दो सीओ पर जुर्माना

**पटना (नबिटा ब्यूरो)।** दाखिल-खारिज नहीं होने से परेशान दो लोगों की पीड़ा सुन डीएम डॉ. चंद्रशेखर सिंह ने फुलवारीशरीफ और घोसवरी के अंचलाधिकारी पर एक-एक हजार का जुर्माना लगाया है। यह राशि दोनों सीओ के वेतन से वसूल की जाएगी और उनके सर्विस बुक में प्रतिकूल टिप्पणी भी दर्ज होगी। दाखिल-खारिज के ही एक अन्य मामले में डीएम ने दानापुर के अंचलाधिकारी से स्पष्टीकरण पूछा है। उन्होंने कहा है कि तीनों अंचलाधिकारियों की लापरवाही के कारण लोग परेशान हुए तथा उनकी कार्यशैली भी ठीक नहीं है।

# सेवानिवृत्त जिला जज अशोक राज बने स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकार, औरंगाबाद के स्थायी लोक अदालत अध्यक्ष पद पर सेवानिवृत्त प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अशोक राज का चयन किया गया है। उनके नियुक्ति की खबर मिलते ही व्यवहार न्यायालय परिसर में हर्ष का माहौल है। अशोक राज जनवरी 2018 में व्यवहार न्यायालय, औरंगाबाद में एडीजे के रूप में पदस्थापित हुए



थे। इसके बाद फरवरी 2022 में उन्हें स्पेशल एमपी/ एमएलए कोर्ट के एडीजे का दायित्व सौंपा गया। वे 2024 में पुनः औरंगाबाद लौटे और प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद पर पदस्थापित हुए। 31 अगस्त 2024 को वे सेवानिवृत्त हुए थे। अब एक बार फिर औरंगाबाद में स्थायी लोक अदालत के अध्यक्ष पद पर उनकी वापसी से अधिवक्ता समुदाय में उत्साह की लहर है। उनकी नियुक्ति पर जिला विधिज्ञ संघ औरंगाबाद के अध्यक्ष विजय कुमार पाण्डेय, महासचिव जगनारायण सिंह, अधिवक्ता संघ अध्यक्ष संजय सिंह, महासचिव सिद्धेश्वर विद्यार्थी, लोक अभियोजक पुष्कर अग्रवाल, स्पेशल पीपी कुमार योगेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व अध्यक्ष रसिक बिहारी सिंह, पूर्व सचिव नागेन्द्र सिंह, प्रमेंद्र मिश्र, अभिनंदन कुमार, सतीश कुमार स्नेही सहित कई अधिवक्ताओं ने उन्हें बधाई दी है। सभी ने विश्वास जताया कि अशोक राज के नेतृत्व में स्थाई लोक अदालत जनहित से जुड़े मामलों के त्वरित और निष्पक्ष निपटारे की दिशा में उल्लेखनीय कार्य करेगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**

नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com

**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865

**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# औरंगाबाद में 22 खेल मैदानों के निर्माण का एनओसी लंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** समाहरणालय सभाकक्ष में फॉलो अप मीटिंग एवं जिला समन्वय समिति की बैठक जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस बैठक में जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के कार्यों एवं उसकी प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी द्वारा फॉल अप मीटिंग में प्राप्त विभागवार एजेंडा का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया एवं निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिला समन्वय समिति की बैठक में जिला पदाधिकारी द्वारा जिला लोक शिकायत निवारण अधिनियम अंतर्गत जिला स्तर, सदर अनुमंडल के स्तर एवं दाउदनगर अनुमंडल सदर के स्तर पर दायर लंबित परिवाद का पीपीटी के माध्यम से समीक्षा किया गया एवं सभी संबंधित पदाधिकारी को अपने विभाग अंतर्गत लंबित मामलों की सूची प्राप्त कर इसका त्वरित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त समीक्षा क्रम में पाया गया कि जिला में विभिन्न विभागों से सीपीग्राम से संबंधित 04 आवेदन, ई-डैशबोर्ड पर 187 आवेदन एवं 'जनता के दरबार में मुख्यमंत्री' कार्यक्रम से संबंधित 84 आवेदन लंबित हैं। इस संदर्भ में जिलाधिकारी द्वारा लंबित मामलों को यथाशीघ्र पूर्ण करने का आदेश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा प्रखंड, अनुमंडल एवं जिला स्तर पर लोक सेवा के अधिकार (आरटीपीएस) अंतर्गत विभिन्न सेवाओं जैसे- आवासीय, जाति, आय, ओबीसी, ईडब्ल्यूएस एवं जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इत्यादि से संबंधित लंबित मामलों की समीक्षा की गई एवं इसका त्वरित गति से निष्पादन करने का निर्देश सभी अंचल अधिकारियों एवं प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इसके अतिरिक्त पेंशन, पारिवारिक लाभ, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन राशन कार्ड, एलपीसी के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई एवं इसका यथाशीघ्र निष्पादन करने हेतु संबंधित अनुमंडल पदाधिकारी को अग्रेतर कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान डीपीएम (स्वास्थ्य) द्वारा द्वारा बताया गया कि जिले के सभी नगर पंचायत में अर्बन हेल्थ एंड वेयलनेस सेंटर स्थापित किए जाने हैं। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित नगर कार्यपालक पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी को भूमि चयन कर शीघ्र एनओसी प्रदान करने का निर्देश दिया गया। इसके अतिरिक्त बिजली विभाग से संपर्क स्थापित कर सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में बिजली उपलब्ध कराने का निर्देश दिए गए। उप विकास आयुक्त द्वारा बताया गया कि जिले में 22 ऐसे खेल मैदान निर्माण कराया जाना है जहां अंचलाधिकारी द्वारा एनओसी की प्रक्रिया विभिन्न कारणों से लंबित है। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित अंचलाधिकारियों को मामला को निराकरण करते हुए यथाशीघ्र एनओसी प्रदान करने का निर्देश दिए गए। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा अन्य विभागों की भी समीक्षा किया गया एवं संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। इस बैठक में उप विकास आयुक्त अभ्येंद्र मोहन सिंह, सदर एसडीओ सदर संतन कुमार सिंह, डीपीआरओ इफ्तेखार अहमद, सिविल सर्जन विनोद कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता, मेराज जमील, रत्ना प्रिदर्शनी, रितेश कुमार यादव, बेबी प्रिया, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश प्रकाश, डीपीओ आईसीडीएस विनीता कुमारी, जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी, सभी विभाग के कार्यपालक अभियंता एवं वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, सभी प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी, कार्यक्रम पदाधिकारी मनरेगा एवं जिला स्तरीय अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# हनुमान जयंती पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हनुमान जयंती पर शहर के सुप्रसिद्ध महावीर मंदिर श्रद्धालुओं से भरा रहा। सुबह 7 बजे से लेकर 12 बजे तक भक्तों का जमावड़ा लगा रहा। पूजन व दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। मंदिर के पुजारी संतोष पाण्डेय ने बताया कि पूजा अर्चना को लेकर आज भक्तों की काफी भीड़ लगी। मान्यता है कि हनुमान जयंती के दिन भगवान के दर्शन से सभी कष्ट दूर हो जाते हैं। हनुमान जयंती का आयोजन विशेष धार्मिक अनुष्ठानों के साथ किया गया, जिसमें भजन, कीर्तन और आरती का आयोजन किया गया।



भक्तजनों ने आज पूजा और आराधना करके अपने जीवन में सुख-शांति और समृद्धि की कामना किया। कई भक्तों ने अपने कष्टों को दूर करने के लिए मन्नतें भी मांगी।